सूर्योदय 5:48 सूर्यास्त 6:52

आज का तापमान

शिमला	15.2 न्यू	25.5 अधि
धर्मशाला	13.2 न्यू	29.1 अधि

बाजार

सेंसेक्स	79595.59
निफ्टी	24167.25

सोना 1,00,000 चांदी 98,500

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

रसेल की पत्नी जैसिम हॉट का स्टाइल

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 23 अप्रैल 2025 | 11 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 114, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

आज का मैच

सनराइजर्स हैदराबाद vs मुंबई इंडियंस

समय: रात 7:30 बजे (हैदराबाद)

पहलगाम में आतंकी हमला, 20 से ज्यादा के मारे जाने की आशंका

एक पर्यटक की मौत की पुष्टि, लश्कर-ए-तैयबा के हिट स्क्वॉड ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी, पहलगाम

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम कस्बे के निकट आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर करीब तीन बजे हमला कर दिया। इस हमले में 20 से अधिक पर्यटकों के मारे जाने और कम से कम 20 के घायल होने की आशंका है। फिलहाल एक पर्यटक मारे जाने की पुष्टि हुई है। यह आतंकी हमला उस समय हुआ, जब पर्यटक यहां आम दिनों की तरह खूबसूरत नजारों का आनंद ले रहे थे। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि मृतकों की संख्या 20 से अधिक हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने आतंकी हमले को हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा बताते हुए कहा कि मृतकों की संख्या का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आतंकियों ने पहले टूरिस्ट से धर्म पूछा और उसके बाद उसके सिर में गोली मार दी। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में आतंक का नया पर्याय बने लश्कर-ए-तैयबा के हिट स्क्वॉड द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। वहीं, सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर रखा है। हेलिकॉप्टर के जरिए इलाके पर नजर रखी जा रही है। उधर, पीएम मोदी ने सऊदी अरब से गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की है। उन्होंने शाह से मौके पर जाने को कहा है। उन्होंने कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम से बातचीत के बाद शाह श्रीनगर के लिए रवाना हो गए हैं। यहां अफसरों के साथ हाई लेवल बैठक करेंगे। उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी से बातचीत कर हालातों की जानकारी ली। (अनंत ज्ञान)

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद इलाके की घेराबंदी करते सेना के जवान।

आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने की हमले की निंदा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। मैं उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाए अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए, ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं।

न्यूज शॉर्ट्स

गुजरात के अमरेली में विमान क्रैश, पायलट की मौत

अमरेली। गुजरात के अमरेली जिले में मंगलवार दोपहर को एक निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। विमान पहले एक पेड़ पर गिरा और उसके बाद एक खाली जमीन पर, जिसे विमान में आग लग गई। अमरेली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजय खरात ने बताया कि विमान में पायलट अकेले थे और विमान ने अमरेली हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। दुर्घटना में कोई अन्य हताहत नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

निशिकांत दुबे की टिप्पणी पर सुनवाई अगले हफ्ते

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की ओर से हाल में शीर्ष अदालत और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की आलोचना करने के संबंध में दायर याचिका पर मंगलवार को अगले हफ्ते सुनवाई करने पर सहमति जताई। मामले को तत्काल सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दुबे ने कहा था कि सीजेआई देश में 'गृह युद्ध' के लिए जिम्मेदार हैं। टिप्पणी के वीडियो प्रसारित होने के बाद सोशल मीडिया पर शीर्ष अदालत के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

एमपी में नदी में गिरी गाड़ी, आठ की मौत

दमोह (मप्र)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले में मंगलवार को एक एसयूवी पुल से सूखी नदी में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। यह हादसा सिमरी गांव के पास सुबह करीब 11 बजे हुई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि एसयूवी चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल से नीचे, सूखी सुनार नदी में गिर गया। सभी लोग जबलपुर जिले के रहने वाले थे। (अनंत ज्ञान)

'शरबत जिहाद' टिप्पणी पर बाबा रामदेव को फटकार

नई दिल्ली। बाबा रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कड़ा आदेश जारी करने की चेतावनी देते हुए कहा इससे न्यायालय की अंतरात्मा को आघात पहुंचा है, इसका कोई औचित्य नहीं था। अदालत ने रामदेव का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया है। बाबा रामदेव ने दिल्ली हाईकोर्ट को आश्वासन दिया कि वह 'हमदर्द' के रूह अफजा पर अपनी कथित 'शरबत जिहाद' टिप्पणी से संबंधित वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट तुरंत हटा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल बोर्ड मैट्रिक का रिजल्ट 10 मई तक -पेज 3
- आज भी दलितों पर अत्याचार होना दुर्भाग्यपूर्ण: शांता कुमार -पेज 4
- संसद सर्वोच्च, उसके ऊपर कोई संस्था नहीं : धनखड़ -पेज 13
- 100वें टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच -पेज 14

नेशनल हेराल्ड को पुनर्जीवित करने के लिए कांग्रेस ने दिए 90 करोड़ : गहलोत

कहा- देश में किया जा रहा गलत प्रचार, गांधी परिवार के पास अवैध संपत्ति नहीं

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

देश में चर्चित नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। भाजपा के लगातार हमलावर तेवरों से सचेत कांग्रेस ने पलटवार करने की शुरुआत कर दी है। कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों पर राजस्थान के पूर्व सीएम व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने शिमला पहुंचकर कांग्रेस का मजबूत पक्ष सबके सामने रखा।

गहलोत ने पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि 1938 में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरुआत हुई थी, जिसका मकसद आजादी के आंदोलन को तीव्र गति देना था। अखबार ने यह काम बखूबी किया और आजादी की मशाल को जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश की। कई कारणों से अखबार बंद भी हो जाते हैं। इसी तरह नेशनल हेराल्ड भी बंद हो गया। अखबार को पुनर्जीवित करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ दिए और 10 साल के अंदर एक दूसरी कंपनी बनाई गई। 70 करोड़ कर्मचारियों के लंबित वेतन, भत्तों को चुकाने के लिए खर्च किए गए। पूर्व सीएम ने बताया कि इस मामले में आयकर विभाग ने 413 करोड़ की संपत्ति का विश्लेषण भी किया है, जबकि पूरे देश में यह माहौल बनाया जा रहा है कि गांधी परिवार के पास पांच हजार करोड़ की संपत्ति है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड कंपनी एक गैर लाभकारी कंपनी है, जिसके तहत किसी को लाभ नहीं पहुंचाया गया। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दायर करना पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष से की कार्रवाई है। यह अत्यंत दुःखद पहलू है। (अनंत ज्ञान)

बोले- 70 करोड़ कर्मचारियों के लंबित वेतन, भत्तों को चुकाने पर खर्च

राजीव भवन शिमला में पत्रकार वार्ता करते राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत।

ईडी, सीबीआई का हो रहा दुरुपयोग

गहलोत ने कहा कि ईडी ने डर का माहौल बना रखा है। विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर इनकम टैक्स के छापे डाले जा रहे हैं और सीबीआई का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। देश को इन तीनों एजेंसियों पर पर गर्व होना चाहिए, लेकिन इनका खुलकर दुरुपयोग कर रहे हैं। इतिहास में इससे पहले कभी भी ऐसा नहीं हुआ, जिसमें देश को आजादी दिलाने वाले गांधी परिवार को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।

देश को गलत दिशा में ले जा रहीं फासीवादी ताकतें

गहलोत ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि फासीवादी ताकतें देश की सत्ता में बैठ गई हैं। इससे देश को खतरा पैदा हो रहा है और देश को विपरीत दिशा में ले जा रहे हैं, अब इसका क्या परिणाम होगा यह आने वाले समय में मालूम हो जाएगा। ऐसी बदली परिस्थितियों में देश में भय का माहौल बन रहा है और ध्रुवीकरण की राजनीति हो रही है, जोकि देश हित में नहीं है। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्री विक्रमादित्य सिंह, अनिरुद्ध सिंह, विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया सहित मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान आदि मौजूद रहे।

रचा इतिहास, सोना अब बना 'लखपति'

एजेंसी, नई दिल्ली

सोने ने मंगलवार को नया रिकॉर्ड बनाया और पहली बार इसकी कीमत 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

इससे पहले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 96,670 रुपए था, जो दिखाता है कि बीते 24 घंटे में सोने की कीमत में 3,300 रुपए प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 97,600 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20

कैरेट सोने का भाव बढ़कर 89,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 81,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इस बीच, मंगलवार को चांदी की कीमतें 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह फेड रेट कट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बीच मतभेद होना बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल में 2183 सड़कों को वैधता दिलाने के लिए कानूनी कदम उठाएगी सुक्खू सरकार

मुख्यमंत्री बोले- 10 मई से पहले न्यायालय में दायर होगी याचिका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

वन विभाग की ओर से वन संरक्षण अधिनियम (एफआरए) 1980 का उल्लंघन करके निर्मित सड़कों के नियमितीकरण की मांग को लेकर 10 मई से पहले न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर की जाएगी।

यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को वन विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसी सड़कों के नियमितीकरण के लिए कानूनी सहायता लेने की आवश्यकता पर बल दिया। सुक्खू ने इस संबंध में विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

वन विभाग को कदम उठाने के दिए निर्देश

प्रदेशभर में ऐसी 2183 सड़कें हैं। शिमला जोन में 613, मंडी जोन में 821, हमीरपुर जोन में 254 और कांगड़ा जोन में 495 सड़कें शामिल हैं। ये सड़कें राज्य में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) 2006 के अंतर्गत निर्मित की गई हैं, जिसे हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2016 में लागू किया गया था। इस अधिनियम का उद्देश्य ऐसे समुदायों को वन अधिकार प्रदान करना है, जो कम से कम तीन पीढ़ियों से वन भूमि पर निवास कर रहे हैं तथा उस पर निर्भर हैं।

बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव केके पंत, विधि सचिव शरद कुमार लगवाल, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय सूद व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के पक्ष में बन रहा देश का माहौल : अनुराग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर प्रवास के दौरान श्रीनगर में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश का माहौल एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में है।

उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर भाजपा के देशव्यापी अभियान का असर देखने को मिल रहा है। आज देश का माहौल एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में है। एक राष्ट्र, एक चुनाव फॉर्मूला लागू करना देश के लिए फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि यह न केवल विभिन्न चुनावों पर होने वाले खर्चों में कटौती करेगा, बल्कि इससे काफी समय भी बचेगा। अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर यकीन करती है। आज अगर देश इतनी तेज गति से विकास कर रहा है, तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। यह बिल भी उसी दिशा में उठाया गया एक कदम है।

भारत और अमेरिका मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते : वेंस

जयपुर। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की एक दिशादृष्टि पेश करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को भारत से अपने बाजारों तक अधिक पहुंच प्रदान करने व अमेरिका से ज्यादा ऊर्जा और रक्षा उपकरण खरीदने का आह्वान किया। वेंस ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका और भारत उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा, व्यापार और ऊर्जा समेत विविध क्षेत्रों में मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। भारत और अमेरिका साझी प्राथमिकताओं के आधार पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

विमल नेगी केस में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की बेंच ने सरकार को नोटिस जारी कर इस केस में स्टेटस रिपोर्ट फाइल करने को कहा।

अब यह मामला 20 मई को सुना जाएगा। बता दें कि बीते कल ही विमल नेगी की परिजनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। परिजनों ने इस केस की जांच केंद्रीय एजेंसी (सीबीआई) को सौंपने का आग्रह किया है। यह याचिका विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी की तरफ से दायर की गई है। विमल नेगी के भाई एससी नेगी ने बताया कि उन्हें पुलिस जांच पर बिलकुल भरोसा नहीं है। विमल नेगी 10 मार्च से लापता थे, जबकि पोस्टमार्टम में उनकी मौत तीन दिन बताई गई है। ऐसे में तीन दिन तक वह कहां रहे, पुलिस इस बात का पता नहीं लगा पाई। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट से देसराज की बेल रिजेक्ट होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया। डायरेक्टर देसराज जब अग्रिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तो प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी वकील सुप्रीम कोर्ट में उसकी बेल का विरोध करने के लिए खड़ा नहीं हुआ। जब विमल नेगी का शव मिला, तो परिजनों को मौके पर नहीं बुलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच पर उन्हें भरोसा नहीं है। (अनंत ज्ञान)

मामले की 20 मई को फिर होगी सुनवाई

राहुल के मतदाता सूची से छेड़छाड़ के आरोप निराधार : चुनाव आयोग

एजेंसी, नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को राहुल गांधी के उस आरोप को खारिज किया, जिसमें कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ की गई थी।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे कुल 6,40,87,588 मतदाताओं ने मतदान किया। औसतन हर घंटे लगभग 58 लाख वोट डाले गए। चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि औसत के अनुसार देखा जाए, तो आखिरी दो घंटों में लगभग 1 करोड़ 16 लाख (116 लाख) लोग वोट डाल सकते थे, इसलिए दो घंटे में सिर्फ 65 लाख वोट पड़ना औसत के मुकाबले काफी कम है और यह राहुल गांधी के आरोपों के विपरीत है। सूत्रों ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर मतदान की प्रक्रिया उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त पोलिंग एजेंटों की मौजूदगी में हुई। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों ने मतदान के अगले दिन रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) और चुनाव पर्यवेक्षकों के सामने किसी भी तरह के असामान्य मतदान को लेकर कोई शिकायत नहीं की। अंतिम मतदाता सूची की एक प्रति (कॉपी) सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तर के दलों को दी जाती है, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

पंजाब में आतंकी हमलों का गुनहगार हरप्रीत सिंह अमेरिका में गिरफ्तार

वाशिंगटन। भारत के पंजाब में आतंकवादी हमलों का गुनहगार हरप्रीत सिंह को संयुक्त राज्य अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया है। आतंकवादी हरप्रीत सिंह को एफबीआई और ईआरओ ने कैलिफोर्निया की राजधानी सैक्रामेंटो में धरा है। एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने यह जानकारी 'एक्स' पर साझा की है। एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने अमेरिका में वांछित भारतीय गैंगस्टर हरप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के लिए संघीय जांच एजेंसी की सराहना की है। हरप्रीत सिंह अमेरिका में सक्रिय एक कथित विदेशी आतंकवादी गिरोह का सदस्य है। (अनंत ज्ञान)

यूपीएससी सिविल सर्विस का फाइनल रिजल्ट आउट

शक्ति दुबे टॉपर, पहले 5 स्थान पर 3 लड़कियां

एजेंसी, नई दिल्ली

यूपीएससी ने सिविल सर्विस एग्जाम 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। प्रयागराज की शक्ति दुबे ऑल इंडिया टॉपर बनी हैं। कुल 1009 कैंडिडेट्स का नाम मेरिट लिस्ट में शामिल है।

मेरिट लिस्ट ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर रिलीज की गई है। शक्ति ने बायो केमिस्ट्री से 2016 में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। नंबर 2 पर हर्षिता गोयल रही हैं। हर्षिता शाह मूल रूप से हरियाणा की हैं और कई वर्षों से गुजरात के वडोदरा में रह रही हैं। कुल 1009 कैंडिडेट्स ने यूपीएससी सीएसई क्वालिफाई किया है। कुल 1009 कैंडिडेट्स ने यूपीएससी सीएसई क्वालिफाई किया है। जनरल के 335, कमजोर वर्ग के 109, ओबीसी के 318, एससी के 160 और एसटी के 87 कैंडिडेट्स सिलेक्ट हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

टॉप-10

1. शक्ति दुबे	6. कोमल पुनिया
2. हर्षिता गोयल	7. आयुषी बंसल
3. डोंगरे अर्चित पराग	8. राज कृष्ण झा
4. शाह मार्गी चिराग	9. आदित्य विक्रम
5. आकाश गर्ग	10. मयंक त्रिपाठी

शिकंजा नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी से की जा रही है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की निगरानी, प्रदेश में पहली बार लागू की यह व्यवस्था

बिना परमिट और अधूरे कागजात पर ऑनलाइन कटेगा चालान

आर मोहन चौहान, सोलन

फोरलेन में बदल चुके प्रदेश के नेशनल हाईवे पर अब बिना परमिट और अधूरे कागजात के साथ वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। परिवहन विभाग की तरफ से हाईवे में सीसीटीवी लगाए गए हैं, जो गाड़ी में लगे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को स्कैन कर वीडियो सिग्नल को ट्रैफिक कंट्रोल रूम के मॉनिटरों को प्रेषित करते हैं।

इससे खासकर मालवाहक वाहन के परमिट सहित अधूरे कागजात जैसे पॉल्यूशन और इंश्योरेंस की जानकारी का तुरंत पता चल जाएगा। ऐसे में यदि कमर्शियल वाहन बिना परमिट और बगैर कागजात का पाया गया, तो उसका तुरंत ऑनलाइन चालान कट जाएगा। जरूरत पड़ने पर वाहन को जब्त भी किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

सोलन में कालका-शिमला हाईवे से गुररते वाहन।

विभाग के पास रहेगा रिकॉर्ड

सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्ड विभाग अपने पास रखेगा। किसी वाहन चालक का गलत चालान कट जाता है, तो वे मुख्यालय में जाकर इसकी जांच भी करवा सकता है। हालांकि, ऑनलाइन कार्य होने से गलती की आशंका काफी कम है। इससे यातायात नियमों की अवहेलना पर शिकंजा कसा जाएगा। परिवहन विभाग ने कालका-शिमला नेशनल हाईवे पांच पर सनवारा टोल गेट पर विभाग ने प्रदेश में नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी से वाहनों की मॉनिटरिंग करनी शुरू कर दी है।

प्रदेश में दो हाईवे पर लगे सीसीटीवी

परिवहन विभाग ने इस हाईटेक प्रणाली को लागू करने के लिए कालका-शिमला और कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर सीसीटीवी लगाए हैं। इनकी मॉनिटरिंग भी मुख्यालय से हो रही है। प्रदेश में इस प्रकार की व्यवस्था पहली बार लागू की है। इससे पहले पुलिस विभाग ने ओवर स्पीड पर शिकंजा कसने के लिए कैमरे इंस्टॉल किए हैं। इन कैमरों से परमिट या अन्य प्रकार की जांच नहीं हो पाती थी। इन सीसीटीवी कैमरों का ट्रायल भी सफल हो गया है। अभी तक नियमों की अवहेलना करने वाले 50 से अधिक वाहनों के चालान हो चुके हैं।

कालका- शिमला हाईवे पर सीसीटीवी लगाए हैं। सीसीटीवी की फुटेज ऑनलाइन विभाग के कंट्रोल रूम में पहुंच रही है। परिवहन विभाग ने इसके लिए अलग से टीम तैनात की हैं। रात में अधिकतर अधूरे दस्तावेज के साथ आवाजाही करते हैं। इस पर अब दिन-रात सीसीटीवी की नजर रहेगी।

- सुरेंद्र ठाकुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सोलन।

सिक्योरिटी नंबर प्लेट में स्कैनर जरूरी

कमर्शियल वाहन चलाने वाले वाहन चालक यदि बिना परमिट गाड़ी चलाते हैं, तो सीसीटीवी वाहन में लगी रही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के स्कैनर से वाहन की डिटेल लेगा। इसके लिए अब सभी वाहनों के लिए सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना जरूरी किया है। स्कैनिंग से पता लग जाएगा कि वाहन चालक के पास कौन सा अधूरा दस्तावेज है और तुरंत मैसेज मिल जाएगा। इस चालान को ऑनलाइन या विभागीय कार्यालय में जाकर भी भुगतान किया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

चित्रकला प्रतियोगिता में निहारिका प्रथम

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय उच्च तथा प्राथमिक विद्यालय कनेरड़ में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक संजीव ठाकुर ने की। उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। विज्ञान अध्यापक विंकल ठाकुर ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व और इसके इतिहास की जानकारी दी। विद्यालय की छठी और सातवीं कक्षा के छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में निहारिका ने पहला, शिल्पा कुमारी ने दूसरा और कशिश ने तीसरा स्थान हासिल किया।

मौसमी बदलाव से फलदार फसलों का करें बचाव

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि गतदिनों जिले में हुई बारिश और तूफान से फलदार फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिनमें मुख्यतः आम, लीची, अनार और गुठलीदार फलों की फसलें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आम की फसल में बौर आने के बाद परागण और फल बनने की महत्वपूर्ण अवस्था तथा गुठलीदार फल फसलों में फल विकास प्रक्रिया चल रही थी। लेकिन, इसी दौरान चली आंधी और बारिश ने विकसित हो रहे फूलों और फलों को झाड़ कर रख दिया। इससे जिले में फलों के अपेक्षित उत्पादन में कमी आने की आशंका है। उपनिदेशक ने बागवानों को सलाह दी है कि वे क्षतिग्रस्त फलदार पौधों के टूटे हुए भागों की तुरंत छंटाई करें और उसके उपरांत कॉपर ऑक्सीक्लोराइड या कार्बेंडाजिम फंफूदनाशक दवाई का 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर उसका छिड़काव करें। अभी मौसम में बदलाव से वातावरण में आर्द्रता बढ़ गई है, जिससे फलों और फूलों में बीमारियों तथा कीटों के प्रकोप की आशंका प्रबल है इसलिए आम की फसल में सफेद चूर्ण बीमारी आने पर एक मिलिलीटर हैक्साकोनाजोल का प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर तथा हॉपर कीट का प्रकोप होने पर 0.4 मिलिलीटर इमिडाक्लोप्रिड दवाई का प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर इसका छिड़काव मौसम साफ होने पर अवश्य करें।

छात्रों ने बनाए आकर्षक व प्रेरणादायक पोस्टर

अनंत ज्ञान, धनेटा। लेफ्टिनेंट नरैण मेमोरियल पब्लिक स्कूल, घडोह में पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से हुई। इसमें छात्रों ने पृथ्वी संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और स्वच्छता जैसे विषयों पर आकर्षक व प्रेरणादायक पोस्टर बनाए। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों, पर्यावरणीय संकटों और उनके समाधान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सुमन लता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी हमें जल, वायु, भोजन और जैव विविधता जैसे अनमोल उपहार प्रदान करती है।

पृथ्वी के संरक्षण के लिए स्वच्छता अभियान चलाया

अनंत ज्ञान, भोरंज। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर की अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इसमें स्कूल के ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी व भारत स्काउट एंड गाइड के सदस्यों और अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने हमारी शक्ति, हमारे ग्रह विषय की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। स्कूली बच्चों द्वारा स्कूल परिसर में रैली निकालकर पृथ्वी के संरक्षण के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम-ए में शुभम व तरूण, टीम-बी में शिवम व अमन कपूर, टीम-सी में श्रेया व दिवांशी और टीम-डी में कनिका व कृतिका ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

स्थानीय व्यंजनों को आहार में करें शामिल: प्रशांत

अनंत ज्ञान, भोरंज। आंगनबाड़ी केंद्र जिंदड़ में पोषण अभियान के तहत कार्यक्रम को आयोजन किया गया। इसमें भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाई गई स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर सुमन व गुलिस्तां देवी की गोद भराई की गई। प्रशांत ने कहा कि स्थानीय व्यंजनों को अधिक से अधिक अपने आहार में शामिल करें और जंक फूड, तली व मसालेदार खाद्य वस्तुओं से परहेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए व्यायाम और योग को जीवन शैली में सम्मिलित करें तथा स्थानीय सब्जियां व प्राकृतिक रूप से उगे हुए फल सब्जियां का मौसम के अनुसार अधिक से अधिक सेवन करने को प्रमुखता दें।

पेंशनर्स संघ सुजानपुर के प्रधान बने पृथ्वीराज

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड इकाई सुजानपुर का सत्र 2025-27 का द्विवार्षिक चुनाव पर्यवेक्षक जेशीराम विमल व रमेश की देख-रेख में संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में हुआ। इसमें सबसे पहले खंड प्रधान पृथ्वीराज शर्मा की अध्यक्षता में आम बैठक आयोजित की गई। इसमें वर्ष 2023-25 का लेखा-जोखा रखा गया तथा बाद में प्रधान द्वारा कार्यकारिणी भंग किए जाने की घोषणा की गई। तत्पश्चात पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव प्रक्रिया आरंभ की गई। इसमें खंड प्रधान के पद के लिए महेश गुप्ता ने पृथ्वीराज शर्मा का नाम प्रस्तावित किया तथा जिसका समर्थन देवराज शर्मा व मेहर सिंह ने किया अन्य का नाम न आने पर पृथ्वीराज शर्मा को 2025-27 के सत्र के लिए निर्विरोध खंड प्रधान चुना गया। इसके अतिरिक्त सर्वसम्मति से खंड महासचिव पद के लिए दविंद्र रांगड़ा, कोषाध्यक्ष के लिए देवराज शर्मा को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर महेश गुप्ता, प्रदीप शर्मा, महर सिंह, प्रकाश चंद, विजय कुमार, मदनलाल चौधरी, मस्त राम चौधरी उपस्थित थे।

हमीरपुर जिले के स्कूलों में मनाया पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला हमीरपुर के लगभग सभी सरकारी व निजी स्कूलों में विश्व पृथ्वी दिवस का 55वां संस्करण मनाया गया। इस वर्ष की थीम अवर पावर, अवर प्लेनेट यानी हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रही, जो कि सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के प्रयासों पर केंद्रित है। इस अवसर पर कमल किशोर भारती उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर ने बच्चों व शिक्षकों को इस महत्वपूर्ण दिवस को सफल बनाने के प्रयासों के लिए बधाई दी और पृथ्वी को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। जिले भर के स्कूलों में बच्चों व शिक्षकों द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान, पोस्टर मेकिंग अभियान व पर्यावरणीय कार्यशालाओं का आयोजन किया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने बताया कि पृथ्वी दिवस की शुरुआत 1970 में अमेरिकी सीनेटर नेल्सन द्वारा पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। यह पृथ्वी दिवस अब विश्व के लगभग 195 देशों में बड़े उत्साह से मनाया जाता है।

पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आए लोग

अनंत ज्ञान, बड़सर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में तूफान के कारण जान गवा चुके बच्चे के परिवार की सहायता के लिए लोग सामने आ रहे हैं। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को 7 हजार की धनराशि समाजसेवी परमजीत ढटवालिया के माध्यम से पीड़ित परिवार को पहुंचाई गई। इसके अलावा ईलाके के बाकी लोग भी सहायता के लिए आगे आ रहे हैं। 16 अप्रैल शाम को मैहरे में प्रवासी मजदूर परिवार की झुग्गी पर चीड़ का पेड़ गिरने से एक 8 साल के बच्चे की मृत्यु हो गई थी और एक व्यक्ति सरवन साहनी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका ईलाज वर्तमान समय में बिलासपुर एम्स में चल रहा है। परमजीत ढटवालिया का कहना है कि फॉरेस्ट रेंज बिझड़ी के रेंजर कमल किशोर एवं स्टॉफ द्वारा 7000 रुपए की सहायता के अलावा अन्य लोगों द्वारा भी सहायता राशि प्रदान की गई है। अभी तक 40, 000 के करीब सहायता राशि परिवार तक पहुंच चुकी है व ओर भी लोग मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

रैफरल ड्रॉ को लेकर दिख रहा काफी उत्साह

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि 8 मई को निकलने जा रहे सोसायटी के रैफरल ड्रॉ के प्रति जिलावासियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस रैफरल ड्रॉ की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स को खरीदने के लिए लोग बड़ी संख्या में आगे आ रहे हैं। अभी तक जिले भर में लाखों की कंट्रीब्यूशन स्लिप्स बिक चुकी हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों, रैफरल ड्रॉ की तैयारियों और कंट्रीब्यूशन स्लिप्स की बिक्री की समीक्षा के लिए मंगलवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डीसी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस रैफरल ड्रॉ का एकमात्र उद्देश्य जिला रेडक्रॉस सोसायटी के लिए अधिक से अधिक फंड जुटाना है, ताकि इस धनराशि से अधिक से अधिक जरुरतमंद लोगों की मदद की जा सके।

एसडीएम ने दिलाई लोगों को पोषण की शपथ

अनंत ज्ञान, बड़सर। पोषण पखवाड़े के समापन अवसर पर मंगलवार को मिनी सचिवालय परिसर में खंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम राजेंद्र गौतम ने लोगों को पोषण की शपथ दिलाई तथा खंड स्तरीय जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद एसडीएम ने मैहरे के मंदिर परिसर में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बिझड़ी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित अनीमिया जांच शिविर एवं पोषण पखवाड़े के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि कुपोषण की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने, बच्चों, महिलाओं और किशोरियों में अनीमिया के स्तर को कम करने, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए आम लोगों में जागरूता बहुत जरूरी है।

बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क का आज से शुरू होगा काम

अनिल कुमार, हमीरपुर

उपमंडल भोरंज के तहत बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनाने को लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले जल शक्ति विभाग की पेयजल पाइपों को और गहराई तक दबाने का कार्य शुरू किया था, जिसे पूरा कर लिया गया है। हालांकि, पाइपों को बदलने के लिए काफी समय लग गया, लेकिन अब इस सड़क को पक्का करने के लिए मशीनरी पहुंच गई है और बुधवार से इस सड़क को पक्का करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बता दें कि बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क को एफडीआर तकनीकी से बनाने का प्रपोजल तैयार किया है, जिसके लिए तीन फुट तक इस सड़क की खुदाई की जानी है। इस सड़क पर कार्य शुरू करने से पहले जल शक्ति विभाग की पेयजल पाइपों को हटाना आवश्यक था। फरवरी माह में पेयजल पाइपों को बदलने का कार्य पूरा कर लिया गया था, लेकिन उसके डेढ माह बाद इसे पक्का करने का शुरू किया जा रहा है।

लोगों का कहना है कि सड़क को बंद हुए तीन महीने से भी अधिक समय हो चुका है, लेकिन अभी तक सड़क को पक्का नहीं किया जा रहा है। अभी तक सड़क की हालत ऐसी नहीं है कि जिसपर गाड़ी को ले जाया जा सके। इस रूट पर बसों का चलना शुरू हो गया है, लेकिन दोपहिया वाहन चालकों को अभी परेशानी का सामना करन पड़ रहा है। विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज उपमंडल की सड़कों का चैड़ीकरण और एंबुलेंस योग्य सड़क हर गांव तक पहुंचाने के लिए कार्य शुरू करवाया था। सड़कों के लिए बीते दो वर्षों में भोरंज क्षेत्र में सड़क सुधार व निर्माण पर लगभग 250 करोड़ रुपए मंजूर किए जा चुके हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण तथा ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी सड़कों का निर्माण कार्य शामिल है। लोगों की सड़क सुविधा को देखते हुए कई सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है, जिसका कार्य जारी है। सड़कों के चौड़ा होने से वाहन चालकों को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। भोरंज की सड़कों में कई ऐसे मोड़ थे, जहां पर हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था, वहां पर चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है।

वहीं, हमीरपुर से बस्सी तक कई जगहों पर टारिंग भी कर दी गई है, जबकि लंबलू के पास पाइप और नाली बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस सड़क पर भी जल्द टारिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता केके भारद्वाज ने बताया कि सड़क को नई तकनीक से बनाया जा रहा है। इसके लिए मशीनरी पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि पाइपें बदलने का कार्य पूरा हो गया है। बुधवार से बढार से कैहरवीं सड़क को एफडीआर तकनीक से तैयार किया जाएगा। इस सड़क को जितना जल्द होगा तैयार करवाने की कोशिश की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

युक्तिकरण में ज्वाइन शिक्षकों बारे जल्द हो अंतिम निर्णय

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रदेश सरकार टीजीटी युक्तिकरण में दो सप्ताह से ज्वाइन हो चुके शिक्षकों के बारे जल्द अंतिम निर्णय ले, जिन शिक्षकों ने विभागीय आदेशों की अनुपालना करते हुए 5 दिन की अवधि में प्रदत्त स्टेशन पर ज्वाइन किया था, उनको आज तक रेफर बैक नहीं किया गया है। ऐसे में ज्वाइन कर चुके शिक्षक असमंजस में हैं।

कुछ मामलों में युक्तिकरण ऐसे स्कूलों में किया है, जिनमें नामांकन कम हैं, जबकि पिछले स्कूल में नामांकन ज्यादा था। इस तरह कई शिक्षकों ने अब तक क्वार्टर या पीजी आदि भी नहीं लिए हैं क्योंकि उनको रेफर बैक आदेशों की आशा है। कोई भी आदेश या तो पूरी तरह से लागू होता है या रद्द, मगर यहां स्थिति मझधार वाली है। ऐसे में शिक्षामंत्री से राजकीय टीजीटी कला संघ अपील कर रहा है कि इस बारे में अंतिम निर्णय करते हुए स्थिति 25 अप्रैल से पहले स्पष्ट कर दी जाए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि युक्तिकरण के अलावा शिक्षक पदोन्नति बारे अब डीपीसी हो जानी चाहिए।

सत्र के आरंभ में प्रमोशन का ऐलान सरकार ने ही किया था और अब 30 अप्रैल तक डीपीसी करते हुए टीजीटी से प्रवक्ता और हेडमास्टर पदोन्नति सूचियां जारी की जानी चाहिए। इसके अलावा ट्रांसफर के अप्रूव हो चुके नोट्स के अनुसार ट्रांसफर सूचियां भी जल्द जारी की जानी चाहिए। प्रदेश के हेडमास्टर और प्रवक्ता भी लंबे समय से प्रिंसिपल पदोन्नति की राह देख रहे हैं और शिक्षकों की पदोन्नतियां, अगर समय पर नहीं हुई, तो संघ इस मामले में वैधानिक रास्ता भी अपनाएगा। सत्र के आरंभ में किए जाने वाली ट्रांसफर, युक्तिकरण और पदोन्नति मामलों में उचित गति से कार्रवाई अपेक्षित है, ताकि शिक्षकों के जायज हितों की रक्षा हो सके।

तकनीकी विवि में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2025 (एचपीसीईटी) के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 23 अप्रैल है।

अभी तक 9896 अभ्यर्थियों ने तकनीकी विवि की यूजी व पीजी की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर दिए हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के लिए अभी तक बी-फार्मेसी के 3508 और बीटेक के 5055 और बीटेक व बी-फार्मेसी दोनों के 566 और अन्य पीजी व यूजी विषयों के 763 आवेदन आ चुके हैं। तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट आयोजित किया जाता है। इसमें बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी-फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री), एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी (एचएम एंड सीटी), बीएचएमसीटी, एमएससी पर्यावरण विज्ञान और भौतिक विज्ञान विषय शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा 10 और 11 मई को आयोजित की जाएगी। 10 मई को सुबह के सत्र में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी-फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) व एमएससी भौतिक विज्ञान और सायं के सत्र में एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी (एचएम एंड सीटी) व बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं, 11 मई को सुबह के सत्र में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा से संबंधित ब्यौरा अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं। एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, बीएससी (एचएम एंड सीटी) व बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा पहली बार तकनीकी विवि द्वारा आयोजित की जा रही है।

जेईई-मेन्स में कृष ने चमकाया हमीरपुर का नाम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन्स का परिणाम शुक्रवार दे रात घोषित हुआ। इसमें हमीरपुर के गांव बरला तहसील बड़सर जिला हमीरपुर के कृष शर्मा ने यह परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर 99.52 परसेंटाइल हासिल कर अपना-अपने अभिभावकों शिक्षकों संस्थान तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कृष शर्मा के पिता अजय शर्मा और माता कविता शर्मा हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में कार्यरत हैं। माता-पिता ने बेटे की सफलता का श्रेय उसके कड़े परिश्रम और हिम अकादमी कोचिंग संस्थान को दिया है। कृष बीते एक वर्ष से हिम अकादमी कोचिंग इंस्टिट्यूट में कोचिंग ले रहा है। कृष शर्मा की सफलता से समस्त हमीरपुर क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है।

झूठ की नींव रखकर सत्ता में आई सरकार को आरोप लगाने का नहीं अधिकार: राकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की सत्तासीन सरकार जो 28 महीने पहले झूठ की नींव रखकर सत्ता में आई हो, उसे भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर आरोप लगाने का अधिकार नहीं है।

राकेश ने कहा कि उन 10 गारंटियों का क्या हुआ, जिनके लिए कांग्रेसी नेता हिमाचल की भोली-भाली जनता को चुनाव में झूठे वादों से गुमराह करते रहे हैं। राकेश ने कहा अगर आजादी दिलाने में इस नेशनल हेराल्ड का इतना ही योगदान रहा था, तो उसकी लोकप्रियता आजादी पश्चात बढ़नी चाहिए थी पर ऐसी कौन सी नौबत आ गई कि इस अखबार को बंद करना पड़ा। राकेश ने कांग्रेस के लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि यंग इंडिया कंपनी का क्या रोल रहा कि एनआईए और ईडी ने उनकी संपत्तियों को अयोग्य किया। कांग्रेसियों को इसका जवाब भी देना होगा।

इस समाचार पत्र का सारा मामला जब न्यायालय के विचाराधीन है, तो प्रदेश की बदहाल आर्थिकी स्थिति का रोना रो रहे कांग्रेसी प्रदेश की जनता के टैक्स का पैसा इस दीवालिए समाचार पत्र के विज्ञापन पर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा के उनके राष्ट्रीय नेता कितने लोकप्रिय हैं, हर बार की तरह देशद्रोहियों की तरह भारत की छवि विदेश में जाकर खराब कर रहे हैं। राकेश ने कहा कि जहां तक भारत के प्रधानमंत्री की लोकप्रियता की छवि की बात है, तो पिछले 11 वर्षों में विभिन्न राष्ट्रध्यक्षों ने अब तक उन्हें 21 अलग-अलग देशों के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है।

मनीषा व आकांक्षी का भाषण सर्वश्रेष्ठ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। हमारी शक्ति हमारा ब्रह्मांड थीम पर आधारित गतिविधियों के मुख्य आकर्षण भाषण प्रतियोगिता, एनर्जी कंजर्वेशन, साइन मेकिंग क्रियाकलाप, पोस्टर मेकिंग, लघु नाटिका, पठन बोध व कविता वाचन आदि प्रमुख रहे। भाषण प्रतियोगिता में मनीषा व आकांक्षी का भाषण सर्वश्रेष्ठ रहा। प्रिशा व वैष्णवी की कविता को भी विशेष सराहना मिली। विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व की जानकारी दी। प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम समन्वयक माया शर्मा, पंकज शर्मा, जागृति, सुमीता, सुनील, मधु शर्मा व इवेंट मैनेजर चंद्र किरण को बधाई दी।

पानी की निकासी के लिए बना दीं नालियां, लोहे के जाले लगाना भूला विभाग, आए दिन हो रहे हादसे

अनंत ज्ञान, नादौन

नादौन से करीब 2 किलोमीटर दूर भरमोटी हरमंदिर सड़क पर पानी की निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग ने दोनों ओर नालियों का निर्माण किया है, जो लोगों के लिए परेशानी बनकर रह गई हैं। आए दिन यहां कोई न कोई हादसा होता रहता है।

मंगलवार को भी दो कारें क्रास कर रही थीं, तो सड़क की चौड़ाई कम हाने के कारण एक कार के टायर नाली में उतर गए। गनीमत यह रही कि साथ लगते एक मकान मालिक ने नाली पर लोहे की निजी जाली डाली है, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। लोक निर्माण विभाग ने नालियां तो बना दी हैं, लेकिन लोहे का जाला नहीं लगाया गया है, जिससे यह नालियां वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन कर रह गई हैं। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई इस सड़क के दोनों ओर नालियां बनाने की वजह से सड़क संकरी हो गई है। दो कारें भी सही ढंग से क्रास नहीं हो सकती हैं। लोगों का कहना है कि भरमोटी खुर्द के पास एक मैरिज पैलेस भी है, जब वहां कोई कार्यक्रम होता है, तब इस सड़क के करीब 50 मीटर हिस्से में जाम लग जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र वासी पंकज कुमार, रविंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह, हर्ष कौंडल, राज कुमार, हंस राज, राकेश कुमार, प्रकाश चंद, सरिता देवी, अनीता कुमारी आदि का कहना है कि इस सड़क की दोनों तरफ बनी नालियों पर करीब 50 मीटर लोहे की जाली लगवाई जाए, ताकि लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके। समाजसेवी एवं भरमोटी खुर्द पंचायत के पूर्व प्रधान प्रियतोष सिंह निशु का कहना है कि सड़क के करीब 50 मीटर हिस्से पर पानी की निकासी के लिए दोनों तरफ गहरी नालियां हैं, लेकिन इन गहरी नालियों पर लोहे का जाला लगवाने बारे लोक निर्माण विभाग को भरमोटी खुर्द पंचायत ने प्रस्ताव भेज कर आग्रह किया है, लेकिन अभी तक जाला नहीं लगावाया गया है। उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से आग्रह किया कि लोगों की सुरक्षा व सुविधा को मध्यनजर रखते हुए नालियों पर जाला लगवाया जाए।

> **लोक** निमार्ण विभाग के एसडीओ पंकज कौशल का कहना है कि मामला ध्यान में आया है। मौका देखा जाएगा यदि जरूरत होगी, तो नालियों पर जाला लगवाया जाएगा।

मुरली मनोहर मंदिर में भागवत कथा शुरू

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर के ऐतिहासिक मंदिर मुरली मनोहर में मंगलवार से भागवत कथा शुरू हो गई है।

आयोजन से पूर्व सुबह कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंगलवार सुबह मंदिर के पंडित रविनंदन तथा आचार्य कुलवंत शर्मा, साहिल शर्मा के साथ भजन-कीर्तन गाते हुए शहर में कलश यात्रा निकाल क्लश में पानी भरकर मुरली मनोहर मंदिर में आकर पूजा-अर्चना की तथा भजन-कीर्तन गाते हुए माहौल को भक्तिमय कर दिया। दोपहर बाद भागवत कथा में आचार्य कुलवंत शर्मा ने अपनी मधुर वाणी से भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि भक्ति में ही शक्ति है तथा कुछ समय निकालकर प्रभु की ओर भी ध्यान देना चाहिए भागवत कथा का 7 दिन तक चलेगी। इसके उपरांत अक्षय तृतीया पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

स्कूटी रैली व गीत-संगीत से लोगों को सही पोषण का दिया संदेश

महिलाएं स्कूटी रैली और गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को सही पोषण का संदेश देती हुई।

अनंत ज्ञान, भोरंज

पोषण पखवाड़े के समापन पर मंगलवार को बाल विकास परियोजना भोरंज के अंतर्गत वृत्त लदरौर के आंगनबाड़ी केंद्र खुथड़ी-1 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पंचायत भौंखर के प्रधान वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। महिलाओं ने स्कूटी रैली और गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को सही पोषण का संदेश दिया। इस अवसर पर महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए वृत्त पर्यवेक्षक आशा रानी ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए सही पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेकर हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी बच्चे की जिंदगी के पहले 1000 दिन सबसे महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इसी दौरान उसके शरीर का सबसे ज्यादा विकास होता है इसलिए गर्भाधारण के समय से ही माता और शिशु के पोषण का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसी के मद्देनजर पोषण अभियान आरंभ किया गया है और अभियान के तहत 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया गया। आशा रानी ने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग ने कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं।

बीज भंडारण केंद्र बिझड़ी में किसानों को नहीं मिल रहा अदरक का बीज

एसके ठाकुर, बड़सर

मुख्यमंत्री के गृह जिले में भी कृषकों को अदरक के बीज के लिए तरसना पड़ रहा है। कई बार बीज भंडारण केंद्र बिझड़ी में जाने के बाद भी किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। किसानों का कहना है कि अप्रैल माह खत्म होने को है, लेकिन अभी तक कृषि विभाग के पास अदरक का बीज नहीं पहुंच पाया है।

किसानों का कहना है कि वजह चाहे कुछ भी हो संबंधित विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि किसानों को समय रहते अदरक का बीज उपलब्ध करवाया जाए, ताकि किसान समय रहते अदरक की बिजाई कर सके। बता दें कि मजबूरन किसानों को बाजार से 300 रुपए के हिसाब से अदरक का बीज खरीदना पड़ रहा है। हालांकि, किसानों को प्रोत्साहन करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं। किसानों का कहना है कि अगर इन योजनाओं का लाभ स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंचेगा, तो ऐसी योजनाओं के साथ-साथ संबंधित विभाग को भी बंद कर देना चाहिए, ताकि आम जनता को कृषि विभाग द्वारा संचालित बीज भंडारण केंद्र का रूख न करना पड़े। कृषि विभाग बिझड़ी के पास 52 ग्राम पंचायतों का जिम्मा रहता है। (अनंत ज्ञान)

उच्च अधिकारियों को करवाया अवगत

कृषि प्रचार-प्रसार अधिकारी बिझड़ी मीनाक्षी राणा ने कहा कि अदरक का बीज काफी महंगा होने के कारण अभी तक विभाग के पास बीज नहीं आया है। हालांकि, इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

कार्यक्रम हमीरपुर जिले के स्कूलों में मनाया पृथ्वी दिवस, स्वच्छता का दिया संदेश

विद्यार्थियों ने धरती बचाओ-जीवन बचाओ का दिया संदेश

विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के छात्र।

अनंत ज्ञान, टौणी देवी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह, जागरूकता और सहभागिता के साथ मनाया गया। इसमें सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे पृथ्वी को स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ बनाए रखने में सक्रिय योगदान देंगे।

इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों की भागीदारी से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता और स्वच्छता के महत्व को उजागर करना था। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि इस वर्ष 2025 में विश्व पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रखी गई है। यह थीम इस बात पर बल देती है कि पृथ्वी की रक्षा करना केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक, संगठन और संस्था की साझा जिम्मेदारी है। हमें पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों की जगह सौर, पवन और जल जैसी अक्षय ऊर्जा का प्रयोग बढ़ाना चाहिए, ताकि पृथ्वी पर जीवन सतत बना रहे। इस अवसर पर कई रचनात्मक गतिविधियां कुसुम लता द्वारा करवाई गई, जैसे स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग आदि। इसमें विद्यार्थियों ने धरती बचाओ-जीवन बचाओ, हरित भारत स्वच्छ भारत जैसे नारों के साथ सुंदर और प्रेरणादायक पोस्टर बनाकर अपने विचार प्रस्तुत किए।

विकासनगर स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न रचनात्मक व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, उपप्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, समन्वयिका कंचन लखनपाल, विनिता गुप्ता व मनीषा मारवाह उपस्थित रहीं, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग गतिविधियों में भाग लिया, जैसे नेचर स्कैवेंजर हंट, लीफ एनिमल आर्ट, जागरूकता संकेत निर्माण, पक्षी फीडर बनाना, अपसाइकलिंग, स्वच्छता अभियान आदि रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक कक्षा के लिए विशेष गतिविधियां तय की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति सजगता और टीम वर्क की भावना का विकास हुआ। बच्चों ने स्वयं से जागरूकता पोस्टर तैयार किए और विद्यालय परिसर की स्वच्छता में भाग लिया, जिससे उनका आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना बढ़ी। रंगोली और पीपीटी जैसे सृजनात्मक कार्यों ने उनके रचनात्मक पक्ष को उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय सासन में जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े और शिक्षण सामग्री वितरित की गई तथा पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) के महत्व को समझाया गया।

किन्नौर के प्रथम ने यूपीएससी में 841वां रैंक किया हासिल

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के सांगला घाटी स्थित कामरु गांव के 23 वर्षीय प्रथम यांबुर ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने अपने दूसरे

प्रयास में 841वीं रैंक हासिल की है।

प्रथम के पिता व्यास सुंदर एक बागवान हैं और माता राजदेवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। प्रथम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिवालिक पब्लिक स्कूल सांगला से प्राप्त की। उन्होंने 10+2 नॉन-मेडिकल की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ से की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में कला स्नातक की डिग्री हासिल की। प्रथम का इससे पहले यूपीएससी के माध्यम से सीआईएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयन हुआ था, लेकिन उनका लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनना था, इसलिए उन्होंने यह पद स्वीकार नहीं किया। प्रथम एक मेधावी छात्र होने के साथ-साथ खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

राजनीतिक दल हिमाचल को नशे से बचाने का करें प्रचार : राज्यपाल

बोले-प्रधानमंत्री की प्रेरणा से शुरू किया नशामुक्ति अभियान

अशोक ठाकुर, इंदौरा

राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने आज कांगड़ा जिले के इंदौरा से 'नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम' के तहत बैरियर चौक से सैंकड़ों की संख्या में आए मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, स्थानीय महाविद्यालय व विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ नारे लगाकर और हाथ में जागरूकता का संदेश देते पोस्टर और बैनर उठाकर नशा न करने के दृढ़ संकल्प के साथ प्रदेश में साकारात्मक संदेश दिया है।

राज्यपाल ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को अपनी पार्टी का प्रचार करने से पहले प्रचार करना चाहिए कि हिमाचल कैसे बचेगा। नशे को समाप्त करके ही हम प्रदेश की समृद्ध संस्कृति को बचा सकते हैं।

बाद में, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविलय से संबद्ध मिनर्वा ग्रुप ऑफ कॉलेज परिसर में राज्यपाल ने जागरूकता रैली में शामिल छात्रों को

बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने नशे के खिलाफ आवाज उठाकर पूरे प्रदेश में एक प्रभावशाली संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उन्होंने प्रदेश में नशामुक्ति अभियान आरंभ किया है, जो अब पूरे प्रदेश की आवाज बन गया है।

शुक्ल ने विद्यार्थियों से अपील की कि उन्होंने जिस प्रकार नशे के खिलाफ पोस्टर उठाकर रैली का आयोजन किया है वे इन पोस्टरों को अपने घरों के समीप चिपकाएं। इस तरह वह अन्य को भी सहयोग के लिए प्रेरणा देंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ हिमाचल विधानसभा में कानून पास करने के लिए बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के प्रथम नागरिक होने के नाते वह एक अभिभावक की तरह राजभवन से बाहर निकलकर नशे के खिलाफ प्रदेश भर का भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कांगड़ा जिले में नशे के खिलाफ एक व्यापक और सुदृढ़ अभियान चलाने के लिए उपयुक्त तथा पुलिस अधीक्षक की पीठ थपथपाई। इससे पूर्व, राज्यपाल मिनर्वा नर्सिंग महाविद्यालय भवन का लोकार्पण भी किया।

सांसद राजीव भारद्वाज ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया कि उन्होंने प्रदेश में नशे के खिलाफ आंदोलन चलाया है। उन्होंने कहा कि नशे के मामले में हर व्यक्ति राज्यपाल के साथ दृढ़ता पूर्वक चलने को तैयार है। इंदौरा गंगथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने राज्यपाल का स्वागत किया। कुलपति प्रो. शशि धीमान ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि राज्यपाल का इस क्षेत्र का पहला दौरा है। वह हिमाचल में नशे के खिलाफ आंदोलन चला रहे हैं, जिसमें विश्वविद्यालय सक्रिय तौर पर जुड़ा है।

इस अवसर पर, मिनर्वा कॉलेज के विद्यार्थियों ने नशे की बुराई के खिलाफ नुकड़ नाटक का मंचन किया। मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के अध्यक्ष जेएस पटियाल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इससे पूर्व, राज्यपाल ने काठगढ़ के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, कांगड़ा के उपयुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न, पूर्व विधायक रीता धीमान, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल बोर्ड मैट्रिक का रिजल्ट 10 मई तक

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

- प्लस टू का एक सप्ताह बाद
- पेपर लीक की वजह से इस बार देरी से निकलेंगे रिजल्ट

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

इस बार हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के मैट्रिक और जमा दो के रिजल्ट्स पिछले साल के मुकाबले में 10 दिन देरी से निकलेंगे। मैट्रिक का रिजल्ट 10 मई तक और प्लस टू का रिजल्ट इसके एक सप्ताह बाद निकाले जाने की संभावना है। स्कूल शिक्षा बोर्ड इस पर कड़ी मशक्कत कर रहा है और इस बारी कुछ पेपर्स लीक हुए, जिस कारण उनकी परीक्षा तमाम पेपर्स के खत्म होने के बाद आयोजित की गई थी।

याद रहे, बोर्ड ने पिछले साल दसवीं का नतीजा 29 मई को घोषित किया था, लेकिन इस बार अप्रैल महीने में यह रिजल्ट घोषित नहीं हो पाएगा। गनीमत यह है कि केवल 10 दोनों का ही विलंब हो रहा है।

बोर्ड का यह भी प्रयास चल रहा है कि दसवीं के रिजल्ट के घोषित होने के एक सप्ताह के भीतर जमा दो का रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाए, लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि क्या कोई और पेचीदगी इस दिशा में बोर्ड की भीतरी व्यवस्था में तो नहीं आएगी ? यदि सब ठीक रहा, तो तय डेट्स पर रिजल्ट्स घोषित हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं बोर्ड सचिव विशाल शर्मा

बोर्ड सेक्रेटरी विशाल शर्मा का कहना है कि कोशिश जारी है, लेकिन जिन टीचर्स की वजह से पेपर लीक हुए हैं। उसका खामियाजा बोर्ड को पिछले साल के मुकाबले में पहले यानी दसवीं का रिजल्ट 10 दिन देरी से निकाले जाने की वजह से भुगतना पड़ रहा है। उम्मीद यही है कि 10 मई के आसपास रिजल्ट घोषित हो जाए। उसके एक सप्ताह बाद जमा दो का रिजल्ट घोषित होगा।

न्यूज ब्रीफ

लोअर सेरी में घर से दो लाख के गहने और नकदी उड़ा ले गए चोर

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। शहर में एक बार फिर चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। रविवार रात जोगिंद्रनगर के लोअर सेरी क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार चेतन चौहान अपने परिवार के साथ शिमला गए हुए थे, उसी दौरान चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। चोर खिड़की की ग्रिल तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए और तकरीबन दो लाख रुपए के गहने और 30 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा तो मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हिमाचल हाईकोर्ट ने रेडियोलॉजिस्ट के पद पर लिया कड़ा संज्ञान

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सिरमौर जिले के पांवटा साहिब सिविल अस्पताल में 10 वर्षों से खाली चल रहे रेडियोलॉजिस्ट के पद पर संज्ञान लिया है। हिंदी दैनिक समाचार पत्र में छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से एक सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। खबर के अनुसार अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पद 2015 से खाली पड़ा है जिस कारण बड़ी महंगी अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है। अस्पताल इस महत्वपूर्ण विशेषज्ञ के बिना काम कर रहा है, जिससे हज़ारों गर्भवती महिलाएँ विशेष रूप से सिरमौर जिले के दूरदराज और वंचित क्षेत्रों से राष्ट्रीय मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत गारंटीकृत जीवन रक्षक नैदानिक सेवाओं तक पहुंच से वंचित है। मामले पर सुनवाई 30 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

हिमाचल में कुछ जगहों पर पांच दिन मौसम खराब रहेगा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल में मौसम अभी कूल-कूल बना रहेगा। अगले पांच रोज तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने जानकारी दी है कि 23 अप्रैल की मध्य रात्रि से 27 अप्रैल के दौरान उन्नत पर्वत श्रृंखलाओं और आसपास के मध्य पहाड़ी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होने के आसर है। एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। 23 और 28 अप्रैल को पूरे राज्यभर में मौसम साफ रहने की संभावना है। अगले 4-5 रोज के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 3-6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसके बाद अगले 4-5 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने के आसार हैं।

हिमाचल को 75000 करोड़ की सहायता राशि की है जारी : टम्टा

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री अजय टम्टा ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार पहाड़ की संवेदनशीलता को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। पहाड़ियां दरकने पर विशेष निगाह रखी जा रही है। सड़क की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को आवश्यक तकनीकी सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है, बिना किसी तकनीकी विश्लेषण के सड़कों को निर्माण नहीं होगा।

पहाड़ की संवेदनशीलता को लेकर मोदी सरकार गंभीर

उन्होंने बताया कि इसके लिए भारत सरकार के अधीनस्थ आईआईटी का सहयोग लिया जा रहा है, जो समय-समय पर इस संदर्भ में विशेष सर्वे रिपोर्ट जारी करती हैं, ताकि भारी बरसात में सड़कों के निर्माण के दौरान पहाड़ियां टूट कर नीचे ना आ गिरे।

टम्टा ने कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पत्रकारों को बताया कि केंद्र की सरकार हिमाचल को भरपूर आर्थिक सहयोग दे रही है। अभी तक 75000 करोड़ से ज्यादा की सहायता राशि दी जा चुकी है, जिसमें केंद्र के सहयोग से बनने वाली सभी सड़कें, सेतु बंधन और टनल वगैराह के लिए उदार सहायता शामिल है, मगर जिस तरह से हम प्रदेश सरकार का विकास के मामले में आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं। वह हमें ऐसा करने नहीं दे रही है।

उन्होंने बताया कि जब भूमि अधिग्रहण ही होगा, तो उसे सूरत में सड़कों का निर्माण संभव नहीं हो सकता। वैसे भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार आर्थिक सहयोग को लेकर लगातार झूठ बोल रही है, कि केंद्र से उन्हें भरपूर आर्थिक सहायता राशि जारी नहीं हो रही है, जबकि केंद्र से उदार वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

अंबेडकर को सम्मान देने से कोसों दूर रही कांग्रेस

इससे पूर्व जिला शिमला भाजपा द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर का अपमान ही किया और जब-जब अंबेडकर को सम्मान देने की बात आई तो कांग्रेस के नेता अक्सर दूर खड़े दिखाई देते थे। सही मायने में देखा जाए तो पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्ग अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी ने ही उन्हें सही महीना में सम्मान दिया और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि भैंट की।

पंचायतीराज संस्थाओं की मांगों पर होगा विचार : सीएम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से प्रदेश की पंचायतीराज संस्थाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की तथा पिछले दो वर्षों में उनके मानदेय में दो गुना वृद्धि करने के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के मानदेय में इतनी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी विभिन्न मांगें भी रखीं, जिन पर उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में पंचायतीराज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के उत्थान को प्राथमिकता दे रही है तथा इस संबंध में अनेक कदम उठाए गए हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान को दी जा रही प्राथमिकता

सुक्खू से मिलते हुए पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि।

मनरेगा की दिहाड़ी में 80 रुपए वृद्धि

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम, प्राकृतिक रूप से उगाए गए गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम तथा मक्का के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में मनरेगा की दैनिक मजदूरी में 80 रुपए की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह उपाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

नशा रोकने का किया आह्वान

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रों में नशे की समस्या को रोकने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया तथा कहा कि राज्य सरकार नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को नशा तस्करों के संबंध में जानकारी अधिकारियों के साथ साझा करनी चाहिए ताकि युवाओं को नशे के चंगुल से बचाया जा सके।

26 को संविधान बचाओ की हुंकार भरेगी कांग्रेस : सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 26 अप्रैल को सुबह संविधान बचाओ की राज्य स्तरीय रैली चौड़ा मैदान स्थित अंबेडकर चौक पर आयोजित की जाएगी। इस रैली में प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल व प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक व सभी नेता भाग लेंगे।

इस अवसर पर हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी नेताओं से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर प्रदेश में संविधान बचाओ अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने को कहा है। उन्होंने कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर कांग्रेस सभी राज्यों में 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक राज्य स्तर पर,3 मई से 10 मई तक जिला स्तर पर व 11 मई से 17 मई तक विधानसभा स्तर पर संविधान बचाओ रैलियों का आयोजन करेगी। इसके पश्चात 20 मई से 30 मई तक पार्टी नेता व कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की जनविरोधी नीतियों व निर्णयों से जागरूक करेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रतिभा सिंह ने इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि आज जिस प्रकार से सोनिया गांधी, राहुल गांधी व इनके परिवार पर झूठे मामले बना कर उन्हें परेशान करने की जो कोशिश की जा रही है, इन सबका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ भाजपा की तानाशाही का मुकाबला करेगी। इस रैली में प्रदेशभर से भारी संख्या में लोग शामिल होंगे।

झूठ बोलने से बेहतर है न्यायालय के सामने पक्ष रखे कांग्रेस: जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता देशभर में घूम-घूम कर नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार का बचाव कर रहे हैं जो बहुत शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। देश भर में घूम-घूम कर नेशनल हेराल्ड के पक्ष में गांधी परिवार का समर्थन करने की बजाय कांग्रेस के नेताओं को न्यायालय के सामने पक्ष रखना चाहिए।

न्यायालय के सामने अपना पक्ष रखने की बजाय कांग्रेस के नेता देश भर में जांच एजेंसियों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। न्यायालय द्वारा इस पूरे प्रकरण में गांधी परिवार को कोई राहत नहीं दी गई है। जिसका संदेश साफ है कि जांच एजेंसी द्वारा घोटाले के पुख्ता सबूत न्यायालय को सौंपे गए हैं। देशभर में नेशनल हेराल्ड की दो हजार करोड़ की प्रॉपर्टीज को मात्र 50 लख रुपए में खरीद लिया जाना कांग्रेस की नजर में यदि घोटाला नहीं है तो उन्हें अपने घोटाले की परिभाषा को परिवर्तित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी को कानून से ऊपर मानते हैं। उनकी नजर में गांधी परिवार द्वारा किया गया कोई भी घोटाला भ्रष्टाचार नहीं है। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की यही स्थिति है पहले घोटाला करो और बाद में उसके पक्ष में खड़े होकर जांच एजेंसी, सरकार और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करो। जांच एजेंसी को दबाव में लेने के लिए उनके कार्यालय का घेराव करो, उनके अधिकारियों पर अनर्गल टिप्पणी करो। कांग्रेस के नेताओं को देश के संविधान का सम्मान करना चाहिए और गांधी नेहरू परिवार द्वारा किए गए घोटालों को स्वीकार करना चाहिए। कांग्रेस के नेताओं को देशभर में घूम-घूम कर माहौल बनाने की बजाय देश की न्यायपालिका पर भरोसा रखना चाहिए। यह देश संविधान से चलेगा कांग्रेस द्वारा बनाए गए नियमों से नहीं।

कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब के संविधान का किया अपमान

जयराम ने मंडी में भाजपा द्वारा आयोजित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी में कहा कि कांग्रेस ने संविधान निर्माता 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दलितों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाई और समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व के सिद्धांतों को समाज में स्थापित करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने हमेशा उनका अपमान ही किया और सत्ता हासिल करने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया। कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान, विचार के साथ-साथ उनकी राजनीतिक विरासत और पार्थिव देह तक को भी सम्मान नहीं दिया। इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और सांसद सुरेश कश्यप, विधायक अनिल शर्मा, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। जयराम ठाकुर ने रोपवे के माध्यम से मंगलवार को सराज के अंतर्गत बगलामुखी माता मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और अन्य साथियों के साथ रोपवे में बैठकर खूबसूरत वादियों को देखा।

छेड़छाड़ और दुष्कर्म मामले में आरोपी को मिली 5 साल की सजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

स्कूली बच्चियों से साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने के आरोपित के खिलाफ दोष सिद्ध होने के विशेष न्यायधीश बिलासपुर चिराग भानू सिंह के अदालत ने दुष्कर्म को पांच साल कारावास व 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में दोषी को छह का का अतिरिक्त कारावास होगा।

केस की जानकारी देते हुए जिला न्यायालय चंद्रशेखर भाटिया ने बताया कि हेम राज निवासी कोठी मरहाणा घुमारवीं जिला की एक राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था। 12 दिसंबर 2019 को पुलिस थाना भराड़ी में शिकायत दर्ज की गई कि आरोपित हेम राज स्कूली बच्चियों के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और जांच शुरू कर दी।

पुलिस जांच के बाद न्यायालय में पहुंचे मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी जिला न्यायवादी चंद्रशेखर भाटिया ने की। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 28 गवाह पेश किए गए। गवाहों के बयानों और पुलिस की ओर से पेश किए गए तथ्यों के आधार पर आरोपित के खिलाफ दोष सिद्ध हो गया। जिस पर न्यायालय ने दोषी को पांच साल कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई है।

समाजसेवी नवनीत चौफला ने चंबा को हरित राजधानी में बदलने की छेड़ी मुहिम

अनंत ज्ञान, चंबा

विश्व पृथ्वी दिवस के 55वें अवसर पर चंबा में एक ऐतिहासिक पर्यावरणीय पहल की शुरुआत हुई, जिसकी अगुवाई बहादुरी के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित और सक्रिय समाजसेवी नवनीत चौफला ने की।

अपने 'थिंक ग्रीन' संदेश के तहत नवनीत चौफला ने मंगलवार को राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को एक औपचारिक मांगपत्र सौंपा, जिसमें चंबा के हरित विकास के लिए दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए।

चंबा के ऐतिहासिक हृदयस्थल में स्थित अखंड चंडी महल, को एक सांस्कृतिक और पर्यावरणीय केंद्र में तबदील करने की दिशा में

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित चौफला हर्ष महाजन को मांग पत्र देते हुए।

यह प्रस्ताव बेहद अहम है। चौफला ने मांग की है कि पूरे जिले में चिनार जैसे दीर्घायु और पर्यावरण के लिए लाभकारी वृक्षों का बड़े पैमाने पर रोपण किया जाए।

नवनीत 'सेव चंबा अभियान' के संयोजक हैं, जो लंबे समय से चंबा की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर को बचाने और संवर्धन करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा कि हर वृक्ष, हर पर्वत, हर नदी और हर हवा के झोंके में ईश्वर का वास है। अगर हम प्रकृति की सेवा करें, तो वह हमारे बच्चों का जीवन संवार देगी। उन्होंने विश्वास जताया है कि सांसद हर्ष महाजन इस प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे और इसे सांसद निधि या अन्य उपयुक्त योजनाओं के माध्यम से यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान कर जनता को एक अमूल्य तोहफा देंगे।

पहल — आई राइड ऐप से सब कुछ होगा ऑनलाइन, पुलिस को नहीं लगाने पड़ेंगे अस्पताल के चक्कर

अब एक्सीडेंट केस में नहीं भागना पड़ेगा अस्पताल

शुभम राही, बिलासपुर

अनंत ज्ञान खास खबर

अब सड़क हादसों के केस में पुलिस को न अस्पताल के चक्कर काटने पड़ेंगे, न ही कोर्ट में बार-बार डॉक्यूमेंट्स की मांग झेलनी पड़ेगी।

जिला अस्पताल बिलासपुर और घुमारवीं अस्पताल में एक बड़ी डिजिटल पहल की शुरुआत की गई है। अब आई राइड ऐप के जरिए सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का पूरा मेडिकल रिकॉर्ड रीयल टाइम में ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। यह सुविधा न केवल प्रशासनिक कामों को आसान बनाएगी, बल्कि घायल मरीजों को तेज और बेहतर उपचार भी मिल सकेगा। इस नई व्यवस्था की पुष्टि जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने की है।

बता दें कि पहले जहां एक्सीडेंट केस के डॉक्युमेंट्स के लिए पुलिस को अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब आई राइड ऐप पर सब कुछ सिर्फ एक क्लिक में उपलब्ध होगा। डॉक्टर जब मरीज को देखेंगे, उसी वक्त उसकी हालत, प्राथमिक उपचार, जांच और आगे के इलाज का पूरा ब्योरा ऐप में दर्ज करेंगे। अस्पताल प्रशासन ने इस ऐप के संचालन को लेकर डॉक्टरों को दो बार स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। अब जैसे ही कोई घायल मरीज अस्पताल पहुंचेगा, उसका पूरा बायोडाटा, एक्सीडेंट का समय, चोट की गंभीरता, कौन डॉक्टर देख रहा है ऐप में फीड हो जाएगा। यही नहीं, अगर केस कोर्ट में जाता है तो यह रिकॉर्ड पुलिस के लिए बेहद मददगार साबित होगा। इस डिजिटल सिस्टम से सबसे बड़ा फायदा घायल मरीज को होगा। डॉक्टरों को इलाज में देरी नहीं करनी पड़ेगी क्योंकि सारी जानकारी ऐप पर पहले से मौजूद होगी। (अनंत ज्ञान)

यह जानकारियां ऐप पर होंगी उपलब्ध

- घायल मरीज का नाम, आयु, लक्षण और प्राथमिक उपचार।
- किस समय अस्पताल लाया गया।
- कौन से चिकित्सक ने उपचार किया।
- आगे के इलाज की क्या प्रक्रिया अपनाई गई।
- और यदि आवश्यक हो तो रेफर की गई जानकारी भी।

बिलासपुर अस्पताल में आई राइड ऐप को शुरू किया गया है। इस ऐप के जरिए रोड एक्सीडेंट के मामलों का सारा रिकार्ड उसी

समय चिकित्सक ऑनलाइन दर्ज करेगा। इसके लिए दो बार चिकित्सकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इस ऐप का सभी अधिकारियों को लाभ मिलेगा।

-डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।

न्यूज ब्रीफ

जवाली और कांगड़ा में साक्षात्कार 23 व 26 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एचआर इंडस्ट्रीज सी 107/108 फोकल प्वाइंट एक्सटेंसन जालंधर, राज्य पंजाब द्वारा आईटीआइ ऑपरेटर (केवल पुरुष) के 50 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, धर्मशाला को अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता आईटीआइ (फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक) तथा आयु 18 से 35 वर्ष रखी गई है। कंपनी द्वारा रूपये 14000 रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) तो 23 अप्रैल को रोजगार उपकार्यालय जवाली और 26 अप्रैल को रोजगार उपकार्यालय, कांगड़ा में सुबह 10:30 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने सभी इच्छुक आवेदकों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वह साक्षात्कार में भाग लेने से पहले बेबसाइड पर अपनी ई-मेल आईडी या मोबाइल नम्बर से लोगइन करने के बाद अपने डैशबोर्ड पर दिख रही एचआर इंडस्ट्रीज की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल 9815999219 पर संपर्क कर सकते हैं।

इच्छी में गोशाला में लगी आग, बाल-बाल बचे मवेशी

अनंत ज्ञान, गगल। विकास खंड कांगड़ा के तहत पंचायत इच्छी के गांव बाग टीका नागन में दोपहर 1:00 बजे के करीब एक गोशाला में आग लग गई। आग लगने से गोशाला के ऊपरी हिस्से में रखा चारा और अन्य सामान जलाकर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे के दौरान गोशाला में कोई पशु नहीं था। बताया जा रहा है कि सुरिंद्र कुमार पुत्र धनी राम की गोशाला में अचानक आग लगी। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन इससे सुरिंद्र को भारी नुकसान हुआ है। इच्छी पंचायत की प्रधान कुसुमलता ने सरकार से इस पीड़ित परिवार को शीघ्र सहायता राशि देने की अपील की है।

सांसारिक सुखों की लालसा प्रभु प्राप्ति में बाधा

अनंत ज्ञान, शाहपुर। सर्वेश्वर शरण श्री निंबार्क सेवा संस्थान ट्रस्ट वृंदावन के तत्वावधान में वर्मा ज्वेलर्स शाहपुर के संस्थापक सुनील वर्मा की पूज्य माता स्वर्गीय उषा रानी के चतुर्थ वार्षिक श्राद्ध महोत्सव के उपलक्ष्य में काली माता मंदिर में चल रहिम श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस श्रीधाम वृंदावन से पधारे जगत गुरु निंबार्काचार्य सर्वेश्वर शरण ने कहा कि अगर ईश्वर का प्रेम पाना है तो विषयों के प्रति आसक्ति को कम करना चाहिए। सांसारिक विषय भोगों की भूख मानव जीवन को भगवान की ओर नहीं बढ़ने देती। हृदय में जब तक वासना है तब तक परमात्मा का प्रेम प्राप्त नहीं हो सकता। बृज की समस्त गोपांगनाओं ने संसार की आसक्ति छोड़कर भगवान से निस्वार्थ प्रेम किया और वह भगवत स्वरूप को प्राप्त हो गईं। भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं माखन चोरी, गौचारण लीला, ऊखल बंधन, वेणुगीत एवं गोवर्धन पूजा आदि दिव्य कथाओं को सुनकर श्रोताओं का मन भागवत प्रेम से ओतप्रोत हो गया। कथा का विश्राम 24 तारीख को दोपहर 12 बजे होगा।

लिटिल फ्लावर स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। भारत विकास परिषद शाखा नगरोटा बगवां द्वारा लिटिल फ्लावर हाई स्कूल औद्योगिक क्षेत्र नगर नगरोटा बगवां में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पृथ्वी संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों का अध्यापकों को प्रोफेसर अरुण कुमार और कुमुद मेहता, किशोरी लाल, उत्तम उत्तम वालिया जी वह शाखा अध्यक्ष आर के धीमान ने पृथ्वी के संरक्षण के उपलक्ष्य में जानकारियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम से किया वह अंत में राष्ट्रीय गान भी किया। इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका वर्मा को शाखा के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह वह स्वामी विवेकानंद का चित्र भेंट किया। इस कार्यक्रम में शाखा के निम्नलिखित सदस्य होने भाग लिया देव वालिया, केवल कौशल, ईश्वर शमा, कुलभूषण गुप्ता, विजय लंबा, स्वर्ण बलिया, अंदाज पटियाल, इंदू बाला व रमा शर्मा ने भाग लिया।

पीएम मोदी ने पंच तीर्थ बनवाकर बाबा साहेब को दिया सम्मान : सुधीर

कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को पंच तीर्थ बनवाकर सच्चा सम्मान दिया है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का नाम वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करके उनका अपमान

टंग नरवाणा में एससी समाज की 50 हस्तियों को मिला सम्मान

किया है। यह बात धर्मशाला से विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर शर्मा ने कही।

सुधीर शर्मा मंगलवार को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के तहत टंग नरवाणा मेला मैदान में डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जिला स्तरीय कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों को संबोधित कर रहे थे। सुधीर शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब के नाम पर पंच तीर्थ बनवाए हैं। यह संविधान निर्माता को सच्चा नमन है। इस दौरान अनुसूचित जाति समाज की 50 हस्तियों को उत्कृष्ट कार्यों पर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला एससी मोर्चा के अध्यक्ष ओमप्रकाश हीर, धर्मशाला अध्यक्ष राजेश, स्थानीय प्रधान संतोष कुमार, जगत राम, चंद्र भारद्वाज मंडल महामंत्री के अलावा सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में पहुंचे सांसद डॉ. सिकंदर का अभिनंदन करते विधायक सुधीर शर्मा।

कार्यक्रम में सांसद सिकंदर रहे मुख्यातिथि

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाबा साहेब के संघर्ष से लोगों को अवगत करवाते हुए उन्हें विश्व मानव की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आज सारी दुनिया के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में कांगड़ा चंबा के प्रभारी विपिन परमार ने कहा कि बाबा साहेब अदभुत प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने भारतीय समाज को नई दिशा दी है।

आज भी दलितों पर अत्याचार होना दुर्भाग्यपूर्ण : शांता कुमार

अनंत ज्ञान, पालमपुर

हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि जिस एक महारोग के कारण वेद उपनिषद, राम-कृष्ण के भारत वर्ष को सदियों तक गुलामी के काले दिन देखने पड़े। दुर्भाग्य से यह महारोग अभी भी भारत में विद्यामान है। कई कारणों से भारत के लोग बंटे, जातिगत भेदभाव बढ़ा। बहुत से लोगों को दलित कह कर दुतकारा, आपसी फूट बढ़ी और मुठ्ठी भर विदेशियों ने पूरे भारत को सदियों तक गुलाम रखा।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि आज भी देश में दलित अत्याचार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार भारत में दलित अत्याचार के प्रतिदिन 150 मामले दर्ज होते है। पिछले वर्ष 51 हजार मामले दर्ज किए गए। गरीब दलित धूमधाम के साथ शादी नही कर पाते। यदि दूले को घोड़े पर बैठाते है तो उन्हें अत्याचार सहना पड़ता है। आजादी के 78 वर्ष के बाद भी भारत में जातिगत दलित अत्याचार की घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। शांता कुमार ने कहा कि हिंदु समाज के नेताओं को इस संबंध में गंभीरता से विचार करना चाहिए। हिंदुओं में जिन गरीबों को दलित कहकर दुतकारा उन्हें ही विदेशियों ने स्वीकारा और इसी तरीके से भारत के करोड़ों लोग धर्म बदल कर विदेशी हो गए। इसी के कारण भारत के टुकड़े हो गए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मोहन भागवत ने एक बड़ी बात कही है कि यदि हिंदू समाज अब भी नहीं जागा तो कोई नया संकट खड़ा हो सकता है। प्रतिवर्ष मुसलमानों की संख्या बढ़ती जा रही है। उनमें कुछ ऐसे कटटरपंथी हैं, जो चार-चार शादियां करके बीस बच्चे पैदा करते हैं। कुछ बच्चे घर में बाकी घुसपैठ के लिए। इस काम के लिए उनको विदेशों से धन भी मिलता है। यदि हिंदु समाज अब भी नहीं जागा तो निकट भविष्य में एक और विभाजन की मांग खड़ी हो जाएगी।

हरे रंग में रंगे डीएवी तियारा के अध्यापक और विद्यार्थी

डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में विश्व पृथ्वी दिवस पर बनाए पोस्टर दिखाते बच्चे।

आशीष दमीर, कांगड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों ने सामूहिक संदेश दिया कि धरा को बचाओ और उसे हरा भरा रखो। विद्यार्थियों ने चार्ट पोस्टर के माध्यम से धरती को हरियाली देने का प्रण लिया। स्कू में शिखा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों जेनिका, क्षितिज, वेदांत, हर्षिता, शिवंशी, कृष, सानवी, शिवांक, अन्वी, सिमरन और लक्षित ने धरती पर कविता सुनाई और भाषण दिया। इस अवसर प्रधानाचार्या एकता अत्तरी ने विद्यार्थियों के साथ धरा को संरक्षित रखने का प्रण लिया और दूसरों को भी धरा को सरंक्षित रखने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक कुसुम, पवना, अनिता, नरेश, मीनाक्षी, याशिंद्र, कुलभूषण, रीना, अक्षित, अरुण, संजय, सम्मी, लक्ष्मी, शिवानी, नीलम, दीपिका, मानव, राकेश, प्रशांत, निमिषा, नवधा, वरुण, विवेक, शबनम आदि भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

जिला परिषद कांगड़ा की बैठक 25 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला परिषद कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक 25 अप्रैल शुक्रवार को नए जिला परिषद भवन के हॉल में आयोजित की जाएगी। इस दौरान बैठक के मुख्य एजेंडे में पूर्व के लंबित कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी, और कार्य कंहा तक पहुंचे हैं, इस विषय को लेकर समीक्षा की जाएगी। साथ ही नए वित्तिय वर्ष शुरू होने पर नए सेल्फ व नई प्लानिगं के प्रस्ताव रखे जाएंगे, जिन्हें स्वीकृति मिलने पर कार्य हो सकेंगे। इसके अलावा जिला परिषद के विभागीय वार्षिक बजट को भी रखा जाएगा। उधर, इस संबंध में पंचायती राज विभाग कांगड़ा के जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच ने बताया कि त्रैमासिक बैठक 25 अप्रैल को नए जिला परिषद हॉल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें नए सेल्फ व प्लानिंग को लेकर पार्षद अपनी बात रख पाएंगे।

तृप्ता स्कूल चलवाड़ा में पृथ्वी को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, जवाली

तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में पृथ्वी दिवस मनाते शिक्षक और विद्यार्थी।

तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने विश्व पृथ्वी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बारहवीं कक्षा के अच्युत राणा ने पृथ्वी दिवस पर बहुत शानदार जानकारी देते हुए सभी को यह संदेश दिया किया हमें पृथ्वी दिवस पर यह संकल्प लेना है कि हम इसको बिना हानि पहुंचाते हुए इसका संरक्षण करेंगे और इसे हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे और धरती को बचाएंगे। कक्षा बाहरवीं के ही मयंक ने कहा कि हम पृथ्वी को साफ और हरा-भरा रखेंगे तब ही हमारा जीवन संभव है। बच्चों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें यह संदेश दिया कि हमें पृथ्वी को बचाना है और प्रत्येक छात्र एक एक पेड़ अवश्य लगाएगा और उसकी पूरी देखभाल भी करेगा। प्रधानाचार्य राकेश राणा ने कहा कि पृथ्वी है तो जीवन है हमें पृथ्वी को साफ-सुथरा और हरा भरा रखना चाहिए। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और पेड़ो को काटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि सेव अर्थ सेव लाइफ अत: हमें पृथ्वी दिवस पर यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम पृथ्वी को हर भरा और इसे सुंदर बनाने में अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे।

अनंत फैशन एंड ब्यूटी

व्हाइट कलर के प्लाजो के साथ खूब जचेंगे ये लॉन्ग कुर्ते

अपने लुक को भीड़ से हटकर दिखाने के लिए अधिकतर लड़कियां फैशन की दुनिया में अपने आउटफिट में कई बदलाव करती है। ऐसे में अगर आप भी एथेनिक ड्रेस ट्राई करने का सोच रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी खूबसूरत कुर्ती दिखाएंगे, जिसे आप व्हाइट प्लाजो के साथ शामिल कर अपने लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट टच दे सकती है। आईए जानते हैं इन कुर्ती डिजाइन के बारे में।

खूबसूरत बंधेज प्रिंटेड गोटा पट्टी स्ट्रेट कुर्ता

अगर आप किसी देव भूमि पर भगवान के दर्शन करने के लिए जाने वाली है और वहां पहनने के लिए आप कुर्ता प्लाजो सेट देख रही है, तो आपके लिए यह खूबसूरत बंधेज प्रिंटेड गोटा पट्टी स्ट्रेट कुर्ता एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह आपको कई तरह के अलग-अलग कलर में मिल जाएगा। आप इसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती है। यहीं नहीं आपको यह ऑनलाइन आपकी साइज के हिसाब से मिल जाएगा।

खूबसूरत स्वीटहार्ट नेक कॉटन स्ट्रीट कुर्ती

इसके अलावा अगर आप किसी नॉर्मल फंक्शन में जाने वाली है या फिर अपनी दोस्त की शादी में हल्दी सेरेमनी अटेंड करना चाहती हैं, तो आप यह खूबसूरत स्वीटहार्ट नेक कॉटन स्ट्रीट कुर्ती के साथ व्हाइट प्लाजो भी शामिल कर अपने लुक को पूरा कर सकती है। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेंगी। इसके साथ आप एक्सेसरीज ट्राई कर अपने लुक को पूरा कर सकती है। यह सेट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा।

ब्लू एथेनिक प्रिंटेड कॉटन कुर्ता

अगर आप ऑफिस में अपने लुक से सभी को खुश करना चाहती है और भीड़ से हटकर दिखाना चाहती हैं, तो आप यह ब्लू एथेनिक प्रिंटेड कॉटन कुर्ता सेट भी ट्राई कर सकती है। इसे आप व्हाइट प्लाजो के साथ शामिल कर सकती है। इसके अलावा इसके साथ एक्सेसरीज और हेयर स्टाइल कर अपने लुक को पूरा कर सकती है। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा।

कॉलर स्लीवलेस प्योर कॉटन स्ट्रेट कुर्ता

अगर आप कॉलेज में कुर्ता प्लाजो सेट पहन कर जाना चाहती हैं, तो आप यह कॉलर स्लीवलेस प्योर कॉटन स्ट्रेट कुर्ता के साथ व्हाइट प्लाजो या वाइट कलर का ट्राउजर भी शामिल कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती है। यह कुर्ता प्लाजो सेट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती है।

शादी में ट्राई करें रेडी टू वियर साड़ी

साड़ी पहनना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन साड़ी को अच्छे से ड्रेप करने के लिए हम अक्सर पार्लर जाते हैं, ताकि हम अच्छे से साड़ी बांध सके। ऐसे में आप रेडी टू वियर साड़ी को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की रेडी टू वियर साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं।

कांजीवरम रेडी टू वियर साड़ी

आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए कांजीवरम रेडी टू वियर साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इस तरह की साड़ी में आपको बॉर्डर वर्क के साथ-साथ छोटी बूटी वाला डिजाइन मिल जाएगा। ऐसे में साड़ी आपको थोड़ी हैवी नजर आएगी। इस तरह की साड़ी बंधने में आसान रहेगी। इस तरह की साड़ी को आप दोबारा भी स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट से लेने पर ये आपको 2,000 से 3,000 रुपये में मिल जाएगी।

पैठणी साड़ी डिजाइन

आप शादी में पहनने के लिए फोटो में नजर आने वाली पैठणी साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ियां पहनने के बाद अच्छी लगती है। इसमें बॉर्डर वर्क मिलेगा। ब्लाउज भी आपको प्लेन और बॉर्डर के साथ मिलेगा। इससे साड़ी लुक और भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 2,000 से 3,500 रुपये में मिल जाएगी।

जींस के साथ पहनें स्ट्राइप प्रिंटेड टॉप

समर सीजन में महिलाएं कुछ इस तरह का आउटफिट स्टाइल करना पसंद करती हैं जिसमें वो कूल रहे साथ ही, उनका लुक खूबसूरत भी नजर आए। वहीं अगर आप जींस स्टाइल कर रही हैं और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो, आप स्ट्राइप प्रिंटेड टॉप स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ स्ट्राइप प्रिंटेड टॉप दिखा रहे हैं। इस तरह का स्ट्राइप प्रिंटेड टॉप जींस के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं और इसमें आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा।

हॉल्टर नेक स्ट्राइप प्रिंटेड टॉप

अगर आप कुछ डिजाइन में पहनने का सोच रही हैं, तो आप इस तरह का टॉप स्टाइल कर सकती हैं। यह टॉप हॉल्टर नेक डिजाइन में आता है और इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह की टॉप आपको न्यू लुक देने का काम करेगा और इसे आप 200 से 300 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस टॉप को आप व्हाइट या ब्लैक जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

शोल्डर स्ट्राइप टॉप

स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह के शोल्डरस्ट्राइपटॉप का भी चुनाव कर सकती हैं। यह टॉप शोल्डर स्ट्रैप में है साथ ही, इसमें प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है। इस तरह का टॉप आप बाजार से ले सकती हैं साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये टॉप 300 रुपये की कीमत में मिल सकता है। इस टॉप को आप ब्लैक या डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

वी-स्ट्रेप टॉप

अगर आप जींस के साथ कुछ न्यू डिजाइन का टॉप पहनने का सोच रही हैं तो, आप इस तरह का वी-स्ट्रेप टॉप का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह का टॉप आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 300 से 400 रुपये की कीमत में मिल सकता है। इस टॉप को लाइट कलर की जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

फ्लोरल प्रिंट टॉप

अगर आप फ्लोरल पैटर्न में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो, अप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट वाले टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह टॉप आपको कई सारे डिजाइन और कलर ऑप्शन के साथ 300 रुपये की कीमत में मिल सकता है। इस टॉप को आप डार्क कलर की डेनिम के साथ वियर कर सकती हैं।

न्यूज ब्रीफ

राज्यपाल ने काठगढ़ मंदिर में की पूजा-अर्चना

अनंत ज्ञान, इंदौरा। राज्यपाल शिव प्रताप शक्ल ने मंगलवार को कांगड़ा जिला के इंदौरा स्थित काठगढ़ के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। राज्यपाल ने मंगलवार को इंदौरा से 'नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम' के तहत बैरियर चौक से सैकड़ों की संख्या में आए मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी, स्थानीय महाविद्यालय व विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्कूली बच्चों को पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, नगरी। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जिया में मंगलवार को ईको क्लब एनएसएस यूनिट द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर में बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों को प्रायोजित किया, जिसमें नारा लेखन चित्रकला वह भाषण जैसी गतिविधियों की गई और प्लस टू के बच्चों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें कारण आदित्य पायल डिंपल मीनाक्षी अंशुल ने भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य राम प्रकाश ने पृथ्वी संरक्षण के ऊपर बच्चों को प्रेरणादायक जानकारी दी और एनएसएस प्रभारी सुधाकर व्यास ने भी अपने विचार रखे और बच्चों को पेड़ पौधे लगाने और प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

काव्यांश ठाकुर ने बनाया सबसे सुंदर मॉडल

अनंत ज्ञान, गगल। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खटेड़ धर्मशाला में मंगलवार को प्रधानाचार्य अरुण कुमार की अध्यक्षता में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में पोस्टर मेकिंग स्लोगन राइटिंग का मंचन किया गया जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया की सर्वप्रथम विद्यार्थियों से पृथ्वी को प्रदूषण रहित और हरा भरा रखने के लिए पौधे लगाने का आग्रह किया । इस अवसर पर नवमी कक्षा के छात्र कनिका और जसप्रीत ने पृथ्वी दिवस का महत्व बताया। कक्षा नर्सरी से लेकर चौथी तक के छात्र-छात्राओं ने वेस्ट मटेरियल से क्राफ्ट वर्क भी किया। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा आठवीं के काव्यांश ठाकुर ने सबसे सुंदर मॉडल बनाया। पांचवीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन बनाकर पृथ्वी दिवस मनाया और इसी माध्यम से पृथ्वी को बचाने की अपील की।

गढ़ जमूला स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस की धूम

अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़जमूला में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्या काजल कुमारी द्वारा इस दिवस पर रैली को हरी झंडी दिखाई गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया तथा इस रैली में एनएसएस स्वंय सेवकों ने भी सहयोग किया। धौलाधार यूथ एवं इको क्लब इंचार्ज रमन कश्यप प्रवक्ता (जीव विज्ञान) द्वारा इस उपलक्ष पर विभिन्न पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाए गए। जिसे स्कैन कर वृक्ष की पूर्ण जानकारी तत्काल प्राप्त होगी। विद्यालय प्रांगण में भी सभी पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाए गए। इस कार्यक्रम में सभी प्रवक्ताओं, अध्यापकों और नॉन टीचिंग स्टाफ ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

पृथ्वी दिवस पर नौरा में करवाईं प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नौरा में मंगलवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन 22 किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्लस वन रिया ने प्रथम स्थान, नव्या ने द्वितीय स्थान तथा राहुल ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर ग्रुप में चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा छठी की अंजलि ने प्रथम स्थान, बनिका ने द्वितीय स्थान तथा रिशु व रजत ने तृतीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दसवीं कक्षा की छात्रा कृतिका ने हासिल किया। द्वितीय स्थान आयुषी आठवीं कक्षा की छात्रा ने हासिल किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सीमा पठानिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्टाफ सेक्रेटरी नरेश राणा ने बताया कि स्कूल के तमाम स्टाफ ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

भारत विकास परिषद ने रोपे औषधीय पौधे

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के सदस्यों ने मंगलवार को अध्यक्ष प्रीतम भारती और पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला के प्रिंसिपल करण कौशल के सानिध्य में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ संवाद किया और परिसर में औषधीय पौधे लगाए। इस अवसर पर शाखा के सदस्यों अनुज आचार्य, रविता भारद्वाज, धर्मपाल शर्मा, डीआर ठाकुर, हरीश अरोड़ा, रीता शर्मा, अरुण शर्मा, रमेश चड्ढा, अशोक आनंद, विपिन भारद्वाज और उदय सिंह राणा ने विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व को लेकर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की आंकड़ों सहित जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक संजीव सूद, राकेश शर्मा, राकेश कपूर, निजु शर्मा, रीता देवी, डॉक्टर विशाल और विद्या देवी भी उपस्थित रहे।

भाषण स्पर्धा में वैष्णवी ने झटका प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। राजकीय उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सकड़ी में कचनार ईको क्लब द्वारा पृथ्वी दिवस बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पाठशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता व स्लोगन लेखन आदि है। कचनार इको क्लब प्रभारी एवं प्रवक्ता छवि सूद ने पृथ्वी दिवस के उत्सव पर अपने विचार बच्चों के समक्ष रखें और बच्चों को पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य चंद्रपाल राणा ने भी पृथ्वी दिवस पर बच्चों को पृथ्वी संबंधित व पर्यावरण संबंधित विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूक किया तथा कचनार ईको क्लब के प्रयासों की भी सराहना की। भाषण प्रतियोगिता में वैष्णवी ने प्रथम, अमन ने द्वितीय तथा साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में वेगा प्रथम ,स्नेहा द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग कंपटीशन में राहुल ने प्रथम,साक्षी ने द्वितीय तथा शगुन व चंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष पर कचनार इको क्लब के वॉलिंटियर्स ने पूरे स्कूल कैंपस में साफ सफाई की तथा आसपास के लोगों को भी पृथ्वी को सुरक्षित करने का संदेश दिया।

मीलवां-बरोटा मार्ग पर रोके क्रशर के ट्रक

अनंत ज्ञान, इंदौरा। ब्लॉक इंदौरा के मीलवां-बरोटा मार्ग पर सोमवार को क्रशर के ट्रकों को ग्रामीणों ने रोककर अपना रोष प्रकट कियौ। दरअसल उपमंडल अधिकारी इंदौरा ने क्रशर मैटीरियल से लदे ट्रकों को शाम आठ बजे से लेकर सुबह छह बजे तक आने जाने पर आदेश जारी किए हैं, लेकिन रात को बकराड़वा गांव में एक पुली बैठ जाने से सारी ट्रैफिक रुक गई, जिस कारण गाड़ियां जब दिन में जाने लगी तो त्यौरा और बसंतपुर में ग्रामीणों ने उन्हें यह कहकर रोक दिया कि इस वक्त गाड़ियों को निकालना वर्जित है।

नगरोटा बगवां में बनाई जाए पार्किंग

नगरोटा बगवां व्यापार मंडल ने विधायक आरएस बाली को बताईं समस्याएं

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

स्थानीय विधायक आरएस बाली को अपनी समस्याओं से अवगत करवाता व्यापार मंडल नगरोटा बगवां का प्रतिनिधिमंडल।

नगरोटा बगवां व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने नगरोटा बगवां क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगरोटा के विधायक आरएस बाली को ज्ञापन सौंपते हुए मांग रखी कि बाजार में सड़क किनारे किसी कंपनी द्वारा केवल डालने के लिए करीब एक साल पहले खुदाई की गई थी। एनएच विभाग ने आज तक खोदी गई सड़क की भरपाई नहीं की, जिससे व्यापारियों के साथ लोगों को पैदल चलने में दिक्कत हो रही है।

ज्ञापन में कहा है कि नगरोटा शहर और साथ लगते गांवों में बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या से स्कूली बच्चों और लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है तथा कई लोगों को इन्होंने घायल भी किया है और आए दिन वाहनों की दुर्घटनाएं हो रही हैं। व्यापार मंडल ने मांग रखी कि बाजार में आए दिन वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण जाम लगते हैं। ऐसे में बाजार में पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाए।

इस अवसर पर उन्होंने आरएस बाली से गुहार लगाई है कि बेसहारा पशुओं को किसी सुरक्षित स्थान पर रखने की व्यवस्था करवाई जाए।

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली द्वारा नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा भी की। इस प्रतिनिधिमंडल में व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र सिपहिया, अरविंद चौधरी, नवयोग आदि शामिल रहे।

वहीं, विधायक आरएस बाली ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को एक कमेटी बनाने को कहा, ताकि शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा सके।

पंजाब किंग्स की टीम एक मई को पहुंचेगी धर्मशाला

अनंत ज्ञान, धर्मशाला। एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले आईपीएल सीजन-2025 के मैचों के लिए पंजाब किंग्स की टीम 1 मई को धर्मशाला पहुंच जाएगी, जबकि 2 मई को लखनऊ सुपर जाइंटस की टीम के धर्मशाला पहुंचने की संभावना बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पंजाब किंग्स टीम के दूसरे घरेलू मैदान में पंजाब की टीम 4 मई को लखनऊ के साथ आईपीएल का मैच खेलेगी। 1 मई को धर्मशाला पहुंचने वाली टीम के लिए रहने की व्यवस्था होटल रेडिसन ब्लू में रहेगी। जानकारी के अनुसार 2 मई को लखनऊ की टीम के धर्मशाला पहुंचने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि लखनऊ की टीम के यहां पहुंचने को लेकर अभी शैड्यूल जारी नहीं हुआ है। ऐसे में दोनों टीमें यहां पहुंचकर अभ्यास करने के बाद 4 मई को अपना मुकाबला खेलेंगी। आईपीएल के प्वाइंट टेबल के तहत पंजाब चौथे और लखनऊ पांचवें स्थान पर है।

नई जोड़ी

सुंदरनगर के अनमोल कौशल और डॉ. वृंदा कौशल को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

भनबाड़ के दीपक और सुंदरनगर की शिल्पा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

जयसिंहपुर में बनने वाले इंडोर स्टेडियम के लिए धनराशि जारी : यादविंद्र गोमा

अजय पाल, पालमपुर

युवा सेवाएं व खेल विभाग जिला कांगड़ा द्वारा जयसिंहपुर विस क्षेत्र में बनने वाले इंडोर स्टेडियम, सकोह व सलियाणा में बनने वाले खेल मैदानों व सोल बनेहहड़ पंचायत में बनने वाले स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के लिए 3 करोड़ रुपए की राशि लोक निर्माण विभाग को जारी कर दी है । आयुष युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने युवाओं में खेलकूद को बढ़ावा देने व ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं के हुनर को निखारने के लिए इंडोर स्टेडियम व खेल मैदान बनाने की घोषणा इन पंचायतों में अपने प्रवास के दौरान की थी।

सोल बनेहहड़ में बनने वाले स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के लिए भी राशि जारी

इसके तहत इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए अतिरिक्त राशि के रूप में डेढ़ करोड़ रुपए खेल विभाग ने लोक निर्माण विभाग के पास जमा करवा दिए हैं। पहले भी इंडोर स्टेडियम के लिए लोक निर्माण विभाग के पास 3.5 करोड़ रुपए खेल विभाग ने जमा करवाए हैं। इस के अलावा सलियाना खेल मैदान के लिए 50 लाख, सकोह खेल मैदान के लिए 50 लाख तथा सोल बनेहड़ में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने के लिए 50 लाख रुपए खेल विभाग ने लोक निर्माण विभाग के पास जमा करवा दिया है। अब जल्द ही इन मैदानों का काम शुरू हो सकेगा।

खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि इन पंचायतों में उनके प्रवास के दौरान स्थानीय लोगों विशेष कर युवाओं ने खेल मैदान बनाने की मांग रखी थी, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत कर लोक निर्माण विभाग के पास जमा करवा दी है, ताकि जल्द इन खेल मैदानों का काम शुरू हो सके। खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि इन खेल मैदानों के बन जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं मिलेंगी और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

मुख्य सचिव को तत्काल निलंबित करे प्रदेश सरकार : बिक्रम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंत्री एवं जसवां-परागपुर से विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने प्रदेश के मुख्य सचिव प्रभोध सक्सेना पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई और तत्काल निलंबन की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि एक सेवाविस्तार पर बैठे वरिष्ठ अधिकारी न केवल प्रशासनिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि जनता को गुमराह करने का प्रयास भी कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में आयोजित एक निजी आयोजन में मुख्य सचिव और उनकी पत्नी का नाम निमंत्रण कार्ड पर छपा था। यह कार्यक्रम कथित तौर पर अधिकारियों की बैठक बताया गया, लेकिन सच्चाई यह है कि उस आयोजन में कई कारोबारी और गैर-सरकारी लोग भी मौजूद थे, जो वायरल तस्वीरों और वीडियो में साफ दिखाई देते हैं। जब इस कार्यक्रम की आलोचना शुरू हुई तो मुख्य सचिव ने इससे किनारा करते हुए इसे केवल 'अधिकारियों की बैठक' बताया। यह बयान न केवल असत्य है, बल्कि सरकारी पद का दुरुपयोग और जनता के विश्वास के साथ धोखा है। जब एक वरिष्ठ अधिकारी यह कहे कि लोग सिस्टम को नहीं जानते, तो यह उनके अंदर पनप रहे सत्ता के अहंकार को दर्शाता है। ऐसे अधिकारियों की सोच लोकतंत्र और पारदर्शिता के लिए खतरा है। बिक्रम ने कहा कि अगर इस मामले में सरकार मूकदर्शक बनी रहती है, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि ऐसे अधिकारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने चेताया कि भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी और इस तरह के गैर जवाबदेह रवैये को बेनकाब करेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि सरकार को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से मुख्य सचिव को उनके पद से निलंबित करे और निष्पक्ष जांच शुरू करे।

सालगिरह मुबारक

मैरामसीत के दिनेश और यशू को शादी की पहली सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

गुरु ही साक्षात परब्रह्म : एसके पुंज

श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी बधानी में विदाई और फ्रेशर पार्टी का आयोजन

अशोक ठाकुर, पठानकोट

श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी बधानी में आयोजित पार्टी में मौजूद गणमान्य।

श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी बधानी में विदाई पार्टी के साथ फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज सीएमडी कंवर तुषार पुंज व रिया पुंज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। चेयरमैन एसके पुंज ने स्टूडेंट्स और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी यहां ग्रुप के एक शिक्षक के विदाई समारोह के अवसर पर उपस्थित हुए हैं।

एक अध्यापक न सिर्फ छात्रों के जीवन में शिक्षा का उजाला लाता है, बल्कि उन्हें जीवन को जीने के लिए व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करता है। एक शिक्षक के हाथों में आने वाला भविष्य होता है। वे ही आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करते हैं और उनके व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं।

माता-पिता के बाद यदि किसी को ईश्वर का दर्जा हासिल है तो वे गुरु हैं। शिक्षक की महिमा का गुणगान एक दोहे में गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही भगवान शंकर के रूप में किया गया है। गुरु ही साक्षात परब्रह्म हैं। ऐसे गुरु को मैं प्रणाम करता हूं, जिन्होंने हमें शिक्षा देने के साथ ही स्वावलंबन, समय के पाबंद होने, मेहनत, लगन और उच्च चरित्र का पाठ भी पढ़ाया। वहीं, फ्रेशर पार्टी में स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। मैनजमेंट की ओर से मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर को सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

सेवानिवृत्त हवलदार बरडू राम ने मोक्षधाम के लिए दान दी भूमि

अनंत ज्ञान, डरोह। समाजसेवी तथा थल सेना से सेवानिवृत्त हवलदार बरडू राम पुत्र स्व. पंजकू राम निवासी सन्हूं ने अपनी ओर से सन्हूं पंचायत को मोक्षधाम बनवाने के लिए मोल खड्डु के किनारे साढ़े पांच मरले भूमि दान दी। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि एक दिन हम सबका मृत्यु से मिलन होगा। हमारे पार्थिव शरीर को जलाया जाएगा। उसके लिए मोक्षधाम की बहुत जरूरत थी। इस महान कार्य के लिए सन्हूं पंचायत के उपप्रधान संतोष कुमार ने बरडू राम का आभार जताया।

पोस्टर मेकिंग में दीक्षा-दिव्यांशी ने हासिल किया पहला स्थान

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के बायो साइंस विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला से वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर रंजीत ठाकुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में दीक्षा और दिव्यांशी ने प्रथम स्थान, प्रकृति ऋतिक और स्मृति ने द्वितीय स्थान और गौरीशा और तन्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलजीत सिंह पटियाल ने सभी को शुभकामनाएं दी और बताया कि पृथ्वी दिवस की शुरुआत 1970 में अमेरिका में हुई थी। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, प्रदूषण को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों की बचत और उचित उपयोग, रीसायक्लिंग को बढ़ावा देना और पेड़-पौधों को लगाकर धरती को हरा-भरा बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धरती को बचाने के लिए हम सभी अक्सर हरित तरीकों और स्वच्छ ऊर्जा पर ही बात करते हैं लेकिन व्यक्तिगत तौर पर भी अपनी जिम्मेदारी समझकर पृथ्वी को संरक्षित रखने में योगदान दिया जा सकता है। पृथ्वी को बचाने के लिए बड़े बदलावों के साथ-साथ व्यक्तिगत छोटे-छोटे प्रयास भी महत्वपूर्ण हैं।

कांगड़ा एयरपोर्ट को मिली नेफको की नई सीएफटी

अनंत ज्ञान, गगल। कांगड़ा एयरपोर्ट के अग्निशमन विभाग में नेफको की नई सीएफटी जुड़ने से एक और भारतीय विमान प्राधिकरण के स्लोगन सुरक्षा सहित सेवा को मजबूती प्राप्त हुई है। नेपको की सीएफटी में 6000 लीटर पानी वह 800 लीटर फॉर्म टैंक है। इसके साथ ही ढाई सौ का डीसीपी सिलेंडर भी है। मंगलवार को पूजा पाठ करते हुए कार्यकारी निर्देशक शैलेश कुमार सिंह ने अग्निशमन प्रभारी सतपाल गुलिया एवं तकनीकी विभाग प्रभारी वाल्मीकि बांगर के साथ मिलकर इसे अग्निशमन विभाग को सुपुर्द किया।

25 साल से शोषण सहन कर रहे कंप्यूटर शिक्षक : अजीत

अनंत ज्ञान, डरोह

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पिछले 25 वर्षों से नाममात्र के वेतन पर कार्यरत कंप्यूटर शिक्षकों में सरकार व शिक्षा विभाग के प्रति भारी रोष प्रकट किया है। हिमाचल प्रदेश कमेटी शिक्षक संघ की अध्यक्ष सुमन ठाकुर, मुख्य संयोजक अजीत धीमान ने कंप्यूटर शिक्षकों की अनदेखी पर रोष प्रकट करते हुए प्रेस को संयुक्त वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बार-बार संघ को आश्वासन देने के बाद और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आदेश देने के बावजूद भी शिक्षा विभाग में कंप्यूटर शिक्षकों को सम्मिलित करने हेतु कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे प्रदेश भर के 1321 कंप्यूटर शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि 2023 में कंप्यूटर शिक्षकों को शिक्षा विभाग में समायोजित करने हेतु फैसला आया था। इस फैसले को आए हुए लगभग 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रक्रिया को पुनः शुरू नहीं किया गया। कंप्यूटर शिक्षक सरकारी स्कूलों में बेहतर सेवाएं दे रहे हैं और सरकार के सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करते हुए बच्चों को 25 वर्षों से पढ़ाई लिखाई करवा रहे हैं। कंप्यूटर शिक्षकों ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के परिणाम में बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में बेहतर योगदान देते आ रहे हैं। शिक्षा विभाग में कंप्यूटर शिक्षक ही एक ऐसा विभाग बचा है जिसको अभी तक शिक्षा विभाग में मर्ज करके नियमित नहीं किया गया है।

राजेश डडवाल का नया गाना रिलीज

अनंत ज्ञान, कोटला। जवाली क्षेत्र की पंचायत पद्धर से संबंध रखने वाले युवा पहाड़ी लोक गायक राजेश डडवाल का नया गाना 'जीजा साली दा मुकाबला' भाली के बैकुंठ होटल में रिलीज किया गया। गाने में संगीत चिंतपूर्णी स्टूडियो ने दिया है और गाने को लिखा अमित शर्मा व निर्देशन तेज भारद्वाज ने किया है। गाने की वीडियोग्राफी शुभम चौधरी ने की है। गाने में सोनाली एंड ग्रुप ने बतौर अदाकारा भूमिका अदा की है।

टीबी मुक्त बटाहण, बच्छवाई, लाहट सन्हूं और कौना पंचायतें सम्मानित

राकेश डोगरा, डरोह

टीबी मुक्त पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि पदकों और प्रमाण पत्रों के साथ।

सिविल अस्पताल थुरल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम धीरा सलीम आजम ने की। थुरल सिविल अस्पताल की बीएमओ अनिता शर्मा ने एसडीएम धीरा का इस कार्यक्रम में आने पर स्वागत किया।

इस दौरान इस क्षेत्र की पांच पंचायतों बच्छवाई, बटाहण, कौना, सन्हूं व लाहट को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इनमें से लाहट पंचायत को रजत पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य चार पंचायतों को कांस्य पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिविल अस्पताल थुरल की बीएमओ अनिता शर्मा ने टीबी मुक्त पंचायतों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अगली बार इन पंचायतों को रजत व कांस्य पदक न लेकर स्वर्ण पदक हासिल करना होगा। इस कार्यक्रम में एसटीएस अनूप चौहान, बीपीएस अभिषेक शर्मा, बटाहण पंचायत की प्रधान सीमा देवी, उपप्रधान सतपाल, बच्छवाई के प्रधान देस राज, सन्हूं की प्रधान शशि बाला व उपप्रधान संतोष कुमार, कौना की प्रधान सीमा देवी, लाहट के प्रधान प्रताप चंद मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

पश्चिमी सेना कमांडर ने युद्ध स्मारक धर्मशाला में अर्पित की श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में युद्ध स्मारक में आयोजित एक समारोह में, पश्चिमी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना कमांडर ने भारतीय सेना की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की। वीरों की अदम्य भावना के प्रति गहरा सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध स्मारक, एक प्रतिष्ठित राज्य स्मारक है, जिसे 28 सितंबर, 1977 को कमीशन किया गया था। यह स्मारक भारत के युवाओं के लिए सेवा के महान आह्वान को अपनाने, राष्ट्र की अखंडता और सम्मान की रक्षा करने के लिए प्रेरणा का प्रतीक है, उसी अटूट प्रतिबद्धता और साहस के साथ, जिसका प्रदर्शन वीरों ने किया था, जिनके नाम इसकी पट्टिकाओं पर सुनहरे अक्षरों में अंकित हैं। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक प्रशासन अधिकारियों, सेवारत सैन्य कर्मियों और दिग्गजों सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

सम्मेलन सीएसआईआर पालमपुर में स्मार्ट और सतत कृषि पर सम्मेलन का आयोजन

स्मार्ट और सतत कृषि की बताई अहमियत

अनंत ज्ञान, पालमपुर

सीएसआईआर पालमपुर में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता।

सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर में 22 अप्रैल को स्मार्ट और सतत कृषि पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रोफेसर रजत संधीर, निदेशक, पीयू-आईआईटी रोपड़ रीजनल एक्सेलेरेटर फॉर होलिस्टिक इनोवेशन (पीआई-राही) ने स्मार्ट और सतत कृषि की भूमिका और बदलते समय में इसकी आवश्यकता पर गहराई से प्रकाश डाला।

उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्यों को प्रस्तुत किया तथा नवीनतम तकनीकों, जो कि पर्यावरण अनुकूल और उपयोगकर्ता के लिए सहज हो, को अपनाने पर जोर दिया। वीआर लाजगा, उपाध्यक्ष, सहकारी विकास प्राधिकरण, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में कृषि सहकारी समितियों के विकास के लिए नेटवर्क फिलीपींस ने NEDAC के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, जिसका मुख्य उद्देश्य छोटे ग्रामीण उत्पादकों को एक साथ लाकर व्यापारिक उपक्रमों का निर्माण करना है, जिससे वे विभिन्न प्रकार के कृषि उत्पादों का निर्यात कर सकें।

सम्मेलन में ज्योति सरूप, उन्नति कोऑपरेटिव मार्केटिंग-कम-प्रोसेसिंग सोसाइटी लिमिटेड, तलवाड़ा, पंजाब ने इस तरह की पहलों में सहकारी समितियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को संस्थान की प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का आहवान किया। इससे पहले, सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक, डॉ. सुदेश कुमार यादव ने अपने स्वागत संबोधन में संस्थान में की जा रही जैव-संसाधन आधारित गतिविधियों का विस्तार से वर्णन किया तथा उसके लक्ष्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सीएसआईआर मिशन कार्यक्रमों जैसे कि अरोमा मिशन, फ्लोरीकल्चर मिशन, फाइटोफार्मास्यूटिकल मिशन के बारे में जानकारी दी, जिससे किसान समूहों का निर्माण हुआ और उन्हें उद्योग से जोड़ा गया। इस कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश सहित 10 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

न्यूज ब्रीफ

पार्किंग की सीढ़ियों से गिरकर एक की मौत

अनंत ज्ञान, शिमला। कांगड़ा जिला के पालमपुर से शादी समारोह में आए व्यक्ति की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई है। घटना थाना बालूगंज के अंतर्गत पेश आई है। जानकारी के अनुसार शादी समारोह के लिए शिमला आए पालमपुर निवासी अशोक ग्रोवर कच्चीघाटी में होटल में ठहरे हुए थे। इस दौरान वे पार्किंग के लिए उतरने वाली सीढ़ियों पर गिरकर जख्मी हो गए। घायल को उपचार के लिए आईजीएमसी अस्पताल लाया गया, लेकिन यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीडब्ल्यूडी में दो चीफ इंजीनियरों के तबादले

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल सरकार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के दो चीफ इंजीनियर के तबादले किए हैं। इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। इसके अनुसार इंजीनियर अजय कपूर को मुख्य अभियंता (मुख्यालय) पीडब्ल्यूडी शिमला के पद पर नियुक्त किया गया है। वह अब तक मुख्य अभियंता (नेशनल हाईवे), एचपीपीडब्ल्यूडी शिमला के पद पर कार्यरत थे। वहीं इंजीनियर संजय कुमार सोनी को मुख्य अभियंता (नेशनल हाईवे) पीडब्ल्यूडी शिमला के पद पर तैनात किया गया है। वह इससे पहले मुख्य अभियंता (मुख्यालय) पीडब्ल्यूडी शिमला के पद पर कार्यरत थे।

लॉन्ग रूट बसों में लोकल सवारियां कर सकेंगी सफर

अनंत ज्ञान, शिमला। न्यूनतम किराया बढ़ने के बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बसों में अब लंबी दूरी के रूटों पर भी लोकल सवारियां सफर कर सकेंगी। अब तक लांग रूटों की बसें लोकल सवारियों को नहीं उठाती थीं, लेकिन किराया वृद्धि के बाद स्टेट एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन ने सभी रूटों पर लोकल सवारियों को बैठाने का निर्णय लिया है। यूनियन ने कहा है कि इससे न केवल लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि निगम की आय भी बढ़ेगी। स्टेट कंडक्टर यूनियन हिमाचल प्रदेश के प्रांतीय प्रधान प्रीत महेंद्र और महासचिव दीपेंद्र कंवर ने प्रदेश भर के सभी परिचालकों से अपील की है कि वे चाहे लोकल रूट हों या लांग रूट, सभी जगहों से लोकल सवारियों को बसों में बिठाएं। इस संबंध में डीएम शिमला देवासेन नेगी ने कहा कि निगम की आय में वृद्धि के लिए समय-समय पर कदम उठाए जा रहे हैं। निगम प्रबंधन की ओर से पहले से ही परिचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां भी सवारी मिले, चालक-परिचालक उसे बस में बैठाएं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर रहा क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्वर्ण जयंती एनवायरो-क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन कर रहा है। यह अंतर-विद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता राज्य के छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता 22 अप्रैल से शुरू हो गई है और 5 जून 2025 (विश्व पर्यावरण दिवस) तक आयोजित की जाएगी। यह एनवायरो-क्विज, बोर्ड की स्वर्ण जयंती समारोहों का एक महत्वपूर्ण भाग है और इसे विशेष रूप से छात्रों को पर्यावरण विज्ञान, प्रदूषण नियंत्रण, सतत विकास, और हिमाचल प्रदेश की पारिस्थितिकी पर केंद्रित जानकारी से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव बरामद

अनंत ज्ञान, शिमला। ताजा मामला शिमला जिला के कोटखाई उपमंडल से सामने आया है जहां एक युवक का शव उसकी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। पुलिस के अनुसार कोटखाई थाना को सोमवार को सूचना मिली कि राम की कराली क्षेत्र के पास एक व्यक्ति अपनी कार में मृत पड़ा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल बहलीधार से आगे एक सुनसान घाटी में था जहां एक नीले रंग की स्विफ्ट कार खड़ी मिली। पुलिस ने जब कार की जांच की तो पाया कि सभी खिड़कियां अंदर से बंद थीं हालांकि दरवाजे लॉक नहीं थे। मृतक की पहचान 31 वर्षीय वशिष्ठ घाल्टा निवासी कोटखाई के रूप में हुई है। युवक के शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला जिससे मामला और रहस्यमयी हो गया। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की कमान संभाली। शव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटखाई ले जाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की।

ठेका मजदूरों के शोषण पर गरजा लाल झंडा

तीन हाइड्रो प्रोजेक्टों में मजदूरों के साथ हो रहा भेदभाव, एसजेवीएन मुख्यालय में किया प्रदर्शन

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

कहा- मुख्य मांगों को किया जा रहा नजरअंदाज

सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड के तीन हाइड्रो प्रोजेक्टों में कार्यरत ठेका मजदूरों की मांगों को लेकर सीटू से संबधित यूनियनों और एसजेवीएन की हाइड्रो परियोजनाओं में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों के साथ एसजेवीएन मुख्यालय शिमला में प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन ग्रेच्युटी, बीमा व काम के आधार पर पद जैसी मुख्य मांगों को लेकर किया गया।

सीटू राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि एसजेवीएन को भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा प्रतिष्ठित नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया है। इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के साथ कंपनी भारत की 25वीं नवरत्न कंपनी बन गई है, जो एसजेवीएन की 1988 में स्थपना के बाद 36 साल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

कंपनी ने वित वर्ष 2023-24 में हाइड्रो सौर और पवन में 8489 एमयू बिजली उत्पादन कर 908.40 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया। बिजली उत्पादन का अधिकतम हिस्सा हाइड्रो प्रोजेक्टों से आता है। मजदूरों को न्यूनतम वेतन नही दिया जा रहा है। न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के प्रावधानों कार्य की प्रवृत्ति के अनुसार मजदूरों को अलग अलग श्रेणी में रखा जाता है, ताकि उनके श्रेणी के अनुसार निर्धारित न्यूनतम वेतन दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

मजदूरों की मांगों को लेकर एसजेवीएन के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सीटू से संबंधित कार्यकर्ता।

मजदूरों को ग्रेच्युटी की सुविधा से रखा जा रहा वंचित

इसके अतिरिक्त मजदूरों के लिए बीमा का कोई प्रावधान नही है, जबकि एनएचपीसी मज़दूरों को बीमा की सुविधा देती है। मज़दूरों को ग्रेच्युटी की सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। हमारा संविधान देश का सर्वोच्च कानून है जिसे हमारे देश के सभी कानूनों का आधार माना जाता है।

जायज मांगों को दबाने की कोशिश न करें

पदाधिकारियों ने बताया कि ये सारी परिस्थितियां व्यक्ति की आजीविका से जुड़ी है, ऐसे में प्रबंधन द्वारा ग्रेच्युटी न देना मजदूरों को जीवन जीने के अधिकार से वंचित रखना है। मजदूर विरोधी प्रबंधन द्वारा जो मजदूर अपनी हकों की आवाज उठा रहा है उन्हें चिन्हित करके प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है।

मांगें न मानी तो, हाइड्रो प्रोजेक्टों का काम होगा बंद

मजदूर नेताओं ने कहा कि यदि आने वाले समय में मजदूरों की मांगों को नही माना गया तो उन्हें मजबूरन अनिश्चितकालीन समय के लिए हाइड्रो परियोजनाओं का काम बंद करना पड़ेगा। इसलिए जितना जल्दी हो सके, मजदूरों की मांगों को बिना शोर-शराबा किए हुए मान ली जाए।

भीड़ प्रबंधन पर प्रशिक्षुओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

- आपदा प्रबंधन पर तीन दिवसीय कार्यशाला आरंभ
- संभावित आपदाओं से बेहतर तरीके से होगा निपटान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपायुक्त कार्यालय शिमला के बचत भवन सभागार में आपदा प्रबंधन के तहत भीड़ प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला ज्योति राणा ने किया।

ज्योति राणा ने विषय विशेषज्ञ और संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का शिविर में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य शिमला जिला में भगदड़ से संबंधित आपदाओं पर रोक लगाना है।

उन्होंने कहा कि तीन दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं को भीड़ प्रबंधन से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाने के प्रयास किए जाएंगे ताकि संभावित आपदाओं से बेहतर तरीके से निपटा जा सके।

कर्नल वीएन सुपनेकर ने दी विशेष जानकारी

विषय विशेषज्ञ कर्नल वी एन सुपनेकर ने घटना प्रतिक्रिया प्रणाली की अवधारणा, सामूहिक आयोजन प्रबंधन की अवधारणा, खतरा, भेद्यता, जोखिम आकलन एवं एचवीआर आकलन पर अपनी विस्तृत बात रखी।

भीड़ प्रबंधन रोकथाम पर किया विचार

इस बीच उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने सुझाव एवं प्रश्न को भी आमंत्रित किया। कार्यशाला के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने कालीबाड़ी मंदिर में जाकर भीड़ प्रबंधन रोकथाम के विस्तृत पहलुओं पर भी चर्चा की।

एसबीआई शाखा धरेच में बैंक ड्रॉफ्ट न बनने से युवा परेशान

अनंत ज्ञान, जुन्गा

बीते कई दिनों से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया धरेच शाखा में बैंक ड्रॉफ्ट न बनने से युवाओं को नौकरी के लिए आवेदन करने में काफी परेशानी पेश आ रही है । बता दें कि इन दिनों नाईलेट द्वारा ऑउटसोरस पर विभिन्न पदों के लिए आवेदन पत्र मांगे गए है जिसके लिए 28 अप्रैल की लास्ट डेट रखी गई । इस पद के लिए 500 रुपए का डिमांड ड्रॉफ्ट मांगा गया है ।

स्थानीय धरेच पंचायत के प्रधान हेतराम गंधर्व ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की धरेच शाखा में बैंक ड्रॉफ्ट न बनने से विशेषकर जुग्गर, पणौली, सतोग, खगना, गरपेंया सहित अनेक गांव के युवाओं को बैंक ड्रॉफ्ट बनाने के लिए ठियोग जाना पड़ रहा है जिससे युवाओं का जहां सारा दिन बर्बाद हो जाता है वहीं पर बस में आने जाने का किराया और अन्य आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र की तीन पंचायतों का एक मात्र बैंक हैं । ग्राहक सुविधाएं न मिलने से युवाओं को परेशानी पेश आ रही है ।

बैंक प्रबंधक संजीव ने बताया कि बीते कुछ दिनों बैंक कर्मचारी के अवकाश पर होने से बैंक ड्रॉफ्ट नहीं बन पा रहे हैं। इनके शीघ्र अवकाश से वापिस आने पर बैंक ड्रॉफ्ट बन जाएगें।

रोहड़ू मेले में हुआ व्यवस्था परिवर्तन : मोहन लाल

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोहड़ू मेला विधिवत रूप से संपन्न हो गया। समापन समारोह के अवसर पर विधायक मोहन लाल ब्राक्टा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। इस दौरान ऐतिहासिक रामलीला मैदान रोहड़ू में विधायक ब्राक्टा ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष रोहड़ू मेले में व्यवस्था परिवर्तन हुआ है।

उन्होंने बताया कि शिकड़ू देवता महाराज की इजाजत से मेले को रोहड़ू बाजार से स्थानांतरित कर इंदिरा गांधी खेल मैदान समाला में लिया गया है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक निर्णय है। मेले को खेल मैदान समाला में लाने से आम लोगों को बाजार में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और व्यापारियों के लिए सस्ते दाम पर दुकानें भी उपलब्ध रहेगी।

समापन समारोह के मुख्यातिथि विधायक मोहन लाल ब्राक्टा व साथ हैं अन्य।

एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने बताया कि स्थानीय लोग खेल मैदान समाला में जाकर अधिक से अधिक संख्या में खरीददारी कर मेले को सफल बनाएं। सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। मेले के अवसर पर बॉलीबॉल व रसाकस्सी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या लोक गायक दीवान सिवान, सुनील शर्मा व नरेंद्र रंजन के नाम रही। इस अवसर पर एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत भी उपस्थित रहे। दूसरी सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत तारूण ताशु ने अपनी प्रस्तुति के साथ की।

कुलदीप पठानिया ने की अशोक गहलोत से भेंट

अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से होटल सेसिल ओबरॉय में शिष्टाचार भेंट करते हुए।

बोलेरो और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार युवक की मौत

दुर्घटना स्थल पर एकत्रित हुए लोग व क्षतिग्रस्त स्कूटी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। पुलिस थाना बरमाणा के तहत बैरी रजादियां के पास बोलेरो और स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार 31 वर्षीय पुनीत चंदेल बैरी से घागस की ओर जा रहा था, जबकि बोलेरो घागस से बरमाणा की ओर जा रही थी। इस दौरान दोनों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर बहुत ही भयानक थी। इसमें स्कूटी को नुकसान हुआ है, वहीं स्कूटी सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस थाना बरमाणा की टीम मौके पर पहुंच गई और आगामी छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार पुनीत चंदेल एचपी 31 ए 6328 पर बैरी से घागस की ओर जा रहा था। इसी दौरान बोलेरो एचपी 01 एम 4553 घागस से बरमाणा की ओर से जा रही थी। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। छानबीन के बाद ही मामला दर्ज किया जाएगा।

सेना से रिटायर्ड जवान से नौकरी के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी

हमीरपुर, हरियाणा और पंजाब के तीन युवकों पर केस दर्ज

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

नौकरी का झांसा देकर सेना से सेवानिवृत्त एक पूर्व सैनिक से करीब 20 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने हमीरपुर, हरियाणा और पंजाब के तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता कमलेश कुमार पुत्र बख्शी राम, निवासी गांव दधोल, तहसील घुमारवीं ने बताया कि वह भारतीय सेना से वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त हुआ है।

इस दौरान उसके एक सैनिक मित्र त्रिलोक चंद ने उसे बताया कि हमीरपुर जिला के गांव भटेड का संजय ठाकुर नामक व्यक्ति युवाओं को नौकरी दिलाने में मदद करता है। उसका बेटा भी उस समय नौकरी के योग्य हो गया था, जिस कारण उसने संजय से संपर्क किया। कमलेश कुमार ने बताया कि संजय ठाकुर ने

बैंक ऑफ बड़ौदा में नौकरी दिलाने की बात कहकर करीब 7 लाख रुपए की मांग की। इस पर उसने 26 मई 2022 को 5,000 रुपए ऑनलाइन दिए और 28 मई 2022 को 30,000 रुपए नितिश कुमार नामक युवक के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इस बीच उसके तीन अन्य सैनिक मित्र भी संजय ठाकुर, नितिश कुमार और लवप्रीत सिंह के संपर्क में आ गए और उन्होंने भी नौकरी की आस में रकम दी। सभी को फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा दिए गए।

काफी समय तक जब कोई जवाब नहीं मिला और बार-बार पूछने पर आरोपी बहाने बनाने लगे, तो कमलेश को ठगी का अंदेशा हुआ। कमलेश ने आरोप लगाया है कि इन तीनों ने मिलकर उसके और उसके साथियों से करीब 20 लाख रुपए की ठगी की है। पुलिस ने कमलेश की शिकायत पर अभियोग संख्या 37/2025 दिनांक 21 अप्रैल 2025 को धारा 420 व 120बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

आरोपियों की पहचान संजय ठाकुर उर्फ लक्की पुत्र राज कुमार, निवासी गांव भटेड, तहसील टौणी देवी, जिला हमीरपुर, नितिश कुमार पुत्र गोपाल सिंह, निवासी गांव धनाना-2, तहसील व जिला भिवानी (हरियाणा) और लवप्रीत सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह, निवासी गांव बोहा, तहसील बुडलाडा, जिला मानसा (पंजाब) के रूप में हुई है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी घुमारवीं मदन धीमान ने की है।

कांग्रेसी जेपी नड्डा पर लगा रहे बेबुनियाद आरोप: गर्ग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस नेताओं द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पर की जा रही बयानबाजी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि नड्डा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित हैं। राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार से सवाल किया है कि वे नड्डा पर आरोप लगाने से पहले अपने कार्यकाल की विफलताओं की जिम्मेदारी लें और प्रदेश की जनता को जवाब दें। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि नड्डा ने हिमाचल प्रदेश को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान की सौगात दी है। इसके साथ ही प्रदेश को कई नए मेडिकल कॉलेज मिले, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना शुरू की, जिससे आज करोड़ों देशवासी लाभान्वित हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के भी लाखों लोगों को इस योजना का सीधा लाभ मिला है। गर्ग ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में भू-माफिया, वन-माफिया और खनन माफिया बेलगाम होकर प्रदेश की बहुमूल्य वन-संपदा को लूट रहे हैं। प्रदेश में अराजकता का माहौल है।

सुमन चड्ढा ने मास्टर गेम्स में जीती चांदी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर की पहली महिला इंजीनियर और मास्टर खिलाड़ी सुमन चड्ढा ने धर्मशाला में चल रही मास्टर गेम्स नेशनल-2025 में भाग लेकर 800मीटर रेस में सिल्वर मेडल हासिल किया है। 60 वर्ष से ऊपर की आयु में हुए इस मुकाबले में उन्होंने शुरुआत में अपनी बढ़त बनाए रखी लेकिन अंत समय में वह पहले स्थान से पिछड़ गई। बता दें इससे पहले भी सुमन चड्ढा ने बिलासपुर में हुई राज्यस्तरीय मास्टर गेम्स विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर चार चार गोल्ड मेडल प्राप्त किए थे। खेलों के प्रति इनका रुझान इस बात से देखने को मिलता है कि आज भी इनका जुनून और जज्बा बना हुआ है। वहीं, हिमाचल सुपर मास्टर गेम्स एसोसिएशन ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

सिल्वर मेडल जीतने वाली सुमन चड्ढा अन्य विजेताओं के साथ।

हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग : गोपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर के कोठीपुरा स्थित एक निजी स्कूल में जिला स्तरीय विश्व हीमोफीलिया दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. शशि दत्त शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर के दिशा-निर्देश में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य पूर्णिमा ठाकुर ने की। इस अवसर पर हेल्थ एजुकेटर गोपाल ने उपस्थित जनसमूह को हीमोफीलिया के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि हीमोफीलिया एक आनुवंशिक रोग है, जिसमें रक्त के थक्के बनने की प्रक्रिया प्रभावित होती है, जिससे मामूली चोट भी गंभीर रक्तस्राव का कारण बन सकती है। यह रोग गुणसूत्र एक्स पर स्थित जीन में उत्परिवर्तन के कारण होता है और पुरुषों में इसकी संभावना अधिक होती है। कार्यक्रम के दौरान हीमोफीलिया के लक्षणों जैसे नाक और मसूड़ों से लगातार खून बहना, त्वचा का आसानी से छिल जाना, आंतरिक रक्तस्राव से जोड़ों में दर्द आदि के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि इस रोग में संतुलित और आयरन युक्त आहार जैसे बिना चर्बी का मांस, लीवर, समुद्री भोजन, हरी पत्तेदार सब्जियां आदि विशेष रूप से लाभकारी होते हैं।

प्रकृति संरक्षण व पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला घुमारवीं में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाठशाला में पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत नेचर वॉक से हुई, जिसके बाद स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण और सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम के माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। वहीं पाठशाला में मेरी माटी मेरी शान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को स्कूल और पर्यावरण से भावनात्मक रूप से जोड़ना था। इस मौके पर पाठशाला प्रधानाचार्य परमजीत शर्मा ने बच्चों को प्रकृति संरक्षण और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।इस मौके पर छात्राओ सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

डंगार स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राजकीय प्राथमिक पाठशाला डंगार के छात्रों ने भी क्लस्टर रिसोर्स शेयरिंग अभियान के अंतर्गत भाग लिया। पाठशाला में भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता वह 'वेस्ट टू बेस्ट' प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन पाठशाला ईको क्लब की ओर से किया गया। विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की जानकारी देते हुए अनुराधा शर्मा ने बच्चों को पृथ्वी दिवस का महत्व तथा इस वर्ष का थीम बताते हुए कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करें ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ ग्रह छोड़कर जाएं। पाठशाला प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी हम सभी की मां है और यदि पृथ्वी नहीं होगी तो जीवन की कल्पना करना भी संभव है। इस पृथ्वी को स्वच्छ, हराभरा रखने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करने पड़ेंगे ताकि हमारा वातावरण, हमारी पृथ्वी सुरक्षित रह सके।

सुक्खू सरकार लोगों के पैसे का कर रही दुरुपयोग : महेंद्र

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश सरकार पर गंभीर वित्तीय कुप्रबंधन और जनता के टैक्स के पैसों के दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। प्रेस को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने शासन की प्राथमिकताओं को दरकिनार कर सिर्फ अपने ऐशो-आराम और राजनीतिक हितों को साधने का काम किया है। जिससे प्रदेश आज गहरे आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। धर्मानी ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार खुद बार-बार यह स्वीकार कर रही है कि वित्तीय स्थिति अत्यंत गंभीर है, वहीं दूसरी ओर राज्य के सचिव और अधिकारी बड़े-बड़े होटलों में सरकारी पैसों से पार्टियां कर रहे हैं और उनका सारा खर्च सरकार के खाते से उठाया जा रहा है। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आम जनता के साथ विश्वासघात है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्षों से बंद पड़े 'नेशनल हेराल्ड' जैसे संस्थानों को करोड़ों रुपए के सरकारी विज्ञापन देकर कांग्रेस सरकार ने गांधी परिवार को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। यह पैसा जनता का है, जिसे जनकल्याण के कार्यों में खर्च किया जाना चाहिए था, न कि बंद अखबारों और निजी हितों पर। धर्मानी ने कहा जब प्रदेश पहले से ही एक लाख करोड़ रुपये के भारी कर्ज में डूबा हो, तब ऐसी फिजूलखर्ची यह साबित करती है कि सरकार और नौकरशाही को आम लोगों की समस्याओं की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि जब सरकार के पास पेंशन और कर्मचारियों के वेतन के लिए धन नहीं है, तो फिर ऐसे अनावश्यक खर्चों को कैसे जायज ठहराया जा सकता है?

वरिष्ठ नागरिक सभा ने की बैठक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक का आयोजन रोड़ा सेक्टर में सभा के सभागर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ जे एन मिश्रा ने की तथा मंच संचालन महासचिव मस्तराम वर्मा ने किया। सर्वप्रथम जेएन मिश्रा ने सभी उपस्थित पदाधिकारी व सदस्यों का स्वागत किया सभा ने दिवंगत आत्मा सुशील कुमार सेवानिवृत्ति ट्रेजरी ऑफिसर लखनपुर व निको देवी मैन मार्केट एवं यशपाल वशिष्ठ एक्शन सेवानिवृत्ति को 2 मिनट का मौन धारण कर आत्मिक शांति के लिए एवं पारिवारिक सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। बैठक में गहन चर्चा के उपरांत एम्स बिलासपुर में वरिष्ठ नागरिकों को पर्ची बनाने के लिए दो काउंटर की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एम्स प्रशासन से गुहार लगाई है। सभा ने एम्स के मुख्य द्वार के पास वर्षा शालिक निर्माण एवं जनहित में पार्किंग स्थल भी मुख्य गेट के पास बनवाने का आग्रह किया है।

मेले-त्योहार ठाकुरद्वारा मंदिर से मेला ग्राउंड झंडूता तक निकाली जाएगी शोभायात्रा

नरदेव कंवर आज करेंगे जिलास्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेले का शुभारंभ

गोपाल कपिल, झंडूता

मिस्टर और मिस झंडूता प्रतियोगिता का भी होगा आयोजन

झंडूता उपमंडल में जिलास्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेले का शुभारंभ आज से होने जा रहा है। इस वर्ष मेले का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर करेंगे, जो बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मेले की शुरुआत एक भव्य शोभायात्रा के साथ होगी, जो ठाकुरद्वारा मंदिर से आरंभ होकर मेला ग्राउंड झंडूता तक पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजे सांस्कृतिक दल, बैंड-बाजे और ग्रामीण समाज की झलक देखने को मिलेगी। आयोजकों के अनुसार, इस शोभायात्रा में सैकड़ों लोगों के भाग लेने की संभावना है। शोभायात्रा के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। इस बार मेले में युवाओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने के लिए विशेष कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। खेलकूद के अंतर्गत रोमांचक कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें विभिन्न टीमों के बीच मुकाबला होगा। साथ ही 'मिस्टर झंडूता' और 'मिस झंडूता' जैसी सौंदर्य और व्यक्तित्व पर आधारित प्रतियोगिताएं भी मेले में आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक संध्या, लोकनृत्य, गायन और पारंपरिक प्रस्तुतियों से मेला गुलजार रहेगा। मेले का समापन समारोह 25 अप्रैल को होगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकार के नगर एवं ग्राम नियोजन, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। समापन अवसर पर एक विशाल दंगल का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के नामी पहलवानों के बीच कुश्ती मुकाबले देखने को मिलेंगे। यह दंगल क्षेत्र की पारंपरिक खेल विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास है। इस मेले को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। व्यापारी, कलाकार, खिलाड़ी और स्थानीय निवासी मेले में भाग लेने के लिए तैयारियों में जुटे हैं। दुकानों की सजावट, खाने-पीने के स्टॉल, झूले और विभिन्न मनोरंजन के साधनों से मेला स्थल को सजाया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए है। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

बाट विद्यालय में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाट जिला चंबा में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य हुसैन शाह ने बच्चों को पृथ्वी को हरा भरा और सुंदर बनाने का आह्वान किया और अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए उसे निभाते हुए आज के दिवस को मनाने और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के एनएसएस के स्वयं सेवकों ने और इको क्लब मिशन लाईफ के स्वयं सेवियों ने जलस्रोतों की सफाई की गांव सैहल के प्राकृतिक जलस्रोत (पनिहार) की अच्छी तरह से सफाई की। कार्यक्रम में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी अमिता नैयर विज्ञान अध्यापिका अंजना जरियाल और हर्षवर्धिनी जंद्रोटिया सम्मिलित रहीं।

क्विज प्रतियोगिता में वीनस टीम रही विजेता

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी। विश्व पृथ्वी दिवस पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठेड़ एक शिक्षा खंड चुवाड़ी में बच्चों ने कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता और चित्रकला का आयोजन किया गया। वहीं क्विज में वीनस टीम विजेता रही। इस मौके पर बच्चो ने पौधे लगाए और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल प्रबंधन समिति व स्कूल अध्यापकों ने हिस्सा लिया। स्कूल मुख्य अध्यापक नवनीत कुमार व शिक्षक आशीष बहल ने बच्चों को विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व पर बच्चों को बताया। तथा पृथ्वी पर बढ़ रहे प्रदूषण के खतरे पर भी बच्चों को जागरूक किया।

एनएसएस छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान, डलहौजी। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में नगर परिषद डलहौजी और हिलदारी डलहौजी के संयुक्त तत्वावधान में एनएससीबीएमजीएसएस स्कूल डलहौजी में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के छात्रों ने भाग लिया और अपने विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छात्रों ने न केवल परिसर की सफाई की, बल्कि अपने कार्य से यह संदेश भी दिया कि स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा में हर किसी की भूमिका अहम है। नगर परिषद डलहौजी और हिलदारी डलहौजी द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, बल्कि युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी एक प्रयास है।

भूरी सिंह संग्रहालय में अस्पताल सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

आपदा प्रबंधन जीवनरक्षक प्रणाली का अभिन्न अंग

अनंत ज्ञान ,चंबा

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) चंबा के तत्वावधान में 21 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2025 तक अस्पताल सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन योजना विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमका सफल आयोजन भूरी सिंह संग्रहालय, चंबा के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपायुक्त एवं डीडीएमए अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में अस्पताल सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवनरक्षक प्रणाली का अभिन्न अंग बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जलवायु एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण विशेषज्ञ प्रणव सेठी तथा परियोजना समन्वयक पंकज कुमार झा ने विशेषज्ञ वक्ता (संसाधन व्यक्ति) के रूप में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पतालों की प्रतिक्रिया क्षमता को सुदृढ़ करना, सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना, और कर्मचारियों, रोगियों एवं आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के प्रमुख उद्देश्य

- अस्पतालों की त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्बहाली की तैयारियों को मजबूत बनाना।
- आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना।
- विभिन्न आपदाओं के दौरान समन्वित और सुसंगत प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना।
- अस्पताल परिसरों की संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करना।

आपदा के दौरान प्रमुख प्रशिक्षण बिंदु

- स्वास्थ्य संस्थानों में आपदा प्रतिरोधी संरचनाओं का विकास।
- मानसिक स्वास्थ्य और स्व-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देना।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान एवं राज्य सरकारों के साथ समन्वित क्रियान्वयन।
- हिमाचल के विभिन्न जिलों जैसे बिलासपुर, शिमला, सिरमौर, तथा आईजीएमसी शिमला के अस्पतालों के आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) पर कार्य की जानकारी।

आपदा प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की भागीदारी

- आयुष विभाग से 10 प्रतिभागी
- स्वास्थ्य विभाग से 15 प्रतिभागी
- राजकीय मेडिकल कॉलेज चंबा से 10 प्रतिभागी

आपदा प्रबंधन आपातकालीन स्थितियों से निपटने में जरूरी

कार्यक्रम के सफल संचालन में सुमित गुप्ता (प्रशिक्षण समन्वयक) एवं चंद्रकांत (आपातकाल संचालन केंद्र प्रभारी एवं प्रलेखन समन्वयक), डीडीएमए चंबा का विशेष योगदान रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय पहल रहा, बल्कि अस्पतालों की आपातकालीन स्थितियों से निपटने की क्षमता को भी नए आयाम प्रदान करता है।

राज्यपाल के दौरे से पहले मैहला पंचायत में विकास कार्यों में बाधा

अनंत ज्ञान, चंबा

ग्राम पंचायत मैहला में महामहिम राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे से पहले सार्वजनिक सुविधाओं को दुरुस्त करने के कार्य के दौरान एक व्यक्ति द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर पंचायत प्रधान श्रीमती राधा देवी और उप-प्रधान ने जिला उपायुक्त चंबा को एक ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 17 अप्रैल 2025 को खंड विकास अधिकारी मैहला ने पंचायत को पत्र जारी कर मैहला पुल के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत, पानी की उपलब्धता और सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए थे, ताकि आगामी राज्यपाल के दौरे (23 अप्रैल) से पहले नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

इसके तहत 19 अप्रैल को उप-प्रधान कुछ मजदूरों के माध्यम से कार्य करवा रहे थे, तभी रमेश कुमार निवासी कुथवाड़ी नामक व्यक्ति मौके पर पहुंचा और कथित तौर पर न केवल कार्य रुकवा दिया बल्कि उपप्रधान के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की भी की। सूचना मिलने पर जब प्रधान मौके पर पहुंची, तो उनके साथ भी आरोपी ने अभद्रता की।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, रमेश कुमार पूर्व में भी विकास कार्यों में बाधा डाल चुका है और वार्ड पंच आरती देवी के साथ दुर्व्यवहार का मामला पहले ही न्यायालय में विचाराधीन है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए यह सवाल उठाया है कि यदि एक आम नागरिक पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार कर सकता है, तो आम जनमानस के साथ वह किस प्रकार का व्यवहार करता होगा। उन्होंने आग्रह किया है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए। प्रतिलिपियां विकास खंड अधिकारी मैहला को भी भेजी गई हैं।

उनके प्रयासों से शिक्षा व्यवस्था को मिला नया आयाम : धीरज

अनंत ज्ञान, चंबा

हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक और बड़ा कदम सामने आया है। राज्य परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एवं माननीय शिक्षा सचिव के मार्गदर्शन में हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम ने प्रदेश के शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया है।

इस अवसर पर धीरज सिंह ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, इस प्रकार के उच्चस्तरीय आयोजनों के पीछे जिन व्यक्तित्वों का योगदान सबसे अहम है, उनमें राज्य परियोजना अधिकारी और शिक्षा सचिव का नाम सर्वोपरि है। उनके अथक प्रयासों से ही आज हिमाचल के शिक्षक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा एवं नवाचार प्रस्तुत करने में सक्षम हो पाए हैं।

बकलोह में गूंजा जय मां काली का जयकारा

बबलू पठानिया, भटियात

जिला चंबा के ऐतिहासिक बकलोह क्षेत्र में 22 अप्रैल को चतुर्थ गोरखा राइफल के जवानों और अधिकारियों द्वारा अपनी कुल देवी मां काली की भव्य पूजा-अर्चना की गई। यह आयोजन 14 गोरखा राइफल्स ट्रेनिंग सेंटर की ऐतिहासिक परंपरा का हिस्सा रहा, जहां आज भी प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को देश के कोने-कोने से गोरखा जवान और अधिकारी बकलोह पहुंचकर हाजिरी भरते हैं।

समारोह के अंतिम दिन डिप्टी कमांडेंट लिटन धर की अगुवाई में

चतुर्थ गोरखा राइफल्स ने की कुल देवी की विधिवत पूजा

पांचों यूनिटों के धर्मगुरुओं द्वारा मां काली मंदिर में हवन और पूजन संपन्न हुआ। प्रातः 10 बजे से शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में देवी-देवताओं को नव वस्त्र धारण कराए गए, और मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डिप्टी कमांडेंट लिटन धर ने गोरखा सभा बकलोह के सभापति विजय गुरुंग को सम्मान स्वरूप एक चांदी की खुकरी भेंट की। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें कर्नल नीरज कुमार, लेफ्टिनेंट सोरिया गंभीर, कर्नल मोतीराम राणा, कर्नल जसरोटिया, सेंटर एसएम भारत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

24 को मनाया जाएगा पंचायती राज दिवस

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला चंबा की सभी ग्राम पंचायतों में आगामी 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 5 के तहत आदेश जारी करते हुए समस्त ग्राम पंचायतों को विशेष ग्राम सभा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह बैठकें 24 अप्रैल को 11 बजे शुरू होंगी, जिनमें पंचायत स्तर पर विभिन्न विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पंचायतों की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

बच्चों को वितरित की मुफ्त स्टेशनरी

अनंत ज्ञान, चंबा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लड्डा में दूसरी बार अभिभावक अध्यापक स्टेशनरी प्रोत्साहन योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत पाठशाला प्रबंधन के द्वारा कक्षा छठी से दसवीं तक से दो जरूरतमंद और प्रतिभाशाली बच्चों का चयन किया गया।

इस दौरान उन्हें पाठशाला के अध्यापक सुभाष चंद टी जीटी हिंदी तथा पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार गांव लड्डा द्वारा मुफ्त में स्टेशनरी वितरित की गई।

इस वर्ष यह मुफ्त स्टेशनरी आदित्य सुपुत्र स्व. तिलक और अंशुल कुमारी सुपुत्री स्व. बल्बरिक ने वितरित की। पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि वह विशेष तौर से अध्यापक सुभाष चंद का धन्यवाद करता हैं जिन्होंने मेरे साथ योजना बनाकर मुझे ऐसा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

पाठशाला के कार्यकारी प्रधानाचार्य अजय कुमार जी ने कहा कि अध्यापक सुभाष चंद वह पाठशाला प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेश कुमार द्वारा प्रस्तुत यह एक बहुत ही अच्छी योजना है इससे न केवल पाठशाला में अध्यनरत छात्रों को लाभ होगा बल्कि उनकी उपलब्धि स्तर में भी सुधार आएगा।

नेहरू-गांधी परिवार का पालन-पोषण करना ही कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य : बिंदल

अनंत ज्ञान, शिमला

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिमला में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरू-गांधी परिवार और उस परिवार का पालन-पोषण यही कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य रह गया है।

जब भी कोई सच्चाई दुनिया के सामने आने लगती है, कांग्रेस पार्टी नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़ी होकर उस सत्य को झुठलाने का प्रयास करती है।

सच्चाई सामने आने पर बौखला जाते हैं, चार्ज शीट दाखिल हुई है, दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा

डॉ. बिंदल ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में चार्जशीट दाखिल हुई है और उसके बाद कानूनी कार्रवाई चलेगी, दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा इसलिए इतनी बौखलाहट की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

लोगों को जल्द मिलेगी रोटरी चैरिटेबल अस्पताल की सौगात: अजय ठाकुर

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर वासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात जल्द मिलने वाली है। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने एक मल्टी स्पैशलिस्ट रोटरी चैरिटेबल अस्पताल शुरू करने की दिशा में कवायद तेज कर दी है।

अस्पताल के संचालन को लेकर चिकित्सकों से चर्चा करते वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर व अन्य।

मंडी और कांगड़ा जिलों में पहले से संचालित मल्टीस्पैशलिस्ट अस्पतालों के साथ मिलकर इस अस्पताल की शुरुआत को लेकर गहन विचार-विमर्श चल रहा है।

मंगलवार को आयोजित एक अहम बैठक में निजी अस्पताल प्रशासन ने भी रोटरी क्लब के साथ मिलकर इस सुपर स्पैशलिस्ट अस्पताल को शुरू करने पर सहमति जताई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रोटरी क्लब द्वारा पिछले दस वर्षों में जोगिंद्रनगर क्षेत्र में 400 से अधिक मेजर सर्जरी करवाई गई हैं और अब उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रोटरी चैरिटेबल अस्पताल की नींव रखी जाएगी।

अजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अस्पताल में सीटी स्कैन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और हृदय रोगियों को विशेष सुविधा दी जाएगी। यह चैरिटेबल अस्पताल जोगिंद्रनगर के लोगों को घर द्वार पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जल्द शुरू किया जाएगा।

सूडोकु नवताल- 7409

★★★★ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -7408 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

ललित ठाकुर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अनंत ज्ञान, भरमौर

सोमवार शाम भरमौर में रितेश शर्मा के विवाह समारोह में शामिल होकर कृषक उपज विपणन समिति (एपीएमसी) चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह भरमौर में स्थानीय नागरिकों और संगठन से जुड़े साथियों से मुलाकात कर जनसमस्याओं को सुना और कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया। इस अवसर पर एक प्रतिनिधिमंडल ने 'संत श्री जय कृष्ण जी महाराज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय, भरमौर' को अन्य किसी विद्यालय में विलय ना करने की अपील मुख्यमंत्री को भेजने का अनुरोध किया।

ललित ठाकुर ने आश्वस्त किया कि इस मांग को वे शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष उठाएंगे। ललित ठाकुर ने कहा, जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही मेरा संकल्प है। माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से भरमौर क्षेत्र की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस जनसुनवाई में जनसमस्याओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता और तत्परता क्षेत्रीय जनता में सकारात्मक संदेश छोड़ गई है।

आदिदेव ने जेईई मेन्स में हासिल की पोजिशन

अनंत ज्ञान, डलहौजी



आदिदेव राठौर ने जेईई-मेन परीक्षा में 99.33 प्रतिशत अंक हासिल करके इलाके का नाम रोशन किया है। डॉक्टर नवदीप राठौर ने बताया कि उनका बेटा शुरू से ही पढ़ाई में होनहार छात्र रहा है। आदि देव कंप्यूटर इंजीनियर बन कर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं ।

उसने यह मुकाम बड़ों के आशीर्वाद अध्यापकों को परिवार के सदस्यों के सहयोग से हासिल किया है ।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

23 अप्रैल, 2025, बुधवार

विक्रमी संवत : 2082, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : वैशाख, **तिथि** दशमी (16:44): **नक्षत्र** धनिष्ठा (12:08), **पक्ष:** शुक्ल, **योग** : शोभन (06:50) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:19-01:57)।

विशेष दिन

- 23 अप्रैल 2025 : विश्व पुस्तक दिवस आज।
- 24 अप्रैल 2025 : वरूथिनी एकादशी व्रत कल।

मेष: अध्ययन-में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

वृषभ: महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। कहासुनी होने का भय रहेगा।

मिथुन: परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

कर्क: राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

सिंह : सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

कन्या : संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें।

तुला: पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक: स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

धनु: संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

मकर : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कुंभ : स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

मीन : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

मांग — चंबा अस्पताल में 'अनकही सेवा' मगर सरकार खामोश!

प्लांट ऑपरेटर बिना वेतन दे रहे सेवाएं

अनंत ज्ञान, चंबा

पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के तीन ऑपरेटर राजेश, बालकृष्ण और सूरज ठाकुर बीते तीन महीनों से अस्पताल में बिना किसी सेवा विस्तार आदेश के 24×7 सेवाएं दे रहे हैं।

यह वहीं ऑक्सीजन प्लांट है जो कोरोना महामारी के दौर में 'लाइफलाइन' साबित हुआ था, और आज भी अस्पताल के सभी महत्वपूर्ण वार्ड जैसे सीसीयू, आईसीयू, एमरजेंसी, लेबर रूम और सामान्य वार्डों को ऑक्सीजन आपूर्ति सुनिश्चित करता है।1 जनवरी को इन ऑपरेटरों की सेवाएं मौखिक रूप से समाप्त कर दी गई थीं। बावजूद इसके, अस्पताल में ऑक्सीजन की मांग को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक के कहने पर ये ऑपरेटर अब तक लगातार काम कर रहे हैं—बिना किसी लिखित आदेश, वेतन या औपचारिक मान्यता के।

ऑपरेटरों का कहना है कि उन्होंने मरीजों की जान को प्राथमिकता देते हुए अपनी आर्थिक तंगी और सरकारी बेरुखी को नजरअंदाज किया।

'अगर हम काम न करें, तो प्लांट रुक सकता है, और ऑक्सीजन की कमी से किसी की जान भी जा सकती है,' एक ऑपरेटर ने कहा।

कार्रवाई की मांग

तीनों ऑपरेटरों ने जिलाधिकारी चंबा को ज्ञापन सौंपकर इस मसले पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेताया कि यदि इस बार भी अनदेखी हुई, तो यह न केवल मानवता के साथ अन्याय होगा, बल्कि चंबा जैसे दुर्गम क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी गंभीर संकट का कारण बन सकता है। ऑपरेटरों की मांग है कि उन्हें नियमित पद पर नियुक्त किया जाए ताकि न सिर्फ उन्हें आर्थिक स्थायित्व मिल सके, बल्कि प्लांट की कार्यक्षमता भी निर्बाध रूप से बनी रहे।

अज अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी उप तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि.प्र.)

मिसल न0 03
तारीख मरजुआ-18-03-2025
तारीख पेशी - 25-04-2025
श्रीमति जुध्या देवी पुत्री श्री तारा चन्द निवासी जौन उप-तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि.प्र.) ...प्रार्थीन

बनाम
आम जनता
...फरीक दोम

जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत आवेदन पत्र । श्रीमति जुध्या देवी पुत्री श्री तारा चन्द निवासी जौन उप-तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र गुजारा है कि प्रार्थीन का वास्तविक जन्म तिथि 01-10-1958 है, जो प्रार्थीन के पहचान पत्र व परिवार नकल में भी सही दर्ज है। लेकिन प्रार्थीन की जन्म तिथि ग्राम पंचायत द्रुब्बल के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज न है। जिसे दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे।
अतः ईश्तहार अखबार के माध्यम से सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त मुकदमा बारे कोई उजर एतराज हो तो वह दिंनाक 25-04-2025 प्रातः 10:00 बजे असालतन व वकालतन इस न्यायालय मे हाजर होकर अपने उजर एतरज पेश करे अन्यथा गैर हाजरी की सूरत मे एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।
आज दिंनाक 10-04-2025 को हमारे हस्ताक्षर व सोहर अदालत से जारी हुआ ।
कार्यकारी दण्डाधिकारी, मकरीडी, जिला मंडी (हि.प्र.)

अज अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी मकरीडी जिला मण्डी (हि.प्र.)

मिसल न0 03
तारीख मरजुआ 18-03-2025
तारीख पेशी 25-04-2025
श्रीमति सोमा देवी पुत्री श्री परस राम निवासी बनवार डाकघर कुराटी उप-तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि.प्र.) ...प्रार्थी

बनाम
आम जनता
...फरीक दोम

प्रार्थना पत्र सेहत नामा वारे।
श्रीमति सोमा देवी पुत्री श्री परस राम निवासी बनवार डाकघर कुराटी उप-तहसील मकरीडी जिला मण्डी (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र गुजारा है, कि उसका वास्तविक नाम सोमा देवी है, जो प्रार्थीन के परिवार नकल व आधार कार्ड मे सही दर्ज है। लेकिन प्रार्थीन का नाम राजस्व अभिलेख महाल बनवार में चुहडी दर्ज है, जो कि गलत दर्ज हुआ है। लिहाजा प्रार्थीन का नाम राजस्व अभिलेख महाल बनवार मे चुहडी के स्थान पर सोमा देवी उर्फ चुहडी दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे।
अतः सर्व साधारण आम जनता को इस ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज है, तो वह दिनाक 25-04-2025 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता/सकते है। आम जनता की और से उपरोक्त दिंनाक एवं समय तक कोई भी उजर प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
आज दिंनाक 10-04-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, मकरीडी जिला मंडी हि.प्र.

भविष्य के बारे में सपने देखकर अभी से मत उलझो। भूतकाल के समय को याद करके पछताने से अच्छा है अपने वर्तमान में रहो। -महात्मा बुद्ध

संपादकीय

दृष्टिबाधितों का संघर्ष

दृष्टिबाधित बेरोजगारों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। शिमला के कालीबाड़ी मंदिर के समीप दृष्टिबाधित बेरोजगार संघ पिछले 552 दिनों से आंदोलनरत है। लगता है सुक्खू सरकार तक उनकी आवाज या तो पहुंच नहीं रही या फिर उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। दरअसल, वे सभी विभागों में बैकलॉग भर्तियों की मांग को लेकर मुखर हैं। संघ खाली पड़े सभी पदों को एकमुश्त भरने की मांग पर अडिग है। सरकार के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी है, बावजूद इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ रहा। यह भी गौर करने वाली बात है कि दृष्टिबाधित कोटे के सैकड़ों पद लंबे अर्से से खाली चल रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सरकार जान बूझकर इस वर्ग की अनदेखी कर रही है या फिर सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन देने के पैसे नहीं हैं। पिछले 552 दिनों से संघ का धरना इस बात का प्रतीक है कि लोकतंत्र में भी कई बार कमजोर वर्गों की आवाज अनसुनी रह जाती है। यह आंदोलन केवल रोजगार की मांग नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, संवेदनशीलता और समान अवसर की पुकार है।

दृष्टिबाधित युवाओं की यह जिद कि जब तक मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव उनसे नहीं मिलते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा, इस बात की गंभीर चेतावनी है कि राज्य सरकार को अब इस विषय को टालने की बजाए, ठोस कदम उठाने चाहिए। यह आंदोलन मुख्यतः सरकारी विभागों में दृष्टिबाधित वर्ग के लिए आरक्षित बैकलॉग पदों को एकमुश्त भर्ती की मांग को लेकर चल रहा है। संघ का कहना है कि वर्षों से आरक्षित पद खाली पड़े हैं और सरकार उन्हें भरने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही। यह न केवल आरक्षण नीति का उल्लंघन है, बल्कि संविधान के उस मूल भाव की भी अनदेखी है, जिसमें समान अवसर की बात कही गई है। पिछले डेढ़ साल में सरकार और संघ के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। यह बताता है कि या तो सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है या फिर वह इस वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दे रही। एक लोकतांत्रिक सरकार का यह दायित्व बनता है कि वह हाशिए पर खड़े नागरिकों की समस्याओं को न केवल सुने, बल्कि संवेदनशीलता के साथ उनका समाधान भी करे। दृष्टिबाधितों की उपेक्षा करना सामाजिक असमानता को और अधिक गहरा करता है। सरकार के समक्ष कई चुनौतियां हो सकती हैं। यह भी संभव है कि सरकार आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही हो और उसे नए कर्मचारियों को नियुक्त करने में कठिनाई हो रही हो। राज्य सरकारों पर वित्तीय बोझ लगातार बढ़ रहा है और वेतन, पेंशन, योजनाओं के खर्चों के बीच संतुलन बैठाना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन यदि सरकार आर्थिक कारणों का हवाला देकर विशेष रूप से दृष्टिबाधितों की अनदेखी कर रही है, तो यह असंवेदनशीलता का परिचायक है।

दृष्टिबाधितों की मांगें कितनी न्यायसंगत हैं, सरकार इस मसले का हल निकालने में जुटी है। दृष्टिबाधितों की मांगें पूरी होना न तो असंभव है और न ही अतार्किक। उनका सिर्फ इतना कहना है कि जो पद वर्षों से खाली हैं, उन्हें भरा जाए। ये कोई विशेष रियायत नहीं, बल्कि अपना हक मांग रहे हैं। भारत का संविधान उन्हें यह अधिकार देता है। केंद्र सरकार का राइट्स ऑफ पर्सन विद डिस्एबिलिटी एक्ट 2016 भी यह सुनिश्चित करता है कि दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में समान अवसर मिलें। इस लंबे आंदोलन से न केवल दृष्टिबाधितों में निराशा और कुंठा बढ़ रही है, बल्कि यह समाज के अन्य वर्गों के लिए भी एक गलत संदेश देता है कि सरकारें कमजोर वर्गों की अनदेखी कर सकती हैं। यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर करने वाला संकेत है। यदि इस आंदोलन को और लंबा खींचा गया, तो यह राज्य सरकार की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। सरकार को वार्ता को गंभीरता से लेना चाहिए। मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव को स्वयं इन आंदोलनकारियों से मिलकर उनकी बात सुननी चाहिए। संवाद की कमी ही किसी भी आंदोलन को कटु बना देती है। एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जा सकती है जो इन मांगों की समीक्षा कर समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करे। राज्य के सभी विभागों में दृष्टिबाधित कोटे के रिक्त पदों का पारदर्शी ऑडिट कराना भी श्रेयस्कर होगा। इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि वास्तव में कितने पद खाली हैं और उन्हें भरने में क्या अड़चनें हैं? यदि राज्य की आर्थिक स्थिति खराब है, तो केंद्र सरकार से विशेष सहायता मांगी जा सकती है।

दिव्यांगों की नियुक्ति के लिए एक स्थायी और पारदर्शी नीति तैयार की जाए, जिसमें स्पष्ट समयसीमा और प्रक्रिया का उल्लेख हो। राज्य के समान अवसर आयोग को इस मामले में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और निगरानी रखनी चाहिए कि कहीं आरक्षित वर्गों के साथ अन्याय तो नहीं हो रहा। बहरहाल, दृष्टिबाधित बेरोजगारों का यह आंदोलन महज नौकरी पाने का संघर्ष नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सम्मान की मांग भी है। सरकार को यह समझना चाहिए कि यदि वह समाज के सबसे कमजोर वर्ग की बात नहीं सुनती, तो लोकतंत्र की आत्मा को ठेस पहुंचती है। सरकार को इस समय संवेदनशीलता दिखाकर न्यायसंगत समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए, तभी यह आंदोलन समाप्त होगा। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

सुरबहार वाद्ययंत्र बजाने वाली एकमात्र महिला उस्ताद

अन्नपूर्णा देवी
जन्म : 23 अप्रैल, 1927

अन्नपूर्णा देवी भारतीय शास्त्रीय संगीत शैली में सुरबहार वाद्ययंत्र (बास का सितार) बजाने वाली एकमात्र महिला उस्ताद हैं। यह प्रख्यात संगीतकार अलाउद्दीन खान की बेटी और शिष्या हैं। इनके पिता तत्कालीन प्रसिद्ध 'सेनिया मैहर घराने' या 'सेनिया मैहर स्कूल' के संस्थापक थे। यह घराना 20वीं सदी में भारतीय शास्त्रीय संगीत के लिए एक प्रतिष्ठित घराना के रूप में अपना स्थान बनाए हुए था। अन्नपूर्णा देवी (रोशनआरा खान) का जन्म चैत्र माह की पूर्णिमा को ब्रिटिश कालीन भारतीय राज्य मध्य क्षेत्र (वर्तमान मध्य प्रदेश) के मैहर में हुआ था। अन्नपूर्णा देवी की दूसरी बहन जहानारा की शादी हुई परंतु उसकी सासु मां ने संगीत से द्वेषवश उसके तानपुरे को जला दिया। इस घटना से दुखी होकर इनके पिता ने निश्चय किया कि वे अपनी छोटी बेटी (अन्नपूर्णा) को संगीत की शिक्षा नहीं देंगे। एक दिन जब इनके पिता घर वापस आए तो उन्होंने देखा कि अन्नपूर्णा अपने भाई अली अकबर खान को संगीत की शिक्षा दे रही है, इनकी यह कुशलता देखकर पिता का मन बदल गया। आगे चलकर अन्नपूर्णा देवी ने शास्त्रीय संगीत, सितार और सुरबहार (बांस का सितार) बजाना अपने पिता से ही सीखा। अन्नपूर्णा देवी पद्म विभूषण सहित अनेक पुरस्कार एवं सम्मान मिले हैं। ■



कविता

%मझधार में

राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, पालमपुर।

दरिया-ए-तूफां में यह दिल आज है,
ए लहरों किनारे लगा दो मुझे।
मुसाफिर हूं, न कोई पतवार मैं,
बिलकुल अकेला-सा मझधार में।
विषैला समुद्र डराए मुझे,
न मालूम पहुंचुंगा उस पार मैं।
नैया दरारों से बेहाल है,
ए लहरों किनारे लगा दो मुझे।
खाली-खाली-सा यहां पर आकाश,
न कोयल की कू-कू, न उसकी मीठास।
न चिड़ियों की चूं-चूं, न कौए का शौर,
न ही नजर आता पपीहा उदास।
भयानक खगों का यहां राज है,
ए लहरों किनारे लगा दो मुझे।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

नारों की बहार से देश में विकास की नई बयार

भारत में विकास की बयार ऐसी चल रही है कि हर तरफ हरियाली ही हरियाली है। हर चेहरे पर खुशी है। किसी को न महंगाई की चिंता रही, न बेरोजगारी की, न देश में कोई नागरिक भूखा है, न कोई बिना इलाज मर रहा है। ऐसा वातावरण देश में 75वें स्वतंत्रता के साल में देखने को मिल रहा है। दिल में उबाल नहीं, बल्कि विकास की हिलोरें ऐसे उठ रहे हैं, जैसे हम सावन के झूले में सुख का आनंद ले रहे हैं।

विकास का काम चल रहा है। हरतरफ एक सुखद माहौल बन गया है। उस पर सबसे सुंदर और कार्य हुआ पहला काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बना तो देश में धर्म के लिए आंसू बहाने वाले हम सब अब खुशी से झूम रहे हैं तो बनारस में अस्सी घाट के साथ नमो घाट पर खुशियां बहती देश दुनिया के लोग वहां जाकर स्मार्ट सिटी बनारस देखते हैं, पर यह भी लोग देखें कि पांच महीने पहले जिस नमो घाट का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति ने बड़े धूमधाम से किया। वह भ्रष्टाचार की बयार में ऐसा धंसा कि किसी को पता नहीं चला। यह दिगर बात है कि दो अप्रैल को बीस फुट नमो घाट धंस गया और शैलानी भागकर जान बचाना लग गए, बनी दुकान गिरी नहीं, झुक गई। यह विकास का मॉडल ज्यादा दिन नहीं चल पाया खैर विकास और निर्माण कार्य पर अंगुली नहीं उठाना चाहिए, न ही यह कहना चाहिए कि बनारस का नमो घाट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। कारण की बिहार में कस साल में बने कई पुल गिर गए, पर जांच नहीं, कहीं किसी पर आंच नहीं वह सब भ्रष्टाचार हिंदू मुसलमान में दब गया।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौब
सेवानिवृत प्रो. कृषि विवि पालमपुर

इसी तरह से बनारस में भी कैंट पर निर्माणाधीन पुल गिर गया। लोग मर गए, पर वह भ्रष्टाचार नहीं था। मरने वाले तो खुद पुल के स्लैब को अपने ऊपर गिरा लिए थे। पुल बनाने वाले पर कोई मुकदमा नहीं हुआ। पुल बन गया, आज उस पर सभी चल रहे हैं, कारण वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार ही विकास का नाम है। यही भ्रष्टाचार की नई बहार भारत में चल रही, जिसको सत्ता कभी भी मानती है कि मेरी सरकार में भ्रष्टाचार होता है। यह बस यह कहती है कि विपक्ष चश्मा बदले। भ्रष्टाचार में विकास देखे, न कि विकास में भ्रष्टाचार।

बनारस की गंगा साफ हुई कि नहीं यह नहीं कहना है, पर गंगा बह रही है यही सुख है। कहीं ऐसा न हो गंगा को निजी हाथों में न दे दिया जाए। बनारस में साल से वहां ने नाविकों का व्यवसाय बहार की भेंट चढ़ गया, जब से क्रूज चलने लगा। जलमार्ग से यातायात व्यापार भी बढ़ रहा है। हर रोज पानी के जहाज से प्रयागराज से कोलकाता तक बहुत व्यापार हो रहा है कोई देखे न देखे, पर जलमार्ग से व्यापार की एक बहार चल रही है। राम मंदिर निर्माण ने तो गजब की हवा चला दी, पूरा देश राममय हो गया। राम मंदिर बना, पर जो लोग कहते हैं कि जमीन घोटाला हुआ, अयोध्या में सरासर झूठ बल्कि कहें कि राम मंदिर से कुछ लोगों के जीवन में बहार आ गई और उनकी गरीबी दूर हो गई। रोजगार इतना बढ़ा कि काम करने के लिए युवा ही नहीं मिल रहे हैं। अब राम मंदिर के बाद दो और बहारें जल्द देश में आएंगी, एक ज्ञानवापी मंदिर, दूसरा कृष्ण जन्मभूमि का जब फैसला 2029 के चुनाव से पहले आ जाएगा। फिर मत पूछो कितना सुखद होगा, तब हम कहेंगे पूर्ण हुआ भारत अब, पर सभी देश वासियों को इंतजार, धैर्य और संतोष तो कुछ साल तक करना होगा।

युवाओं के लिए रोजगार के नए स्थल बनेंगे। यमुना में भी क्रूज चलेगा, मथुरा से गोकुल तक। तो सोचें नई बहार कैसी होगी, यह सोच कर मन खिलखिला रहा है। 2014 के बाद एक नए तरह की बहार आ गई है। नवंबर का महीना था। रात के आठ बजे एक घोषणा होती है कि रात से देश में नोटबंदी शुरू हो गई है। एक हजार के नोटों का चलन बंद हो गया जो किअब कागज बन गया। लोगों को इन्हें बदलने को एक समय सीमा दी गई और फिर क्या बैंकों में नोट बदलने की बहार आ गई। बहुत लोगों ने कमाया तो बहुतों ने गंवाया भी, पर यह नारा सावन की हल्की फुहार की तरह बहने लगी संगीत सुनाने लगी कि नोटबंदी से अमीरों के काले धन की कमर तोड़ दी जाएगी, आतंकी भूखे मरेंगे, नक्सली हानि सरकार कभी नहीं इस पर बात की कि सच में कितने करोड़ के नए नोट एटीएम मशीनों को बदलने में लगा, पर यह जरूर बोला गया गरीबों के पास धन की वर्षा होगी।

इस बात पर हर गरीब इतना खुश हुआ कि वह यह उम्मीद लगा बैठा कि नोटबंदी से अब पंद्रह लाख जरूर मिलेंगे। बहुतों ने काम बंद करके बस अपने बैंक खाते देखने में लग गए और जिनके बैंकों में खाते नहीं थे, जन-धन योजना में शून्य बैलेंस पर खाते खुलने लगे और बैंक में भी बहार खाते खोलने की आ गई। हर बैंक कर्मचारी अधिकारी खुश था कि खाते खुल रहे हैं, अब बैंक का कारोबार बढ़ेगा। वह दिन बहुत खुशी का दिन था, जब बैंक से दो हजार के गुलाबी नोट निकलने लगे हर चेहरे पर मुस्कराहट थी कि सत्तर साल बाद गुलाबी नोट गुलाबी जीवन और गुलाबी बहार देखने को मिल रहा है। भारत से कालाधन जा रहा है, पर फायदा गरीबों के नाम पर अमीर उठा रहे थे। नोटबंदी कुछ लोगों को लाइन लगाकर नोट बदलने का नया रोजगार मिल गया, पर काला धन बाहर नहीं आया। बहार यह आई कि दो हजार के नोट के चलने के बाद डिजिटल पेमेंट का खेल शुरू हो गया। पेटीएम जैसी कंपनियों की बहार हो गई। अधिकांश डिजिटल पेमेंट पर कब्जा हो गया, उसके बाद भीम एप आया, गूगल भी इस बहार मे स्नान करने उतर गया और आज हर कोई बस ऑनलाइन हो गया, पेमेंट करने में। यह डिजिटल बहार का नया युग आ गया है जो डिजिटल नहीं हैं, वहीं अनपढ़ हैं, जिसके पास फोन पे नहीं वह किसी काम का नहीं, वह इस डिजिटल बहार का हिस्सा नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

मनुष्य के मन के मैल को धोती हैं पुस्तकें

गुलाम मोहम्मद कासिर का एक शेयर है 'बारूद के बदले हाथों में आ जाए किताब तो अच्छा हो/ ऐ काश हमारी आंखों का इक्कीसवां ख्वाब तो अच्छा हो' शायर का यह आशाओं से भरा ख्वाब है तो इक्कीसवीं सदी के लिए ही, मगर आज यानी 23 अप्रैल को मनाए जा रहे वर्ल्ड बुक डे यानी विश्व पुस्तक दिवस पर भी उनका यह शेयर बेहद मौजूं है, लेकिन ख्वाब तो ख्वाब होता है, बारूद के बदले हाथों में किताब आ जाने की राह में बड़ी मुश्किलें हैं और किताब के हाथ में आ जाने के बाद भी उसके पढ़े जाने की कोई गारंटी नहीं है।



लेखक : प्रो. मनोज डोगरा
हमीरपुर (हिप्र)

हम अक्सर दानिशमंदी और दूसरों से ज्यादा जानकार दिखने के लिए आपसी बातचीत में बड़े-बड़े देसी-विदेशी साहित्यकारों और पुस्तकों के नाम तो उछालते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ने की जहमत नहीं। यह सच है कि इक्कीसवीं सदी में पुस्तकें पढ़ने के लिए लोग छापी हुई जिल्दों के मुहताज नहीं रह गए, बल्कि दुनियाभर की पुस्तकें डिजिटल रूप में उनकी मुट्ठी में आ गई हैं। थोड़ी-सी कीमत चुकाकर कंप्यूटर और मोबाइल हैंडसेट पर ऑनलाइन पुस्तकें पढ़ने के ढेरों विकल्प सामने आ चुके हैं। पहले पुस्तक प्रेमियों को पुस्तक मेलों या चंद बड़ी दुकानों तक पुस्तकें आने का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन ई-कॉमर्स साइटों ने अब पाठकों तक पुस्तकों की पहुंच बेहद आसान कर दी है। छोटे शहरों व कस्बों में भी पाठक और साहित्य प्रेमी किताबों को ऑनलाइन खरीदने लगे हैं, लेकिन भारत की विशाल साक्षर आबादी को देखते हुए पुस्तक खरीद कर पढ़ने वालों की संख्या अब भी नगण्य है, इसीलिए पुस्तक दिवस की अहमियत बढ़ जाती है।

विश्व पुस्तक दिवस मनाया ही इसीलिए जाता है कि दुनिया अपनी तरक्की में पुस्तकों के महान योगदान को भूलने न पाए और समझे कि पुस्तकें महज कागज का पुलिंदा नहीं, बल्कि वे भूतकाल और भविष्यकाल को वर्तमान में जोड़ने का काम करती हैं। इसके साथ-साथ वे संस्कृतियों और पीढ़ियों के बीच अनगिनत पुलों का निर्माण भी करती हैं। पुस्तक दिवस यह भी रेखांकित करता है कि जरूरी नहीं कि पुस्तकें कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक या साहित्य की अन्य विधाओं से ही संबंधित हों, जीवन के हर अनुशासन की पुस्तकों से प्यार किया और उन्हें पढ़ा जाना आवश्यक है। यह भी जरूरी नहीं है कि किसी देश अथवा भाषा विशेष की पुस्तकों को वरीयता दी जाए, इसीलिए दुनिया के विभिन्न भाषाभाषी 100 से अधिक देश यह दिवस बड़े उत्साह से मनाते हैं।

हालांकि विश्व धरोहरों को संभालने वाली संस्था यूनेस्को द्वारा विश्व पुस्तक तथा स्वामित्व दिवस का औपचारिक शुभारंभ 23 अप्रैल 1995 को किया गया था, लेकिन कहते हैं कि इसकी नींव 1923 के दौरान पुस्तक विक्रेताओं द्वारा महान लेखक मीगुयेल डी सरवेन्टीस को स्पेन में सम्मानित करते समय ही रख दी गई थी। यूनेस्को ने इसे 23 अप्रैल के दिन मनाने का फैसला इसलिए किया था कि ग्रेगोरियन कैलेंडर के मुताबिक विलियम शेक्सपियर, व्लादिमीर नबोकोव, मैमुएल सेजिया वैलेजो की जयंती और पुण्यतिथि, मीगुयेल डी सरवेन्टीस (22 अप्रैल को मृत्यु और 23 अप्रैल को दफनाए गए थे), जोसेफ प्ला, इंका गारसीलासो डी ला वेगा की पुण्यतिथि और मैनुअल वैलेजो, मॉरिस द्रुओन और हॉलडोर लैक्सनेस जैसे महान लेखकों के जन्मदिवस से यह तारीख जुड़ी हुई है।

अतः पुस्तकों की याद और लेखकों को श्रद्धांजलि देने की ओर पूरे विश्व का ध्यान खींचने हेतु यूनेस्को ने यह तारीख मुकर्रर की। बच्चों के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना, कॉपीराइट का प्रयोग करके बौद्धिक संपत्ति का प्रकाशन और संरक्षण भी इस पहल का उद्देश्य था। विश्व पुस्तक दिवस का महत्व इस बात में है कि यह प्रत्येक देश के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के लिए नए-नए विचारों को उत्पन्न करने के साथ ही पुस्तकों के बीच असली खुशी और ज्ञान की खोज करने तथा पुस्तकें पढ़ने के लिए आम लोगों; खासतौर से युवाओं को प्रोत्साहित करता है। पुस्तकरहित भारतीय समाज की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमारी आदिम श्रुति परंपरा को पुस्तकों ने ही पनाह दी थी, इसलिए पुस्तकें रहेंगी, फिर चाहे वे किसी भी रूप में हों. मूल प्रश्न और चिंता पुस्तकों को पढ़े जाने की है. आज भी अगर वेद, पुराण, उपनिषद्, गीता, कुरान, बाइबल, गुरु ग्रंथ साहिब जैसे महान ग्रंथ न पढ़े जा रहे होते, तो वे हमारी सामूहिक स्मृति से गायब हो जाते।

इनको पढ़ने का मुख्य कारक है जिज्ञासा और ज्ञान। यदि हम आज के पाठकों के मन में भांति-भांति की पुस्तकों को पढ़ने की जिज्ञासा और उनसे ज्ञान प्राप्त करने की ललक जगा सकें, तभी पुस्तक दिवस सार्थक है, अन्यथा यह साल का एक और उत्सवधर्मी दिवस बनकर रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

पाकिस्तान वर्षों से भारत के साथ छद्म युद्ध छेड़े हुए है। भारत को सीमा के मोर्चे पर पाकिस्तान ने उलझाकर रखा है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद से भारत की शक्ति आतंकियों से निपटने में लगी है, जिससे विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध आजादी के समय से ही तनावपूर्ण रहे हैं। 1947 के बंटवारे के बाद से अब तक दोनों देशों के बीच तीन युद्ध हो चुके है। इन युद्धों के अलावा एक छद्म युद्ध भी जारी रहता है। भारत के मुकाबले पाकिस्तान हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है-चाहे वह आर्थिक विकास हो, लोकतंत्र हो या वैश्विक प्रभाव। पाकिस्तान की सेना ने अपने अस्तित्व और वर्चस्व को बनाए रखने के लिए भारत विरोध को एक रणनीति के रूप में इस्तेमाल किया है। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता फैलाकर पाकिस्तान भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव में लाना चाहता है। ऐसा आभास होता है जैसे आतंकवाद पाकिस्तान की विदेश नीति का एक हिस्सा बन चुका है। **-प्रीति, दरंग**

वक्फ संसोधन की समीक्षा न्यायिक व्यवस्था के लिए अग्निपरीक्षा

बहुचर्चित वक्फ संशोधन विधेयक सदन के दोनों सदनों से पारित होने के बाद राष्ट्रपति की सहमति से अधिनियम के रूप में अस्तित्व में आने के साथ ही न्यायिक समीक्षा के दौर से गुजर रहा है, जहां देश का सर्वोच्च न्यायालय इसकी संवैधानिकता की समीक्षा कर रहा है। भारतीय लोकतंत्र की यह विशेषता है कि यहां संसदीय सर्वोच्चता के साथ-साथ न्यायपालिका को संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा का अधिकार विधायिका को अंततोगत्वा संविधान के प्रति उत्तरदायी बनाता है।

लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इसके चलते यहां कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका में शक्ति संतुलन बना रहता है। जब कभी भी कार्यपालिका अपने राजनीतिक एजेंडे को विधायिका के माध्यम से आगे करती रही है, न्यायिक पुनर्निरीक्षण की ताकत ने उसकी निरंकुशता पर अंकुश लगाने का काम किया है। 1975 में आपातकाल के दौरान 39 वे संविधान संशोधन के माध्यम से जब तात्कालिक इंदिरा गांधी सरकार ने प्रधानमंत्री सहित राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष के पद की निर्वाचन प्रक्रिया को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर करने का प्रयास किया था तो इसे उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक घोषित कर दिया था।

इसी प्रकार संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता शब्द जोड़ने वाले 42 संविधान संशोधन के कुछ प्रावधानों में न्यायपालिका के न्यायिक समीक्षा के क्षेत्राधिकार को सीमित करने का प्रयास किया गया था, जिसे बाद में असंवैधानिक घोषित किया गया। इसी प्रकार न्यायपालिका ने संसदीय विवेक से आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय हितों में किए गए संशोधनों को संविधानसम्मत भी ठहराया जिसे राजनीतिक कारणों से विपक्षी दल सदन में पराजित होने के बाद न्यायिक समीक्षा के लिए न्यायालय ले जाते रहे हैं, जिसमें हाल ही में धारा 370 से जुड़े संशोधन, आर्थिक आधार पर आरक्षण जैसे संशोधन प्रमुख हैं। भारत में सांप्रदायिक तुष्टिकरण की राजनीति बीते कुछ दशकों से राजनीतिक विमर्श का केंद्र बिंदु रही है, जिसके चलते वक्फ, मुस्लिम आरक्षण जैसे मुद्दे अक्सर संवैधानिक एवं राजनीतिक चर्चा का विषय रहते हैं। 1995 के वक्फ अधिनियम में वक्फ बोर्डों को प्रदत अधिकारों ने जिस प्रकार वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली को विस्तारवादी एवं एकाधिकारवादी बनाकर राज्य एवं न्यायपालिका के नियंत्रण से मुक्त करने का प्रयास किया उसके लिए ये आवश्यक था कि वक्फ अधिनियम 1995 के इस स्वरूप के कारण देशभर में उपजे असंतोष, बढ़ते जमीनी विवादों एवं वक्फ बोर्ड के जमीनों, सरकारी संपत्तियों पर आधारहीन दावों के चलते इसमें संशोधन किया जाए, जिसे वर्तमान सरकार ने संसदीय मर्यादाओं के साथ पूर्ण किया एवं वक्फ अधिनियम को प्रासंगिक एवं पारदर्शी बनाने का काम किया।

सरकार के इस कदम से हतोत्साहित वक्फ अधिनियम 1995 के पैरोकार जहां संविधान के अनुच्छेद 26 का संरक्षण लेकर इसकी वैधता को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे चुके हैं, वहीं यहां ये समझना आवश्यक है कि संविधान का अनुच्छेद 26 इस मामले में इस संशोधन के विरोधियों को संरक्षण देता हुआ नहीं दिखता क्योंकि ये अनुच्छेद धार्मिक समूहों को उनके धार्मिक संस्थानों के प्रबंधन एवं धर्मार्थ कार्यों के नियमन की स्वतंत्रता जरूर देता है परंतु उच्चतम न्यायालय पहले भी कई मर्तबा ये कह चुका है कि वक्फ बोर्ड धार्मिक संस्थान न होकर अर्ध न्यायिक संस्थान है।

इसके अधीन वक्फ ट्रिब्यूनल कार्य करता है, ऐसे में किसी भी न्यायिक अथवा अर्धन्यायिक संस्थान में लिंग, धर्म एवं जातीय भेद के आधार पर नियुक्ति न होकर समानता के आधार पर होनी चाहिए एवं गैर मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में सम्मिलित करना गैर संवैधानिक नहीं कहा जा सकता। यहां उल्लेखनीय है कि मुस्लिम कल्याण के हितार्थ बनी सच्चर कमेटी ने भी अपनी अनुशंसा में कहा है कि वक्फ बोर्ड के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तकनीकी रुप से निपुण गैर मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में मनोनीत किया जाना चाहिए। जहां तक सवाल यह है कि क्या हिन्दू धर्मार्थ ट्रस्टों में क्या गैर हिन्दू लोगों को सम्मिलित किया जा सकता है तो उस संदर्भ में ये उल्लेखनीय है कि हिन्दू ट्रस्टों के पास कोई न्यायिक एवं संविधिक कार्य नहीं है वे पूर्ण रूपेण धार्मिक क्रियाकलापों एवं प्रबंधन के लिए शासकीय आदेश से गठित किए गए है एवं अधिकांश मंदिर प्रबंधनों में शासकीय अधिकारी पदेन ट्रस्टी के रूप में बिना किसी सांप्रदायिक एवं जातीय भेद के मनोनीत रहते ही हैं फिर भी इसकी विस्तृत विवेचना इस न्यायिक समीक्षा में सामने आ ही जाएगी।

अब देखने लायक है कि कैसे उच्चतम न्यायालय इस मामले में समीक्षा के अधिकार के तहत दूरदर्शी एवं न्यायोचित निर्णय लेता है। यह वास्तव में फिर से संसदीय विवेक एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायिक अधिकारों की अग्निपरीक्षा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शहरी नक्सली और माओवादी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा

भारत शहरी नक्सलवाद सहित नक्सलवाद के समान मुद्दे से निपट रहा है। हालांकि 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर अब 38 हो गई है। केंद्र सरकार की योजना 2026 तक नेटवर्क को खत्म करने की है। हालांकि, मार्कस सिसेरो के बयानों में शहरी नक्सलवाद का खतरनाक रूप समझा जा सकता है।

लेखक : पंकज जगन्नाथ जयस्वाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक समाज और राष्ट्र के रूप में हम इस जहरीली मानसिकता या विचारधारा के परिणामस्वरूप बहुत पीड़ित हैं। वे अब 'महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024' के खिलाफ लोगों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं। शहरी नक्सली, ऐसा शब्द जो हाल के वर्षों में लोकप्रिय हुआ है, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों और संगठनों को संदर्भित करता है जो माओवादी विद्रोह के साथ सहानुभूति रखते हैं, उसका समर्थन करते हैं या सक्रिय रूप से सहायता करते हैं। शहरी नक्सली और माओवादी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं और शत्रुतापूर्ण देशों में उनके कई समर्थक हैं, जिनके साथ हम कई वर्षों से छद्म युद्ध लड़ रहे हैं।

ये शहरी नक्सली और माओवादी, स्थानीय प्रतिस्पर्धा को खरीदने की चाहत रखने वाले वैश्विक व्यापार दिग्गजों की तरह, भारत के खिलाफ अपने हमले को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श माध्यम हैं। ये शहरी समर्थक छद्म बुद्धिमान, अच्छे वक्ता होते हैं और खुद को सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् या मानवाधिकार अधिवक्ता बताते हैं। उनका असली लक्ष्य युवा, भोले-भाले दिमागों को भर्ती करके और माओवादी प्रचार करके देश को अस्थिर करना है।

एनआईए के अध्ययन के अनुसार, कई फ्रंटल संगठन और छात्र विंग इस भर्ती प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं। ये संगठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों के आदर्शवाद और कमजोरी का फायदा उठाते हैं। वे सामाजिक न्याय के समर्थक बनकर विद्यार्थियों में कट्टरपंथी धारणाएं भरते हैं, उन्हें सरकार का विरोध करने तथा हिंसक, विद्रोही जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

भारत विरोधी नारे और हिंसा जो भी हम अलग-अलग शिक्षा परिसरों में देखते हैं, वह काफी हद तक शहरी नक्सलियों द्वारा छात्रों को प्रभावित करने का परिणाम है। इस तरह का ब्रेनवॉश समाज और राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को कमजोर करता है। ये नक्सली, वैश्विक डीप स्टेट मार्केट ताकतों की मदद से, हर उस चीज को खारिज करते हैं जो राष्ट्र के पक्ष में है और अंतरराष्ट्रीय मालिकों और फाइनेंसरों के अनुकूल है जिनके लिए वे स्वार्थी कारणों से काम करते हैं। उन्हें केवल जाति विवाद, कश्मीरी अलगाववाद और खालिस्तानी आंदोलन जैसे विभाजन को भड़काते हैं, जो अजीब तरह से ज्यादातर सोशल मीडिया, मुख्यधारा के मीडिया और कैंपस चिटचैट जैसे प्लेटफार्मों पर अनिवासी भारतीयों द्वारा फैलाया जा रहा है। शहरी नक्सली जंगल के नक्सलियों को रसद और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं।

वे सामाजिक खामियों का फायदा उठाते हैं और बड़ी भीड़ को संगठित करके हिंसक और अहिंसक दोनों तरह के विरोधों को भड़काते हैं ताकि व्यवस्था को अंदर से कमजोर किया जा सके। हमारे युवाओं और पूरे समाज के लिए यह सही समय है कि वे हमारे भीतर और हमारे आसपास मौजूद जहरीले नक्सली के प्रति सचेत हो जाएं। यह एक धीमा ज़हर है जो समाज को कमजोर करता है और राष्ट्र को अस्थिर करता है। यह सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को रोकता है, जिससे राष्ट्र इन मानकों पर सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश बन जाता है। मानवता के इन दुश्मनों का सामना करने के लिए हमें और अधिक सचेत और जागरूक होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

आंधी से बिछी गेहूं की फसल

भीम बसेहू, महादेव

जिले कुछ क्षेत्रों में अचानक बिगड़े मौसम के कारण फलदार पौधों, रबी संबंधी फसलों को हुए नुकसान से किसान एवं बागवान भाई रोजी-रोटी के जुगाड़ को लेकर चिंतित हालत में दिखाई दे रहे हैं। पिछले वर्ष फसल बोआई के समय सूखे से ही जूझते चले गए और बाद में या बहुत पहले खेतों में कुछ नमी में बीजी गई गेहूं इत्यादि की फसलों खासकर गेहूं को देरी से प्राकृतिक जल की राहत मिली तो जरूर लेकिन एक बड़े भाग में फसल को भारी नुकसान भी हुआ।

प्राकृतिक तौर पर हुए इस नुकसान से नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में तबाही के निशान साफतौर पर देखे जा सकते हैं, जिसमें ग्राम पंचायत महादेव में जहां फलदार पौधों की शामत आई वहीं कृषि क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है, जिसे देखकर किसान परेशान है। (अनंत ज्ञान)

लोगों ने उठाई मुआवजे की मांग

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि किसान लोग पिछले कई वर्षों से आवारा पशुओं से परेशान हैं ही अब मौसम के बिगड़े मिजाज ने भी इस बढ़ती मंहगाई के चलते उनकी कमर तोड़ कर रख दी है। ऐसी बुरी स्थिति में सरकार को चाहिए कि वह प्रभावित हुए किसानों की तबाह हुई फसलों के नुकसान का जायजा लेकर उन्हें उचित मुआवजा देने का प्रावधान करे।

लोगों ने प्रदेश की सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि वह शीघ्र ही आवारा पशुओं के नियंत्रण सहित फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए कारगर कदम उठाए।

मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक : राजमल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर उपमंडल का गलू जातर मेला संपन्न

जोगिंद्रनगर उपमंडल का तीन दिवसीय गलू जातर मेला मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता नीलम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के निदेशक राजमल चौहान ने की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने वाले पारंपरिक मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि मेले हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को उजागर करते हैं तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। राजमल चौहान ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मेलों के माध्यम से ही हमें एक-दूसरे से मिलने, बातचीत करने और सामाजिक संबंधों को बनाए रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने तीन दिवसीय गलू जातर मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी को बधाई दी और अपनी ऐच्छिक निधि से 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन सभी के सहयोग से ही सफल हो पाते हैं।

मेला कमेटी की अध्यक्ष कला देवी और उपप्रधान सन्नी बिष्ट ने मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, नीलम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की संस्थापिका नीलम चौहान को भी मेला कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता सहित विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया।

अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पहुंचे राकेश धरवाल

दूसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज के एमडी राकेश धरवाल थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल की लोकसंस्कृति अत्यंत समृद्ध है और ऐसे मेले उसे जीवित रखने का माध्यम हैं। राकेश धरवाल ने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने के लिए ऐसे आयोजनों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने मेला कमेटी को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, लोक कला और परंपराओं के संरक्षण हेतु ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

न्यूज ब्रीफ

पंडोह डैम के पास शिवा सड़क पर मिला शव

अनंत ज्ञान, पंडोह। पंडोह डैम के उपर शिवा बदार सड़क मार्ग पर गांव उबा सड़क मोड़ पर एक युवक का शव देर शाम को मिला। हालांकि पुलिस अभी तक पहचान नहीं कर पाई है। मोबाइल के आधार पर शव बड़ा गांव पधर जिला मंडी का लग रहा है। भारी वर्षा के कारण पुलिस शिनाख्त नहीं हो सकी है। हालांकि मौका पर मोबाइल भी मिला है। शव सड़क किनारे बिना कोई चोट के मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस चौकी प्रभारी पंडोह अनिल कटोच ने खबर की पुष्टि की है।

बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता की जरूरत

अनंत ज्ञान, मंडी। एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए समाज में जागृति लाने की जरूरत है। वह बाल विवाह को रोकने व बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए गठित उपमंडल स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत निर्धारित से कम आयु के लडके व लड़की को नाबालिग माना जाता है और नाबालिगों द्वारा किया गया विवाह गंभीर और गैर जमानती अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह होने की सूरत में संबंधित अभिभावकों, संलिप्त मैरिज हाल, पंडित, मौलवी, अभिभावकों, बैंड वाले, टेंट वाले, डीजे और कैटर्स भी अपराधी की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करवाने या बढ़ावा देने में सहायक व्यक्तियों को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनो हो सकते हैं।

रेबीज निरोधक टीकाकरण शिविर 26 को

अनंत ज्ञान, पधर। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि 26 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय पशु चिकित्सक दिवस के अवसर पर उपमंडलीय पशु चिकित्सालय परिसर पधर में एक दिवसीय रेबीज रोग निरोधक टीकारण, पशु जन्म दर नियंत्रक शल्य चिकित्सक शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें आवारा कुत्तों (नर व मादा) का टीकाकरण व नसबंदी की जाएगी। शिविर में पशुपालकों को रेबीज की रोकथाम व देखभाल के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रेबीज एक जानलेवा रोग है जो संक्रमित जानवरों के काटने से फैलता है। इसका समय पर टीकाकरण ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। उन्होंने अपील की कि जो लोग अपने कुत्तों की निःशुल्क नसबंदी करवाना चाहते हैं, वह प्रातः 10 बजे तक खाली पेट अपने कुत्तों को पशु चिकित्सालय पधर में ला सकते हैं।

जरल गांव की सड़क खोदने से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती सड़कों का एक बड़ा भाग गहरे गड्ढों में पड़ा है जिससे वाहन चालकों सहित पदयात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीडब्ल्यूडी महकमे के अंतर्गत आती गड्ढों में पड़ी सड़कें जलापूर्ति पाइपों से पानी के हो रहे रिसाव एवं बरसाती पानी से भरी पड़ी हैं वहीं कई तरह के अवरोधकों से वाहन चालकों समेत लोगों को खोदी सड़कों से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत चौक से सुंदरनगर की ओर जाते फोरलेन से संपर्क करते गांव जरल के खस्ताहाल मार्ग पर एक मोटी पाइप को पुनः मशीन से खोदकर आर पार की हालत में वापस पीछे रखा गया है जिससे मार्ग एक तरफा रहकर बड़े हिचकोले खाने वाला हो गया है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सड़क का पूर्णरूपेण सुधार किया जाए।

जोगिंद्रनगर कन्या स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण, नारा लेखन, पेंटिंग आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब और एनएसएस इकाई के सौजन्य से किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य रविकांत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की रोकथाम, प्रदूषण नियंत्रण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना है।

पृथ्वी दिवस पर छात्राओं की करवाई प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। निबंध लेखन, ड्राईंगि व नारा लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई। नारा लेखन में सिमरन आठवीं (अ) प्रथम, तेजल आठवीं द्वितीय व पावनी शर्मा नवीं तृतीय रही। पेंटिंग में अन्विशा नवीं (अ) प्रथम, तेजस आठवीं (अ) द्वितीय व सिमरन शर्मा आठवीं तृतीय स्थान पर रही। सीनियर वर्ग के पेंटिंग में प्रथम स्थान पर तन्वी जमा एक, द्वितीय स्थान पर भूमिका ठाकुर व तृतीय स्थान पर रिशिका वर्मा रही। नारा लेखन में प्रथम स्थान पर शिवानी जमा दो, द्वितीय स्थान पर आंचल शर्मा जमा एक व तृतीय स्थान पर ईशा जमा एक रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कटोच ने सभी छात्राओं को अपने एकमात्र ग्रह पृथ्वी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की और यह संदेश दिया कि अतः हमें पृथ्वी को सुरक्षित रखना है।

संधोल स्कूल की एसएमसी की बैठक रही हंगामेदार, अध्यक्ष ने जमकर लगाए आरोप, कहा–

दर्जनों छात्रों ने किया पलायन

रितेश चौहान, सरकाघाट

राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय संधोल भले ही पीएम श्री के लिए संघर्ष कर रहा हो लेकिन यहां प्रशासनिक कमजोर पकड़ के चलते शायद उत्कृष्ट शब्द भी आने वाले समय में देखने को मिले वजह साफ की पिछले वर्ष विद्यालय की वर्ष भर की कार्यक्षमता के चलते यहां से दर्जनों छात्रों ने यहां से पलायन कर लिया।

जाने वाले छात्रों का कहना था कि स्कूल में अध्यापकों के बावजूद कक्षाओं में न आना बड़ी वजह रही है। जो छात्र पढ़ने वाले थे उन सबने कहीं न कही वैकल्पिक संस्थानों में एडमिशन ले ली है। इस वजह से इस बार एसएमसी की बैठक भी काफी हंगामेदार रही।

एसएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने जमकर स्कूल में हंगामा किया। अध्यक्ष ने बताया कि स्कूल का एक अध्यापक वर्ग सरकार के आदेशों के मुताबिक अध्यापकों के वर्दी पहनने से खफा है और इसी मुद्दे पर माहौल गर्म गया। एसएमसी

स्कूल परिसर में गाड़ियां चलाने से दो लाख रुपए के मैट कर दिए खराब

अध्यक्ष ने बताया कि यहां अधिकतर स्टाफ स्थानीय है जो दिनभर अपने ही काम निपटाने के चक्कर में कभी बाजार कभी सैनिक कैंटीन ओर कई बैंक की कतार में लगे होते है।

इसको लेकर स्थानीय विधायक चंद्रशेखर को कई बार अवगत भी करवाया, लेकिन वोट बैंक के चक्कर में इन अध्यापकों को कोई हिला नहीं सका और ये वर्षों से यहां कुंडली मार कर बैठे हैं। यही नहीं स्कूल के लचर व्यवस्था को लेकर एसएमसी के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत की है लेकिन अभी तक उस पर भी कोई जवाब नहीं मिल पाया है। (अनंत ज्ञान)

मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को भी भेजी शिकायत

सरकार नहीं कर पाई स्थायी प्रधानाचार्य की तैनाती

काबिलेगौर रहे कि करीब साल भर से यहां सरकार स्थायी प्रधानाचार्य की तैनाती नही कर पाई है जिसके चलते यहां अव्यवस्था का आलम सर चढ़कर बोल रहा है। संजीव गुलेरिया ने बताया कि 2 लाख कीमत के बिछाए खिलाड़ी छात्रों के मैट पर स्कूल के कई अध्यापक गाड़ी ओर स्कूटी सीख रहें हैं। उन्होंने एक प्रस्ताव पारित करवा कर अध्यापकों को अपने वाहन स्कूल के बाहर लगाने का आग्रह किया क्योंकि छुट्टी होने पर छात्रों से जल्दी अध्यापकों को घर जाने की होती है इसी कशमकश में यहां कोई बड़ी अनहोनी न हो इसलिए इन्हें अपने वाहन स्कूल परिसर से बाहर लगाने के लिए कहा गया। उन्होंने बैठक के बाद एक पत्र स्थानीय विधायक, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को भेजकर आग्रह किया संधोल विद्यालय का एक बड़ा इतिहास और इसका बड़ा महत्व रहा है जिसे यहां अंदरूनी प्रशासन तबाह करने में जुट गया है इसलिए भले ही कोई सेवानिवृत्ति पर हो या कोई और बजह से यहां वर्षों से कुंडली मार कर बैठा हो इन्हें तुरन्त प्रभाव से हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि स्कूल के इतिहास में पहली बार हुआ है कि छात्रों ने इतनी बड़ी तादाद में पलायन किया है। एसएमसी अध्यक्ष ने बताया कि अध्यापक वर्ग की ऐसे ही रवैए और लापरवाही के चलते इस स्कूल से एनसीसी यूनिट बंद हो गई, खुलने से पहले ही यहां के खेल छात्रावास से ये अध्यापक परेशान हो गए है । इसलिय स्कूल के वजूद को बनाए रखने के लिए अस्सी प्रतिशत स्थानीय स्टाफ को तुरंत प्रभाव से यहां हटाने की मांग की गई है ।

"स्कूल में ऐसा कुछ नहीं है हमारे पास स्टाफ कम है। ऐसे में बाजार, ट्रेजरी और बैंक जाना पड़ता है। वहीं फॉर्मल ड्रेस में आ रहे हैं। पार्किंग को लेकर बताया कि अध्यापकों को स्कूल के बाहर गाड़ियां पार्क करने की जगर नहीं है, इसलिए स्कूल में खाली जगह में गाड़ियां पार्क की जाती है। इसके साथ ही चौकीदार को बोल दिया है की गाड़ियां बाहर की पार्क करवाओ।

-निर्मल सकलानी, कार्यवाहक प्रिंसिपल।

कांग्रेस ने हमेशा की वोट बैंक की राजनीति : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

कांग्रेस ने हमेशा डॉ. अंबेडकर का किया अपमान : सुरेश

भाजपा जिला सतर पर डॉ. अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा मंडी जिला ने इसी कार्यक्रम को मुख्यमंत्री संवाद केंद्र टारना में दीप प्रज्ज्वलित करके शुरू किया गया।

इस कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर और कार्य मुख्यवक्ता के रूप में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में शिमला से सांसद सुरेश कश्यप और साथ में मंडी लोकसभा सह प्रभारी, नाचन के विधायक विनोद चौहान भाग लिया। भाजपा के प्रदेश संगठन महामन्त्री सिधार्थन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह कार्यक्रम के मुख्यवक्ता सासद सुरेश कश्यप ने कहा कि बाबा साहेब नाम से लोकप्रिय भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता थे।

उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम अर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की है डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समाज में दलित वर्ग को समानता दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज अंबेडकर के विचारों ने लाखों युवाओं को प्रेरित किया है और उनके विचारों पर चलकर कई युवाओं ने अपनी जिंदगी बदली है । इसी कारण बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में हम यह कार्यक्रम किये जा रहे है। नेहरू ने उस समय भी बाबा साहब के खिलाफ साजिश की थी।

आज भारत देश एकता के लिए जाना जाता है तो इसका श्रेय डॉ. भीम राव अंबेडकर और वलभ भाई पटेल को जाता है।

इस कार्य क्रम में पूर्व मंत्री एवं सदर के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह विधायक इंद्र सिंह, द्रंग विधायक पूर्ण ठाकुर, भाजपा प्रदेश की उपाध्यक्षा पायल वैद्य, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री चेत राम, पाल वर्मा वीरेंद्र भट्ट, प्रीयंता, राकेश, राहुल उपस्थित रहे।

महादेव-भलवाहन मार्ग पर पानी का हो रहा रिसाव, सुधारने की मांग

अनंत ज्ञान, महादेव

महादेव-भलवाहन मार्ग वाया बैहली की मरम्मत कार्य चल तो जरूर रहा है, मगर बहुत ज्यादा सावधानी से काम न करने से इस मार्ग से सटी पेयजल आपूर्ति की पाइपों के दबने खिंचने का भी आरोप है।

मार्ग के एक बड़े भाग में पानी का रिसाव होने से पानी के तालाब से हो गए हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के इस मार्ग की मरम्मत कितनी बढ़िया गुणवत्ता का है यह शीघ्र ही पता चल जाएगा। बहरहाल पेयजल की पाइपों से पानी का रिसाव चिंता की बात है, क्योंकि गर्मी की दस्तक के चलते पानी का संकट भी गहरा गया है, जबकि संबंधित विभाग को चाहिए कि वह सड़क संबंधी कार्य सावधानी पूर्वक करे ताकि आम जनता परेशान न हो।

लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के लिए व्यापक रुप से सुधार को लेकर कारगर कदम उठाए।

बच्चों ने जाना प्राकृतिक संसाधनों का महत्व

अनंत ज्ञान, मंडी

पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद नौनिहाल।

डीएवी सीपीएस मंडी किंडरगार्टन विंग में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। पाठशाला के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह गुलेरिया ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर बच्चों को बधाई दी और अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अवगत करवाया।

इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने हरे व नीले परिधानों में अपनी,अपनी प्रस्तुतियां दी।

इस आयोजन के दौरान बच्चों ने अपने प्राकृतिक संसाधनों का महत्व जाना जैसे पृथ्वी हमें पानी, भोजन,

डीएवी मंडी किंडरगार्टन विंग में करवाया कार्यक्रम

खनिज व अन्य आवश्यक संसाधन प्रदान करती है, जो हमारे जीवन व विकास के लिए आवश्यक है। शाखा प्रभारी सीमा कपूर ने सभी बच्चों को पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम संबंधी जागरूक किया।

पड्डुल में कल क्रिकेट टीम का होगा चयन

अनंत ज्ञान, मंडी। सीनियर जिला मंडी टी-20 क्रिकेट टीम का चयन 24 अप्रैल को मंडी के पड्डुल मैदान में सुबह 10 बजे किया जाएगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने बताया कि चयन में हिमाचली बोनाफाइड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं।

चयन के लिए एक समिति गठित की गई है। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को कलर ड्रेस में आना जरूरी है। चुनी गई टीम दो मई से शुरू हो रही अंतर जिला प्रतियोगिता में भाग लेगी। मंडी टीम अपना पहला मैच चंबा जिले की टीम से खेलेगी।

शरीर को स्वस्थ व मजबूत रखना जरूरी : चौहान

अनंत ज्ञान, गोहर। पोषण पखवाड़ा जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना गोहर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धंग्यारा में बाल परियोजना अधिकारी बीएल चौहान की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारे शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में खंड समन्वयक आशीष शर्मा ने छात्रों को एनीमिया तथा कुपोषण दूर करने पर जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पूनम ठाकुर, खंड समन्वयक आशीष कुमार, कांता देवी आदि मौजूद थे।

किसानों ने प्राकृतिक खेती फार्म का किया भ्रमण

अनंत ज्ञान, गोहर

कृषि विभाग आत्मा परियोजना कुल्लू व किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के माध्यम से बंजार ब्लॉक के 33 किसानों को विकास खंड गोहर के गांव न्यूरी में प्राकृतिक विधि यामी गौतम फॉर्म का कृषक भ्रमण करवाया गया।

किसान प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के उप प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि इन 33 किसानों को प्राकृतिक विधि की तकनीकों बारे तीन दिनों के लिए कृषि प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दूसरे दिन किसानों को न्यूरी का भ्रमण करवाया गया । यहां किसानों को प्राकृतिक हल्दी लकाडोंग, मेघा, काली हल्दी, काली अदरक, प्लम, संतरे, लहसुन की फसलों का निरीक्षण करवाया गया।

प्राकृतिक विधि से पैदावार करने पर मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार, मिट्टी के संरक्षण, जैव विविधता, फसलों की गुणवत्ता, उत्पादकता पर भी किसानों को विस्तृत रूप में बताया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेकों कार्य कर रही है। गत वर्ष प्राकृतिक विधि से पैदा मक्की की खरीद की गई थी। इस बार रबी फसल में प्राकृतिक विधि से पैदा गेहूं को सरकार 60 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर खरीदेगी। हाल ही में सरकार ने प्राकृतिक विधि से पैदा हल्दी 90 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर खरीदने का निर्णय लिया है । इस अवसर पर खंड तकनीकी प्रबंधक डॉ. विजय द्वारा उपस्थित किसानों को प्राकृतिक विधि से पैदा की जा रही खेती पर संपूर्ण जानकारी दी गई ।

इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी सुंदर नगर डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. सुधीर कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक विकासखंड बंजार डॉ. यादवेंद्र कुमार,तकनीकी प्रबंधक डॉ. मुरारी व किसान उपस्थित रहे।

पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में करें योगदान : चमन लाल

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर ने बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पीडब्ल्यूडी) में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य आईटीआई आदित्य रैना और उपप्रधानाचार्य सीता राणा की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रयोगशाला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुंदरनगर के प्रभारी वैज्ञानिक अधिकारी चमन लाल ठाकुर ने पृथ्वी दिवस के महत्व को रेखांकित किया और इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' पर प्रकाश डाला, जिसका लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के माध्यम से 2030 तक 'ट्रिपल स्वच्छ बिजली' लक्ष्य प्राप्त करना है।

उन्होंने आग्रह किया कि सभी पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में अपना योगदान करें। यह हर पीढ़ी की जिम्मेदारी बनती है कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और खुशहाल पृथ्वी बनाएं रखें।

मांग | डडौर जंक्शन प्वाइंट पर थोड़ी सी चूक बन सकती है बड़ी सड़क दुर्घटना

डडौर फोरलेन पर वाहनों के लिए बने फ्लाईओवर

अनंत ज्ञान, महादेव

फाइल फोटो

डडौर जैसा जंक्शन प्वाइंट चारों ओर से खुला है और ऐसी स्थिति में बढ़ते जा रहे यातायात के मद्देनजर वाहनों चालकों की थोड़ी सी भी चूक सड़क दुर्घटना को अंजाम दे सकती है।

मंडी-मनाली की ओर जाने वाले वाहनों के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर फ्लाईओवर आदि की तकनीक अपनाने की मांग लंबित पड़ी है, जिसे समय रहते अमलीजामा पहनाना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है, क्योंकि डडौर एक ऐसा व्यस्ततम चौराहे का स्थान है जहां विभिन्न तरह के छोटे-बड़े वाहनों की भरमार रहती है और फ्लाईओवर की आधुनिक सुविधा न होने से वाहन अक्सर जाम लगने की हालत में फंस जाते हैं जिससे समय की बर्बादी के चलते विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों को आए दिन खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि फोरलेन पर बढ़ रहे यातायात के लिए फ्लाईओवर की व्यवस्था के लिए संबंधित अथारिटी से कई बार मांग उठाई जा चुकी है मगर कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पदयात्रियों के लिए बने भूमिगत पैदल पार पथ

यही नहीं पैदल आर-पार आने जाने वाले मुसाफिरों के लिए भी डडौर में भूमिगत पैदल पार पथ की सख्त जरूरत है क्योंकि फोरलेन के आर-पार जाना खतरे से खाली नहीं है जाहिर सी बात है कि इस मेन रोड पर गाड़ियां आती जाती रहती हैं और पदयात्री रोड खाली होने का बहुत-बहुत देर तक इंतजार करते रहते हैं जिससे इस ओर भी खूब समय की बर्बादी हो रही है । लोगों ने मंडी की सांसद कंगना रनौत एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही डडौर जैसे व्यस्ततम चौराहे के यहां फ्लाईओवर बनाने सहित जनहित में भूमिगत पैदल पार पथ का भी निर्माण करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

बिजली बिल का करें भुगतान

अनंत ज्ञान, पधर। सहायक अभियंता नितिन चंदेल ने बताया कि विद्युत उपमंडल पधर के अधीन आने वाले सभी 10,265 उपभोक्ता 24 अप्रैल से पहले अपना बिजली का बिल जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता समय पर बिजली का बिल जमा नहीं करवाते हैं, तो उन्हें लेट फीस का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा। निर्धारित तिथि तक बिल जमा न करवाने पर विभाग द्वारा प्रक्रिया के अनुसार डिफॉल्टर नोटिस निकाल दिया जाएगा तथा अस्थाई रूप से बिजली का कनेक्शन काटने का प्रावधान है, जिसे रि-कनेक्शन करवाने के रूप में 250 रुपए या 500 रुपए अतिरिक्त राशि का भुगतान उपभोक्ता को करना पड़ेगा।

स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार जरूरी : संजीव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मंडी द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत आयोजित पोषण पखवाड़े 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 का जिला स्तरीय समापन समारोह कल्याण भवन मंडी के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। समारोह में अध्यक्ष एपीएमसी संजीव गुलेरिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वस्थ जीवन जीने के लिए संतुलित और पोषणयुक्त आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के लिए पर्याप्त पोषण की आवश्यकता पर बल दिया। गुलेरिया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वे पोषण के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे स्वयं भी पौष्टिक आहार अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजेय बदरेल ने पोषण अभियान के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों से अवगत करवाया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी भी सांझा की।

जिला समन्वयक रजनीश शर्मा द्वारा पोषण संबंधी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह में बाल विकास परियोजना मंडी सदर व जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी, पर्यवेक्षक एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जितेंद्र सैणी द्वारा मुख्यातिथि सहित सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए किया गया।

रायुपर में बनेगी मॉडल पीएचसी

मरीजों के लिए एसी से लेकर आधुनिक उपकरण खरीदेगी कमेटी: कृष्ण पाल

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में रायपुर हेल्थ वेलनेस सेंटर जन आरोग्य समिति गवर्निंग बॉडी की बैठक जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पीएचसी रायपुर को मॉडल स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। इस दिशा में पहल करते हुए पीएचसी रायपुर कमेटी की मासिक बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन और जिला परिषद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने की।

बैठक में क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और मरीजों को बेहतर सुविधा देने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रमुख निर्णय लिया गया कि पीएचसीमें जल्द ही एसी (एयर कंडीशनर) लगाए जाएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत मिल सके। खासकर गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह सुविधा वरदान साबित होगी। साथ ही घायल मरीजों की जांच के लिए आधुनिक उपकरणों की खरीद भी की जाएगी, जिससे आपातकालीन सेवाओं में तेजी आएगी और इलाज में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी।

रायपुर हेल्थ वेलनेस सेंटर जन आरोग्य समिति गवर्निंग बॉडी की बैठक में मौजूद लोग।

वहीं, उपकरण फुलवारी और पर्यावरण को सुदृढ़ करने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। कृष्ण पाल ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं आम जनता के जीवन से जुड़ी अहम सेवा हैं और इसे मजबूत करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। पीएचसी को मॉडल के तौर पर विकसित करने के लिए आवश्यक बजट की मांग उच्च अधिकारियों को भेजी जा चुकी है और जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा। बैठक में मौजूद पंचायत प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न सुझाव दिए। प्रमुख मुद्दों में पीने के पानी की व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, स्टाफ की कमी और 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं शामिल रहीं। सभी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए समाधान के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान यह भी निर्णय लिया कि क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को नियमित जांच और प्राथमिक उपचार की जानकारी मिल सके। इससे बीमारियों की समय रहते पहचान हो सकेगी और गंभीर समस्याओं से बचाव होगा। बैठक के समापन पर चेयरमैन कृष्ण पाल शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए भरोसा दिलाया कि पीएचसीरायपुर जल्द ही अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिए मिसाल बनेगा। उन्होंने कहा जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है और हम इसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इस तरह की योजनाएं और प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और ग्रामीणों को बेहतर उपचार की सुविधा उनके ही गांव में मिल सकेगी। इस मौके पर एसडीओ अशोक शर्मा, प्रधान रीता देवी, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष रामआसरा शर्मा, सुपरवाइजर मधु शर्मा, फार्मासिस्ट मदन गोपाल, हैल्थ वर्कर विक्रमा, जेई अभिषेक कंवर, सुरेंद्रा देवी आदि मौजूद रहे।

एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के समीप आग जलाने पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना के रायपुर सहोड़ा, मैहतपुर स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की सीमा दीवार से 60 मीटर की परिधि के भीतर पराली जलाने तथा किसी भी प्रकार की खुली आग जलाने से संबंधित गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश डीसी ऊना जतिन लाल द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 एवं 34 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन सुरक्षा एवं संभावित आपदा की रोकथाम के दृष्टिगत जारी किए गए हैं। डीसी ने बताया कि आईओसीएल का यह एलपीजी बॉटलिंग प्लांट एक अत्यंत महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा है, जहां बल्क एलपीजी का भंडारण एवं घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी सिलेंडरों में भराई की जाती है। यह प्लांट हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब के कुछ क्षेत्रों की घरेलू एलपीजी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है तथा इसमें लगभग 900 मीट्रिक टन अत्यधिक ज्वलनशील एलपीजी का भंडारण किया जाता है। एलपीजी अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है।

पूर्व मंत्री को धमकाने, फिरौती के मामले की सच्चाई की जाए सार्वजनिक : भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा

प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर को धमकी और फिरौती मांगने के सनसनीखेज मामले में पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की जानकारी सार्वजनिक न किए जाने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस प्रकरण में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में पुलिस प्रशासन की चुप्पी पर कड़ा ऐतराज जताया है और मांग की है कि आरोपी को रिमांड पर लेकर उसकी सच्चाई जनता के सामने लानी चाहिए। भुट्टो ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस तरह से भाजपा के वरिष्ठ नेता को धमकी दी गई और फिरौती मांगी गई, यह न सिर्फ एक गंभीर अपराध है, बल्कि पूरे कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के माहौल को अस्थिर करने की कोशिश भी प्रतीत होती है। इस मामले में आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है, जो कि पुलिस की तत्परता का प्रमाण है, लेकिन अब जबकि आरोपी पुलिस रिमांड पर है, उसकी पहचान और मंशा को सार्वजनिक करना बेहद जरूरी हो गया है। भुट्टो ने कहा कि पुलिस आखिर क्यों आरोपी की पहचान और पूछताछ के दौरान सामने आई जानकारी को सार्वजनिक नहीं कर रही? क्या प्रशासन किसी बड़े खुलासे से बचना चाह रहा है या फिर किसी राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है? उन्होंने कहा यह केवल पूर्व मंत्री को धमकी देने का मामला नहीं है, यह पूरी कुटलैहड़ की सुरक्षा और शांति व्यवस्था से जुड़ा विषय है। यदि एक वरिष्ठ नेता को धमकी दी जा सकती है, तो आम नागरिक कितना सुरक्षित है? क्या यह प्रयास किसी गहरी साजिश का हिस्सा है? भुट्टो ने कहा कि इस प्रकरण के बाद कुटलैहड़ में चर्चा का बाजार गर्म है। लोग जानना चाहते हैं कि धमकी देने वाला आरोपी कौन हैं, उसकी पृष्ठभूमि क्या है और उसका उद्देश्य क्या था? सोशल मीडिया पर भी यह विषय काफी वायरल हो चुका है, जहां लोग पुलिस से पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। किसी बड़े नेता को धमकी मिल सकती है, तो हम आम लोग कितना सुरक्षित हैं? पुलिस को सच्चाई सामने लानी चाहिए, ताकि क्षेत्र में भय का माहौल न बने। पूर्व विधायक ने यह भी आशंका जताई कि इस तरह की घटनाएं राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा भी हो सकती हैं।

भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो और अन्य भाजपा नेताओं ने मीडिया को किया संबोधित।

उनका कहना है कि कंवर न केवल क्षेत्र के प्रभावशाली नेता हैं, बल्कि कई बार विधायक एवं मंत्री भी रह चुके हैं। उनके खिलाफ इस तरह की साजिश किसी राजनीतिक लाभ के लिए भी रची जा सकती है। हम यह भी नहीं भूल सकते कि कंवर के पास वर्षों का प्रशासनिक अनुभव है और वे भाजपा संगठन के मजबूत स्तंभों में से एक हैं।

न्यूज ब्रीफ

हरोली में 28, बंगाणा में 6 को स्थानीय अवकाश

अनंत ज्ञान, ऊना। डीसी एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने शिवबाड़ी मेला, राज्य स्तरीय हरोली उत्सव तथा जिला स्तरीय पिपलू मेले के अवसर पर संबंधित उपमंडलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के मुताबिक 26 अप्रैल (शनिवार) को उपमंडल गगरेट में शिवबाड़ी मेले, 28 अप्रैल (सोमवार) को उपमंडल हरोली में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव और 6 जून (शुक्रवार) को उपमंडल बंगाणा में पिपलू मेले के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। इसके अलावा डीसी ने बताया कि ऊना और अंब उपमंडल के अधिकार क्षेत्र में लागू स्थानीय अवकाश की अधिसूचना यथासमय जारी की जाएगी।

वनों की सुरक्षा के मद्देनजर जारी किए आदेश

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने गर्मी के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाओं और उससे उत्पन्न होने वाले सार्वजनिक सुरक्षा खतरों को मद्देनजर रखते हुए आदेश जारी किए हैं। डीसी ने यहआदेश हिमाचल प्रदेश ग्राम और लघु नगर गश्त अधिनियम, 1964 की धारा 3(1) के तहत जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, ऊना जिले में आने वाले सभी गांवों के सक्षम वयस्क पुरुष निवासियों को वन विभाग के साथ सहयोग करते हुए वनों में आग की घटनाओं से निपटने तथा सार्वजनिक संपत्तियों/सुविधाओं की सुरक्षा के लिए निगरानी और रखवाली में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कहा कि इसका उद्देश्य जंगलों को आग से बचाने के लिए सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित बनाना है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों और सार्वजनिक हितों की प्रभावी रूप से रक्षा की जा सके। यह आदेश 15 जुलाई, 2025 तक प्रभावी रहेंगे।

मंगू राम मुग्गोवाल को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। बाथड़ी से सटे गुरु रविदास ऐतिहासिक चरण छोह गंगा अमृत कुंड खुरालगढ़ साहिब में गदरी बाबू मंगू राम मुग्गोवाल की 45वीं बरसी पर मंगलवार को धार्मिक समागम किया गया। इसमें सबसे पहले बाबू मंगू राम मुग्गोवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करे उन्हें श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरु घर खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास ने बताया कि ऑल इंडिया आदि धर्म मंडल के संस्थापक गदरी मंगु राम मुग्गोवाल की सालाना बरसी बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाई। जो, 1906 को अमेरिका में जाकर गदर पार्टी के सदस्य बने व गदर नामक एक पत्रिका भी चलाई व आदि धर्म मंडल का गठन कर भारतीय स्तर पर पंजीकरण किया गया था। जनगणना में पांच लाख से ज्यादा लोगों ने आदि धर्म अपनाया था।

गेहूं की फसल की कटाई में जुटे किसान

अनंत ज्ञान, ऊना। जिले में बीते करीब 10 दिन से लगातार खराब चल रहे मौसम से मंगलवार को राहत मिली। सुबह की शुरुआत साफ मौसम के साथ हुई। सबसे बड़ी राहत किसानों को हुई, जिन्होंने खराब मौसम के कारण गेहूं की कटाई रोकी हुई थी। मौसम साफ होते ही किसानों ने अपने सारे काम छोड़कर गेहूं की कटाई शुरू कर दी। बीते दिनों खराब मौसम और बारिश के चलते किसान काफी चिंतित थे, अब किसान सुबह से लेकर देर शाम तक खेतों में मेहनत कर रहे हैं। जिले में अभी तक करीब 5000 हेक्टेयर जमीन पर गेहूं की फसल की कटाई पूरी हो पाई। 30000 हेक्टेयर जमीन पर अभी भी कटाई होना बाकी है। किसानों का कहना है कि इस बार मौसम की अनिश्चितता ने उन्हें कोई भी मौका नहीं छोड़ने दिया। जैसे ही आसमान साफ हुआ लोगों ने बिना समय गंवाए फसल समेटनी शुरू कर दी। किसानों की प्राथमिकता इस समय गेहूं की फसल को सुरक्षित निकालना है यदि फिर से बारिश हुई, तो खड़ी फसल को नुकसान पहुंच सकता है। मौसम विभाग की ओर से आने वाले दिनों में दोबारा मौसम खराब होने की संभावना जताई गई है इसलिए हर किसान अपने स्तर पर भरसक प्रयास कर रहा है कि जल्द से जल्द कटाई पूरी की जाए।

शिवबाड़ी मेले में होगी स्टार नाइट, स्थानीय अवकाश घोषित

मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जुटा मेला प्रशासन

सन्नी पुरी, गगरेट

शिवबाड़ी मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मेला प्रशासन पूरी तरह से जुट गया है। पहली बार हुआ है कि शिवबाड़ी मेले के दौरान उपमंडल गगरेट में शनिवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसके चलते अब विद्यार्थी व कर्मचारी भी शिवबाड़ी मेले का भरपूर आनंद उठा सकेंगे।

मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति देने के लिए लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी ऑडिशन चले। करीब 39 स्थानीय कलाकार पहली बार शिवबाड़ी मेले में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंगलवार को शिवबाड़ी मेले को लेकर एसडीएम गगरेट ने भी रिव्यू बैठक बुलाकर तैयारियों को अंतिम रूप देने का प्रयास किया।

शिवबाड़ी मेले को लेकर एसडीएम गगरेट ने बुलाई रिव्यू बैठक तैयारियों को दिया अंतिम रूप।

विधायक राकेश कालिया ने शिवबाड़ी मेले को लेकर जिस प्रकार दिलचस्पी दिखाई है, उससे इस मेले का स्तर काफी ऊपर उठा है। हालांकि, सदियों से शिवबाड़ी मेला चलता आ रहा है, लेकिन पहली बार है कि शिवबाड़ी मेले को लेकर विधायक राकेश कालिया के दखल के बाद जिला प्रशासन ने शनिवार को शिवबाड़ी मेले के दृष्टिगत स्थानीय अवकाश घोषित किया है, अब तक महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी, अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में ही बालीवुड व पंजाबी कलाकार आकर अपनी प्रस्तुतियां देते थे, लेकिन पहली बार है कि जब शिवबाड़ी मेले में भगवान भोलेनाथ का स्तुतिगान करने के साथ कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को झूमने पर विवश करेंगे। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि शिवबाड़ी मेले को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान वृद्ध व दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए ई-कार्ट की सुविधा भी उफलब्ध करवाई जाएगी, जबकि मंदिर परिसर में वन-वे सिस्टम ही रहेगा। शिवबाड़ी मेला सदियों से अध्यातम व मनोरंजन का स्थानीय लोगों के लिए विशेष साधन रहा है। यहां लोग भगवान भोलेनाथ का आर्शीवाद लेने के साथ मेले में लगे झूलों व अन्य साधनों से मनोरंजन करते आए हैं, लेकिन इस बार मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोगों के मनोरंजन का विशेष साधन होंगे। (अनंत ज्ञान)

ऊना के 355 आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया पोषण पखवाड़ा

अनंत ज्ञान, ऊना

समेकित बाल विकास परियोजना ऊना के तहत ग्राम पंचायत रैन्सरी और नगर निगम ऊना के गलुआ में पोषण अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत सभी 355 आंगनबाड़ी केंद्रों में 8 से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया गया। सुपरवाइजर कुलविंद्र कौर ने बताया कि शिविर में पोषण अभियान के पांच सूत्र- सुनहरे 1000 दिन, एनीमिया प्रबंधन, डायरिया रोकथाम स्वच्छता और पोष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। कुपोषण से लक्षित वर्गों को बचाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी स्तर, पर्यवेक्षक वृत्त स्तर तथा परियोजना स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से लक्षित वर्गों को पौष्टिक आहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रमों की सफलता के लिए जहां जन-जन का सहयोग आवश्यक है। वहीं, जन प्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समितियों, सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों तथा समस्त सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की समावेशी भागीदारी अपेक्षित है। इन शिविरों में बताया कि समय-समय पर गर्भवती, धात्री एवं नवजात शिशु का हेल्थ चेकअप करवाना अति आवश्यक है तथा उनका समय पर वैक्सीनेशन व टीकाकरण भी करवाया जाना आवश्यक है। गर्भवती, धात्री एवं नवजात शिशुओं को संतुलित पौष्टिक आहार लेना चाहिए। आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट के साथ-साथ मिनरल्स युक्त, कैल्शियम, आयरन युक्त आहार लेना चाहिए तथा कुपोषित और अल्प कुपोषित बच्चों की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

चिंतपूर्णी में होशियारपुर के श्रद्धालु की मौत

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शन करने के लिए पत्नी के साथ आए श्रद्धालु अशोक कालिया की मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अशोक कालिया मंदिर के नंबर-एक गेट से दर्शन करने के लिए जा रहे थे, तब अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई।

स्थानीय दुकानदारों और होमगार्ड के जवानों ने तुरंत अशोक कालिया को सिविल अस्पताल चिंतपूर्णी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अशोक कालिया पुत्र स्वर्गीय वेद राम कालिया निवासी होशियारपुर के रूप में हुई है। उनकी मृत्यु की खबर सुनकर परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

लाहड़ में स्लेटपोश मकान, गोशाला जलकर राख, सात लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान, अंब

ऊना के अंब उपमंडल के तहत लाहड़ में एक स्लेटपोश मकान और साथ लगती गोशाला जलकर राख हो गई।

आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। अग्निकांड से सात लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह के लगभग दस बजे सुरिंद्र कुमार पुत्र पैनु राम के पुश्तैनी मकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर जितना संभव हो सका सामान बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन आग की तेज लपटों के कारण घर के अंदर रखे कूलर, वाशिंग मशीन, ट्रंक पेटियां और उनमें रखे सामान तथा फर्नीचर और कपड़े आदि सहित अन्य सारा सामान जल गया। घटना में घर में रखा सारा अनाज भी जल गया। मकान के पिछली तरफ बनी गोशाला भी घटना में पूरी तरह से जल गई और वहां रखा सारा सामान और चारा कुतरने के लिए लगाई गई मोटर भी जल गई। घटना की सूचना तुरंत फायर स्टेशन अंब को दी गई, जिस पर अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। घर तक रास्ता सघन होने के कारण फायर ब्रिगेड कर्मियों को घटना स्थल तक पहुंचने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर हल्का पटवारी सुनील कुमार ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल में हुए नुकसान का जायजा लिया। पंचायत प्रधान संदीप राणा, उपप्रधान रामपाल शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आगजनी से हुए नुकसान का जल्द उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, हरोली। मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ललड़ी में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में छठी हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र एनसीसी कंपनी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र सिंह के आदेश अनुसार एनसीसी के कैडेट्स द्वारा स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया गया।

इस उपलक्ष्य में पाठशाला के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, एनसीसी अधिकारी कमलजीत सिंह, हवलदार मनीष कुमार तथा एनसीसी के कैडेट्स शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कैडेट्स को पृथ्वी को हरा-भरा और प्रदूषण रहित बनाने के लिए पौधों के महत्व को बताया और उन्होंने कैडेट्स को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने पर जोर दिया।

स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

विकास शर्मा, चिंतपूर्णी

ग्राम पंचायत गंगोट में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के मौके पर फायर पोस्ट इंचार्ज जयपाल चौहान और आपदा मित्र संदीप कुमार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अभियान में राजस्थानी प्रवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उनके सहयोग से प्लास्टिक को एकत्रित किया गया। एकत्रित किए गए प्लास्टिक को प्रधान ग्राम पंचायत गंगोट सौरव पाराशर को सौंपा गया। सौरव पाराशर ने बताया कि इस प्लास्टिक को खंड विकास अधिकारी प्रागपुर को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि फायर पोस्ट और आपदा मित्र संदीप द्वारा यह एक अच्छी पहल है, क्योंकि गर्मियों के दिनों में यह प्लास्टिक आग लगने वाली घटनाओं में डायनामाइट का काम करती है। पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के महत्व और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। स्वच्छता अभियान में राजस्थानी प्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्लास्टिक को एकत्रित करने में सहयोग किया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और पृथ्वी के संरक्षण के महत्व को समझाया गया। ग्राम पंचायत गंगोट प्रधान सौरव पाराशर ने फायर पोस्ट इंचार्ज जयपाल चौहान और आपदा मित्र संदीप कुमार का धन्यवाद किया और कहा कि उनकी पहल से पंचायत गंगोट को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम | टकारला स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस, स्वच्छता का दिया संदेश

धरती को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की ली शपथ

टकारला स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर अध्यापक व स्टूडेंट्स सामूहिक चित्र में

विवेक शर्मा, अंब

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में तुलसी ईको क्लब के सौजन्य से विभिन्न कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना को जागृत करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा धरती मां को सुरक्षित, स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की शपथ लेने के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के ईको क्लब प्रभारी सोमनाथ ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने औद्योगीकरण और तथाकथित विकास के कार्यों से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के प्रति सभी को आगाह किया। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग में कटौती, कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने और पौधरोपण जैसे छोटे-छोटे प्रयासों को धरती बचाने की दिशा में अहम बताया। कार्यक्रम के दौरान दसवीं कक्षा की छात्रा लवप्रीत ने एक प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया, वहीं सातवीं कक्षा की छात्रा अंशिका मोदीगिल ने एक भावपूर्ण कविता के माध्यम से पृथ्वी के प्रति हमारे कर्तव्यों को बखूबी उजागर किया। इस अवसर पर पोस्टर व चित्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

रेणुका ने दिया सबसे अच्छा भाषण

अनंत ज्ञान, हरोली। पीएम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगड़ के अशोका ईको क्लब ने मंगलवार को अपने स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया।

इसकी जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल ईको क्लब प्रभारी रीटा कौशल की देखरेख मे विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। इसमें भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। भाषण प्रतियोगिता में रेणुका प्रथम, सारिका दूसरे और मानवी तीसरे स्थान पर रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम, आर्यनप्रीत दूसरे और सरिता तीसरे स्थान पर रही। नारा लेखन में अंजली प्रथम, अवनीत दूसरे और आंशिक तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य और ईको क्लब प्रभारी ने बच्चों से प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने, जंगलों को आग से बचाने, हरे पौधों की देखभाल करना, पॉलीथीन का प्रयोग न करने की अपील की।

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

रक्कड़ कॉलोनी में सिखाए ध्यान के गुर

अनंत ज्ञान, ऊना। आर्ट ऑफ लिविंग ऊना चैप्टर की ओर से रक्कड़ कॉलोनी में चार दिवसीय उन्नत ध्यान कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन बेंगलुरू आश्रम से आए वरिष्ठ और अनुभवी प्रशिक्षक योगेंद्र सिंह योगी ने किया। शिविर में जिले के कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने शिविर में मौन में रहकर गहरे ध्यान का आनंद प्राप्त किया। तीन दिन का मौन खुलने के बाद प्रतिभागियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मौन में गहन ध्यान के बाद मन शांत, नकारात्मक विचारों से मुक्ति, क्रोध से मुक्ति, ऊर्जा में वृद्धि और स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। आर्ट ऑफ लिविंग जिला मीडिया प्रभारी स्वाति ने बताया कि शिविर में प्रतिभागियों ने आसपास गली-मोहल्लों की साफ-सफाई की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के अंतिम दिन सत्संग संध्या का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग टीम के प्रशिक्षक हरजीत सिंह मनकोटिया, सुरेंद्र शर्मा, अभिषेक, राजकुमार, राजेंद्र, मनीष, सुमन मनकोटिया, मोनल आदि मौजूद रहे।

थानाकलां स्कूल में एक ड्रेस में पहुंचे शिक्षक

समाजसेवियों ने प्रयास को सराहा, कहा-प्रधानाचार्य की वर्दी में हो कुछ भिन्नता

विनोद शर्मा, लठियानी

शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल की शुरुआत करते हुए राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने सभी शिक्षकों को एक जैसी वर्दी पहनने के निर्देश दिए हैं।

उनका कहना है कि जब स्कूल के सभी विद्यार्थी अनुशासन और एकरूपता के प्रतीक के रूप में ड्रेस में आते हैं, तो शिक्षकों को भी अनुशासन और एकता का संदेश देने के लिए ड्रेस पहननी चाहिए। इस नई व्यवस्था के तहत स्कूल के पुरुष शिक्षकों के लिए सफेद, मस्टर्ड रंग की कमीज, काली पैंट और महिला शिक्षकों के लिए मल्टी रंग की साड़ी एवं मैरून रंग सूट तय किया गया है। स्कूल के सभी शिक्षकों ने निर्धारित रंग और शैली की ड्रेस अपनाई है। राज्य सरकार के मानकों और समानता व अनुशासन की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि इससे स्कूल का वातावरण और अधिक सकारात्मक, व्यवस्थित और प्रेरणादायक बनेगा। समाज सेवियों का कहना है कि जहां एक ओर शिक्षकों की एक जैसी वर्दी एक अच्छी शुरुआत है। वहीं, प्रधानाचार्य की वर्दी में कुछ भिन्नता होनी चाहिए, जिससे उनका पद और उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप से अलग दिखाई दे। स्थानीय समाजसेवी ने प्रधानाचार्य के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल प्रशासनिक व्यवस्था में पदों की पहचान बनी रहनी चाहिए। प्रधानाचार्य की ड्रेस विशिष्ट जिम्मेदारियों और पहचान को दर्शाने में मदद करेगी। स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी इस नई व्यवस्था से काफी उत्साहित हैं।

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां में एक जैसे ड्रेस कोड में शिक्षक।

स्कूल के शिक्षकों बलविंद्र कुमार, हंसराज, हरेंद्र देव, रजनीश कुमार, पवन कुमार, लवेश कुमार, कमल सिंह, दविंद्र सिंह, विनोद कुमार, नीता देवी, रामकली, उषा रानी, रेखा कुमारी, नीलम कुमारी, राधिका, संयोगिता शर्मा, सुमन लता, संदेश कुमारी आदि ने कहा कि एक जैसी वर्दी पहनने से विद्यार्थी भी शिक्षकों को एक प्रेरणा दे रहे हैं। प्रधानाचार्य ने समाजसेवियों का स्वागत करते हुए कहा, हम इस विषय पर विचार करेंगे और सुझावों के अनुसार सभी शिक्षकों के साथ विचार-विमर्श करने के उपरांत सही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल को अनुशासित, प्रेरणादायक और समावेशी बनाना है।

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन, एकरूपता, प्रेरणा की नई शुरुआत की है। यह स्कूल पढ़ाई, खेलों एवं समाज की अन्य गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहा है, शिक्षकों का विद्यार्थियों के साथ व्यवहार बहुत ही सराहनीय है। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

कॉन्वेंट स्कूल में हमारी शक्ति, हमारा ग्रह का दिया संदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के नौनिहालों ने कविताएं सुनाईं। स्कूल के कक्षा प्रथम से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पृथ्वी दिवस का विषय हमारी शक्ति, हमारा ग्रह का संदेश बच्चों ने कार्ड मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग के माध्यम से दिया। इस उपलक्ष्य पर स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार एवं प्रधानाचार्य रीतू सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों को पृथ्वी की सुरक्षा एवं सुंदरता को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

पृथ्वी दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित

अनंत ज्ञान, निरमंड। आनी स्थित पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्रातःकालीन सभा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य श्यामानंद ने की। कार्यक्रम संयोजक प्रवक्ता निहाल ठाकुर ने जानकारी दी कि पाठशाला में इस अवसर पर नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। नारा लेखन में जमा दो के छात्र शिवांग ठाकुर प्रथम रहे। पोस्टर मेकिंग जूनियर वर्ग में कक्षा नवम के केविन कौशल प्रथम रहे। वरिष्ठ वर्ग में जमा दो की अक्षु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम के अभिनय ने निबंध में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पाठशाला के वरिष्ठ अध्यापक गोविंद ठाकुर ने पृथ्वी दिवस पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए पर्यावरणीय चिंताओं से अवगत करवाया तथा विद्यार्थियों से अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की अपील की। विजेताओं को पाठशाला के अध्यापक निहाल ठाकुर, महेंद्र किशोर तथा यामिनी भारद्वाज के सौजन्य से पारितोषिक वितरित किए गए। इस अवसर पर पाठशाला का पूरा स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नमहोंग स्कूल में धूमधाम से मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, आनी। आनी विकास खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नमहोंग में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इको क्लब प्रभारी राम दयाल टीजीटी आर्ट्स के नेतृत्व में आयोजित हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण प्रस्तुत किए। उन्होंने पृथ्वी की अहमियत को बताया और इसके प्रति अपने कर्तव्य को ग्रहण करने का संदेश भी दिया। प्रदीप कुमार, टीजीटी साइंस ने बताया कि जब हम खुद को सही से रखेंगे और खुद की इज्जत करेंगे, तभी पृथ्वी और उस पर मिलने वाले सभी संसाधनों की देखरेख कर पाएंगे। इस मौके पर शिक्षक राम दयाल ने भी अपने विचार रखे तथा उनके मार्गदर्शन में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पृथ्वी की रक्षा सुरक्षा से संबंधित विचार ड्राइंग व पेंटिंग के माध्यम से प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगित और पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य केहर सिंह ठाकुर ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारी संस्कृति के अनुसार पृथ्वी को माता का दर्जा मिला है। हम सबको सुबह धरती माता को नमन करके ही अपने कार्य प्रारंभ करने चाहिएं।

सिंगापुर से लौटे प्रधानाचार्य जवाहर का भव्य स्वागत

जितेंद्र गुप्ता, आनी। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी के प्रधानाचार्य जवाहर ठाकुर का सिंगापुर से लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। शिक्षकों, छात्राओं और स्टाफ ने फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। हिमाचल सरकार ने प्रदेश के 70 उत्कृष्ट शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल में ठाकुर को सिंगापुर भेजा था। इस दल में निदेशक, प्राचार्य और व्याख्याता शामिल थे। प्रधानाचार्य ने बताया कि सिंगापुर में डिजिटल शिक्षण और व्यवहारिक ज्ञान पर विशेष जोर दिया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्हें वॉशिंगटन के एक विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली है। (अनंत ज्ञान

चौथे दिन भी बंद रही जंस्कार के लिए आवाजाही

तिंदी के समीप भी बार-बार हो रहे भूस्खलन से बढ़ी किलाड़ वासियों की दिक्कत

सुबह खिली धूप, शाम को फिर शुरू हुआ बर्फबारी का क्रम।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में मंगलवार सुबह धूप खिलने से लोगों को राहत मिली। लाहौल-स्पीति सहित मनाली में दोपहर दो बजे तक धूप खिली, लेकिन शाम के समय मौसम ने करवट बदली और रोहतांग सहित शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर शुरू हो गया।

शिंकुला दर्रे में चौथे दिन भी वाहनों की आवाजाही बंद रही रही। दर्रा बंद होने से जंस्कार के लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। तिंदी के समीप भी बार-बार हो रहे भूस्खलन से बढ़ी किलाड़ वासियों की दिक्कत बढ़ी है। मंगलवार सुबह धूप खिलते ही बीआरओ ने सड़क बहाली शुरू की, लेकिन दोपहर बाद मौसम उनकी राह में बाधा बन गया। बीआरओ की मानें तो दारचा से शिंकुला के बीच कई जगह भूस्खलन हुआ है तथा दर्रे में हिमपात भी हुआ है। इसके चलते दर्रे में वाहनों की आवाजाही के लिए दो से तीन दिन का समय लग सकता है। दोपहर बाद बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में बर्फबारी का क्रम शुरू होने से बीआरओ की सड़क बहाली प्रभावित हुई है।

बीआरओ कमांडर कर्नल गौरव ने बताया कि तिंदी की ओर भू-स्खलन ने जबकि बारालाचा दर्रे की ओर हिमपात ने दिक्कत बढ़ाई है।

बर्फ के दीदार को स्नो प्वाइंट पहुंचे पर्यटक

मंगलवार को धूप खिलते ही पर्यटक लाहौल के स्नो प्वाइंटों में पहुंचे। गत सोमवार को हुई बर्फबारी से निखरे पर्यटन स्थल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहे। रोहतांग का निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी मंगलवार को बीआरओ के सड़क मरम्मत कार्य के चलते बंद रहा। हर मंगलवार को मढ़ी पर्यटकों के लिए बंद रहेगी। पर्यटकों ने दिन भर कोकसर, अटल टनल, सिस्सू, दारचा, पतसेउ व दीपकताल में बर्फ का मजा लिया। दिनभर पर्यटन स्थलों में बर्फ का आनंद लेने के बाद पर्यटक मनाली लौट आए। माल रोड मनाली में भी शाम को पर्यटकों की खूब चहलकदमी देखने को मिली।

जलोड़ी टनल तक संपर्क सड़क बनाने को लेकर टीम ने किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, आनी

प्रस्तावित जलोड़ी टनल के दक्षिणी छोर में टनल तक पहुंचने के लिए करीब 2100 मीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। मुख्य सड़क मार्ग से इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में आज आनी के एसडीएम नरेश वर्मा की अगुआई में विभिन्न विभागों के अधिकारी और डीपीआर बनाने वाली कंपनी के अधिकारियों ने साइट का दौरा किया है।

इस दौरान स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। एसडीएम ने इस दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि जल्द सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएं और कागजी कार्रवाई में पेश आने वाली आपत्तियों को समय रहते दूर किया जाए ताकि निर्माण कार्य में देरी न हो। इसके पश्चात डीपीआर तैयार कर एनएच को सौंपी जानी है। राजस्व से संबंधित कार्य, वन स्वीकृति सहित अन्य कार्यों को भी इस दौरान पूरा किया जाना है।

इस संबंध में एसडीएम नरेश वर्मा ने विशेष दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि सरकार टनल के निर्माण के लिए गंभीर है और इससे जुड़े सभी कार्य समय पर पूर्ण हों। टनल का दक्षिणी छोर बरगोड़ खड्ड से तैयार किया जाएगा और टनल की लंबाई 4.160 किलोमीटर होगी। संयुक्त निरीक्षण के दौरान एनएच, लोनिवि, आईपीएच, वन विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आनी के एसडीएम नरेश वर्मा व विभिन्न विभागों के अधिकारी।

केहर सिंह ने 25 चरित्रों का किया निर्वहन

'कहानियों की कहानी' नाटक का शमशी पाठशाला में दूसरा सफल मंचन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

'रंगमंच गांव-गांव, आंगन-आंगन' की अवधारणा के अंतर्गत रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर ने अपनी एकल अभिनय की नाट्य प्रस्तुति 'कहानियों की कहानी' का दूसरा सफल मंचन राजकीय माध्यमिक पाठशाला शमशी में किया। इसे प्राइमरी तथा मिडल स्कूल दोनों के छात्रों ने देखा और खूब पसंद किया। दोनों स्कूलों के अध्यापकों सहित टीचिंग प्रैक्टिस के लिए स्कूल में आए बीएड प्रशिक्षुओं ने भी इस प्रस्तुति का आनंद लिया और सराहना की।



नाटक का मंचन करते रंगकर्मी केहर सिंह।

इस एकल अभिनय की प्रस्तुति में केहर लगभग 25 चरित्रों का निर्वहन करते हैं और अपने परिपक्व अभिनय से कभी भेड़िये का चरित्र सामने लाते हैं तो कभी सियार का। कभी क्लर्क का तो कभी चपड़ासी का और कभी माली का तो कभी सुपरिंटेंडेंट का। कभी लालची वैष्णव का तो कभी भगवान विष्णु का।

नाटक की कहानी ज्यों ज्यों आगे बढ़ती है तो अभिनेता केहर सिंह चरित्रों को बदलते हुए व्यंग्यात्मक तरीके से हास्यस्पद परिस्थितियां पैदा करता है और दर्शक उस पर हंसे बगैर नहीं रह पाते। तीन कहानियों से बने इस नाटक में शमशी स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा पहली कहानी पसंद आई जिसमें जंगल में प्रजातंत्र स्थापित करने के लिए भेड़िये ठग कर भोली-भाली भेड़ों से वोट लेकर पंचायत में उनके प्रतिनिधि बन कर जाते हैं और बाद कहते हैं कि भेड़ों की भलाई के लिए हमने एक कानून बनाया है कि 'रोज सवेरे नाश्ते में हर भेड़िये को भेड़ का एक मुलायम बच्चा दिया जाए, दोपहर के भोजन में एक पूरी भेड़ तथा शाम को स्वास्थ्य के ख्याल से कम खाना चाहिए तो आधी भेड़ दी जाए।

इस कहानी में केहर द्वारा निभाए गए भेड़िये, चतुर सियारों और मासूम भेड़ों के चरित्रों को बच्चों ने बहुत पसंद किया। इस नाटक का अगला शो 23 अप्रैल को कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में होगा।

हैमर थ्रो नेशनल चैंपियन बने लाहौल स्पीति के किशन लाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



किशन लाल धर्मशाला में प्रदर्शन करते हुए।

लाहौल-स्पीति जिले के किशन लाल पहली बार में ही हैमर थ्रो में नेशनल चैंपियन बने हैं। लाहौल उपमंडल के दनदक गांव से संबंध रखने वाले व वर्तमान में कुल्लू जिले में शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारी किशन लाल ने नेशनल मास्टर्स गेम्स धर्मशाला में हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक और जेवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीत कर लाहौल स्पीति एवं हिमाचल का नाम रोशन किया।

हैमर थ्रो में पुराने चैंपियन को हरा कर किशन लाल भारत के चैंपियन बने हैं। इसके बाद वर्ल्ड मास्टर्स गेम जो ताइवान में 17 से 30 मई में होना है, उस में भी किशन लाल भारत का नेतृत्व करेंगे। इस से पूर्व भी किशन लाल ने राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर जिला लाहौल-स्पीति ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया है और इसके लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

किशन लाल का कहना है कि यह उपलब्धि वह अपने जिला लाहौल स्पीति एवं प्रदेश की जनता को समर्पित करते हैं, जिनके आशीर्वाद व प्यार से ऐसा संभव हो पाया है।

ढांक से गिरकर युवक की मौत

अनंत ज्ञान, आनी। आनी के खोबड़ा नाले में मंगलवार को एक युवक की ढांक में गिरकर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मनीष चौधरी उम्र 32 पुत्र करतार सिंह गांव नालडेरा डाकघर व थाना आनी के रूप में हुई है। पुलिस उपाधिक्षक आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि मनीष चौधरी मंगलवार को अपनी भेड़ बकरियों को जंगल की तरफ चराने के लिए ले जा रहा था।

इस बीच प्रात: करीब 11 बजे ढांक से गुजरते समय अचानक उसका पैर फिसला और वह पहाड़ी से लुढ़कते हुए सीधा 40 फुट नीचे गहरे नाले में जा गिरा, जिससे उसके सिर पर गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मनीष कुमार के छोटे भाई सनी चौधरी ने की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे आनी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका पोस्टमार्टम् करबाने के बाद, शव को अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजनों को सौंप दिया गया। घटना पर विधायक लोकेंद्र ने दुख व्यक्त किया है।

पतलीकूहल चौराहे पर गड्ढों की भरमार

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

पतलीकूहल बाजार में सड़क पर पड़े गड्ढे।

पतलीकूहल बाजार में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से पर्यटकों व स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। आलम यह है कि सड़क पर पड़े इन गड्ढों के कारण बारिश में सबसे अधिक दिक्कत पेश आती है और पर्यटकों और लोगों के कपड़े खराब हो रह हैं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ व्यापार मंडल पतलीकूहल ने भी विभाग को कई बार इन गड्ढों को भरने की गुहार लगाई थी, लेकिन लोक निर्माण विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

खास कर बारिश के दिनों में राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक तरफ थ्री व्हीलर, दूसरी तरफ बस का खड़ा होना बीच सड़क पर गड्ढे राहगीरों को दुर्घटना का न्योता देते हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर गड्ढे होने के कारण पैदल चलने वाले स्कूली बच्चों व राहगीरों के कपड़े तक खराब हो जाते हैं। हैरत तो इस बात है कि विभागीय अधिकारी इसी मार्ग से गुजरते हैं। शायद उन्हें यह बीच बाजार में कई अरसा से पड़े गड्ढे नजर ही नहीं आते हैं।

लोक निर्माण विभाग नहीं उठा रहा ठीक करने की जहमत

हलाण- 2 की पंचायत प्रधान सीमा देवी ने बताया कि मैंने भी लोक निर्माण विभाग को इस बारे अवगत करवाया है, लेकिन विभाग को यह कार्य स्वयं देखना चाहिए, समय-समय पर मुरम्मत भी करनी चाहिए। उधर, स्थानीय निवासी व व्यवसायी रूपेश, शिव कुमार, मयूर, संजय अंगरूप, शंकर व अभिनाश ने बताया कि एक किलो मीटर में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता अधिकारियों के कार्यालय हैं, फिर भी विभाग सड़कों की सुध नहीं ले रहा है।

यदि समय रहते पैच वर्क द्वारा यह गड्ढे नहीं भरे जाते तो लोगों को विभाग के विरुद्ध आवाज उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि मौसम साफ होते ही इन गड्ढों को भर दिया जाएगा।

जिया गांव के फेटावन में दिनदहाड़े लाखों रुपए के गहने चोरी, पुलिस जांच में जुटी

अनंत ज्ञान भुंतर

कुल्लू जिले के जिया गांव की फेटावन बस्ती में दिनदिहाड़े तीन घरों के ताले तोड़ कर चोर लाखों के गहने उड़ा ले गए। चोरों ने घटना को अंजाम उस समय दिया, जब घर के सभी लोग काम पर चले गए थे। फेटावन निवासी विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसके माता-पिता सुबह 8 बजे घर से अपने अपने काम को निकल गए। उन्होंने बताया कि शाम को लगभग 8.30 बजे वे घर पहुंचे तो घर के कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे में सामान बिखरा हुआ था और अलमारी का लॉकर टूटा था और उसमें रखे मंगलसूत्र, टीक और चांदी की पायल व 6 हजार रुपए गायब थे। गहनों और नकदी सहित 80 हजार की चोरी हुई।

बाद में पता चला कि पड़ोस के विजय कुमार और मीना देवी के घर में भी चोर हाथ साफ कर गए। विजय कुमार के घर में चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से 20 हजार रुपए नकद व सोने के आभूषण चोरी किए, जबकि मीना देवी के घर से चोर सोने की नथ, टीक, तीली व चांदी की पायलें चुरा कर ले गए, जिनकी कीमत लगभग 90 हजार रुपए है।

जिया में चर्चा यह भी हैं कि जिया मेले के समय से कुछ नशेड़ी इलाके में घूम रहे थे। गांव में यह भी चर्चा है कि बिना भेदी के दीनदिहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देना आसान नहीं हैं। वहीं चोरी की घटना की शिकार मीना देवी का कहना है कि हम लोगों के घरों में काम कर अपना परिवार पाल रहे हैं। मजदूरी से मेहनत करके अपने लिए कुछ गहने बनाए ताकि बुरे समय में काम आएं, लेकिन चोरों ने सबकुछ चोरी कर लिया। उन्होंने पुलिस से गुहार लगाई हैं कि चोरों को पकड़ कर हमारी खून पसीने की कमाई वापस दिलाई जाए। वहं, भुंतर थाना के कार्यकारी प्रभारी महेंद्र कुमार ने चोरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

आयुष का भाषण और किंजल का नारा सबसे अच्छा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में आयोजित जन सम्पर्क अभियान के दौरान शिक्षक व विद्यार्थी।

ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जन संपर्क अभियान शुरू किया। इसमें लोगों को जल, जमीन और जंगल को बचाने का आग्रह किया गया। छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खतरों के बारे में जानकारी दी। यह जानकारी विभिन्न तरह की चित्रकलाओं, भाषण तथा स्लोगन के माध्यम से दी गई।

इस अवसर पर पाठशाला में दिनभर कार्यक्रम चलते रहे। भाषण, चित्रकला व नारा लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने बताया कि इस साल विश्व भर में हमारी पृथ्वी हमारी ताकत थीम पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्कूल प्रशासक कैलाश गौतम ने बताया कि जानवरों के साथ क्रूरता और जंगल की आग विषयों पर आज का कार्यक्रम केंद्रित रहा। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के आयुष प्रथम, नौवीं कक्षा की शिवांगी द्वितीय तथा नौवीं कक्षा की ही नव्या तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की सिमरन प्रथम, सातवीं कक्षा की खुश्बू द्वितीय तथा पांचवीं कक्षा की सौम्या तृतीय स्थान पर रहे। नौवीं की शिवांगी को विशेष पुरस्कार दिया गया।

ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नारा लेखन प्रतियोगिता में नौवीं की किंजल ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने कहा कि हमारा स्कूल सही मायने में बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहा है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में पूरी शिद्दत और गुणवत्ता के आधार पर काम कर रहा है। पाठशाला ने लगातार बोर्ड परीक्षाओं में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर चेयरमैन कैलाश गौतम, सभी स्टाफ के सदस्य इंद्रा, जगदीश, रजनी, अनु, सुनीता, अंजलि, गीतांजलि, प्रेमा, हिमानी, सोमिला, रीनू शर्मा, ममतारानी, ज्योति, चम्पा, नरेश, आदित्य पूर्ण सिंह, संदीप, रमेश, तिलक राज, गोविंद, ममता, रीनू कुमारी, रजीना तथा हीरामणि आदि मौजूद रहे।

ड्रोन प्रशिक्षण के लिए 20 प्रशिक्षुओं को किया जा रहा प्रशिक्षित

ड्रोन प्रशिक्षण लेते एनसीसी एयर विंग के प्रशिक्षु छात्र और साथ में अधिकारी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

एनसीसी की 1-एचपी एयर स्क्वाड्रन कुल्लू द्वारा आईआईटी मंडी और एनआईटी हमीरपुर संस्थानों के सहयोग से ड्रोन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम करवाया जा रहा है। इसमें एनसीसी एयर विंग के 20 प्रशिक्षकों को ड्रोन प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ के एनसीसी एयर विंग के छात्रों को आने वाले समय में प्रशिक्षित करेंगे।

आईआईटी मंडी और एनआईटी हमीरपुर के सहयोग से प्रतिभागियों को ड्रोन असेंबली, संचालन, रखरखाव और नागरिक एवं रक्षा क्षेत्रों में इसके विभिन्न उपयोगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 मई तक चलाया जा रहा है। एनसीसी के 1-एचपी एयर स्क्वाड्रन कमांडिंग ऑफिसर और ड्रोन प्रशिक्षण के कोर्स कमांडर, विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने प्रशिक्षण की जानकारी में बताया कि शुरुआत में एनसीसी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो आने वाले समय मे अपने-अपने समूहों के कैडेट्स को प्रशिक्षित करेंगे।

सनद रहे कि एनसीसी की 1-एचपी एयर स्क्वाड्रन कुल्लू द्वारा आईआईटी मंडी और एनआईटी हमीरपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से ड्रोन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ बीते दिन हुआ है।

बजट का अभाव ठेकेदारों ने बंद किया कराशालाबाग-रघुपुरगढ़ उठाउ पेयजल योजना का कार्य

जलोड़ी दर्रे पर पेयजल उपलब्ध कराने की योजना लटकी

अनंत ज्ञान, आनी

कुल्लू जिले के बाह्य व भीतरी सराज को जोड़ने वाला जलोड़ी दर्रा।

कुल्लू के बाह्य व भीतरी सराज को जोड़ने वाले एनएच 305 सड़क मार्ग के मध्य,10280 फुट की ऊंचाई पर स्थित जलोड़ी दर्रा, एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। जहां प्रतिवर्ष सैकड़ों सैलानियों की आवाजाही रहती है, लेकिन इस स्थल पर पेयजल की पर्याप्त सुविधा न होने से एक ओर जहां यहां के ढाबा संचालकों व अन्य दुकानदारों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं, वाहन चालकों और सैलानियों को भी खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, जबकि ढाबा संचालकों को 5 किलोमीटर दूर से गाड़ियों में ढोकर पानी लाना पड़ता है।

ऐसे में इस समस्या के समाधान के लिए जलशक्ति विभाग मंडल आनी द्वारा लाडा के सौजन्य से स्वीकृत, एक करोड़ 20 लाख रुपए की धनराशि से कराशालाबाग-रघुपुरगढ़ उठाऊ पेयजल योजना को टेंडर प्रक्रिया के द्वारा शुरू गया है और योजना पर संबंधित ठेकेदार ने 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण भी कर दिया है, लेकिन पिछले डेढ़ महीने से इस पेयजल योजना का निर्माणकार्य ठेकेदारों ने बंद किया हुआ है। जानकारी के अनुसार इस योजना की कुल लागत एक करोड़ 20 लाख रुपए है।

ढाबा संचालकों को 5 किमी दूर से गाड़ियों में ढोकर लाना पड़ता है पानी

इसमें से महज 50 लाख रुपए की राशि ही अभी तक विभाग को मिल पाई है, जबकि योजना का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है, जो इस राशि से काफी अधिक कार्य हो चुका है। ऐसे में ठेकेदारों ने बजट उपलब्ध न होने के चलते, योजना का निर्माण कार्य बंद कर दिया है। लाडा के पैसों से जिला प्रशासन द्वारा यह योजना बन रही है, लेकिन समय पर बजट उपलब्ध न होने के कारण इस योजना का कार्य ठेकेदारों को बंद करना पड़ा है।

इस वजह पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए विजन में पैसों का अभाव रोड़ा बनता जा रहा है। क्षेत्र की जनता ने जिला प्रशासन से बकाया बजट को जल्द मुहैया करवाने के मांग उठाई है। वहीं, इस बारे में जलशक्ति मंडल आनी के अधिशाषी अभियंता इं. किशोर शर्मा का कहना है कि योजना की लंबित राशि के लिए विभाग द्वारा उपायुक्त से पत्राचार किया गया है, जैसे ही धनराशि उपलब्ध होगी, योजना को जल्द पूर्ण करवाया जाएगा।

जिले में पोषण पखवाड़ा संपन्न एक बूटा बेटी के नाम पर रोपे पौधे

पतलीकूहल में बाल विकास परियोजना अधिकारी धनी राम ठाकुर के साथ अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/पतलीकूहल

कुल्लू जिले में मनाया जा रहा पोषण पखवाड़े का 7वां संस्करण आज मंगलवार को संपन्न हुआ। इस दौरान जिलेभर में पोषण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसके तहत सामुदायिक भागीदारी व जागरूकता संदेश के लिए बड़ाभूईण पंचायत में जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू गजेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, महिला मंडलों के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व ग्रामीण महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित रही। आयोजन में पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जबकि एक बूटा बेटी के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी को पोषण शपथ दिलवाई गई।

वहीं, पोषण पखवाड़े के समापन अवसर पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय पतलीकूहल में मंगलवार को ऐसे की एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी धनी राम ठाकुर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

अफीम की खेती करने के आरोप में नेपाली गिरफ्तार

अनंत ज्ञान टीम, सोलन/अर्की



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

थाना अर्की की पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान तनसेटा गांव में एक खेत से अवैध रूप से उगाए गए 140 पौधे अफीम के बरामद किए। इस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त मामले की जांच के दौरान पाया गया कि जिस खेत में अफीम के पौधे उगे हुए बरामद किए गए थे, उसे उक्त खेत के मालिक महिंद्र सिंह द्वारा पिछले एक वर्ष से एक नेपाली मूल के व्यक्ति को ठेके पर दे रखा था, जो उस खेत में फसल उगाता था और बरामद किए गए अफीम के पौधे भी उक्त नेपाली द्वारा ही उगाए जाने पाए गए।

इस पर 21 अप्रैल–2025 को मामले में संलिप्त आरोपी अमर पुत्र साहाबीर निवासी गाव, डाकघर तहसील व जिला देलख नेपाल हाल रिहाईश गांव तनसेटा डाकघर जोबड़ी, तहसील अर्की, जिला सोलन उम्र 46 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

थाना अर्की की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान तनसेटा गांव में की कार्रवाई

गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। अर्की पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

सिरमौर पुलिस ने पांवटा और रेणुका में 45 लीटर अवैध देसी शराब की बरामद

एसपी जैरथ, नाहन

सिरमौर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। अलग–अलग कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने दो व्यक्तियों के कब्जे से कुल 45 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की है।

पांवटा साहिब पुलिस स्टेशन की टीम, जो गश्त और अवैध गतिविधियों की निगरानी के लिए निकली थी, इसी दौरान विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि हंसराज नामक व्यक्ति, जो खारा गांव का निवासी है, मोटरसाइकिल नंबर एचपी17एच3839 पर एक बैग में अवैध शराब लेकर देवीनगर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत हरकत में आई और हंसराज को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 40 लीटर अवैध देसी शराब बरामद हुई। पुलिस के द्वारा हंसराज के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

अवैध गतिविधियों की पुलिस को दें जानकारी : पुलिस अधीक्षक

वहीं, एक अन्य मामले में रेणुका जी पुलिस स्टेशन की टीम को गुप्त सूचना मिली कि रेणुका रामचन्द्र, जो कोटला मोलर गांव का रहने वाला है, अपने घर पर अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने का धंधा करता है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नियमानुसार रामचंद्र के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके घर से 5 लीटर अवैध देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने रामचंद्र के विरुद्ध भी हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक निश्चिन सिंह नेगी ने दोनों पुलिस टीमों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें ताकि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके, जो भी अवैध गतिविधियों की जानकारी देंगे उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। बहरहाल यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में पुलिस का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

हर्षवर्धन चौहान का सिरमौर प्रवास कल से

अनंत ज्ञान, नाहन। उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 24 व 25 अप्रैल को सिरमौर जिले के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 24 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे शिलाई विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिटियाणा के भवन का उद्घाटन करेंगे तथा क्षेत्र वासियों की जनसमस्याएं सुनने के उपरांत दोपहर बाद 3:30 बजे शिलाई में भी जन समस्याएं सुनेंगे। उद्योग मंत्री 25 अप्रैल को शिलाई में जन समस्याएं सुनेंगे।

सपरून में इलेक्ट्रो थैरेपी शिविर का आयोजन

अनंत ज्ञान, सोलन। रोटरी रॉयल सोलन केयर एंड शेयर सपरून में इलेक्ट्रो थैरेपी शिविर का आयोजन कर रहा है। इस कैंप में काइरोप्रैक्टिक, इलेक्ट्रो थैरेपी के लिए निशुल्क विशाल शिविर लगाया जा रहा है। रोटरी रॉयल के को-चेयरमैन अरुण त्रेहन ने बताया की यह पांच दिवसीय कैंप काइरोप्रैक्टिक, इलेक्ट्रो थेरपी कैंप 21 से 25 अप्रैल तक केयर एंड शेयर नियर गुरुद्वारा सपरून सोलन में लगाया जा रहा है जिसमें निशुल्क काइरोप्रैक्टिक, इलेक्ट्रो थैरेपी से उपचार किया जाएगा। यह कैंप सुबह 11 से एक बजे और शाम 3 से 5 बजे तक तक लगाया जाएगा। इसमे गंगानगर से फिजियोथेरेट भूपिंदर चौधरी व उनकी टीम ने सोलन की जनता का इलाज कर रही है। इस पद्धति के नियमित रूप से करने से बीमारी को जड़ से ही समाप्त किया जा सकता है। फिजियोथेरेट दीपक ने बताया कि आज की इस व्यस्ततम जिंदगी में हर व्यक्ति शारीरिक पीड़ा से ग्रस्त है और वह अपने उपचार के प्रति लापरवाही बरत रहा है। इस पद्धति का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। थैरेपी शिविर में रोटरी रॉयल से सेक्रेटरी मनीष तोमर, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 जोन 2 असिस्टेंट गवर्नर अनिल चौहान, जितेंदर भल्ला, रामन शर्मा, मनोज कोहली, देश मित्तर वरुण अत्री, नंद लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

महिला मंडल बागा ने मनाया पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। पृथ्वी दिवस के विशेष अवसर पर आदर्श प्रधान सुख देई चौहान और उनके समस्त सहयोगी साथियों ने सर्वप्रथम पृथ्वी मां की विशेष पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत पृथ्वी दिवस को खास बनाने के लिए पौधा रोपा। इस दौरान उन्होंने समस्त जनमानस से अपील की कि गर्मियों के मौसम में सभी अपने जलस्त्रोतों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें और जंगलों को आग लगने से बचाएं। इस अवसर पर आदर्श महिला मंडल बागा की प्रधान सुख देई चौहान, कोषाध्यक्ष सुमित्रा चौहान, सलाहकार सुहारु देवी, लीला देवी, मीना देवी, सत्य देवी, रामप्यारी देवी और दीपा देवी उपस्थित रही।

कनिका ने उत्तीर्ण की एनएमएमएस की परीक्षा

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय उच्च विद्यालय पकोटी (बांजन) की आठवीं कक्षा की छात्रा कनिका ने एनएमएमएस की परीक्षा में सोलन जिले में 12वां स्थान हासिल कर अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रांगण में आयोजित एक समारोह में कनिका को सम्मानित किया गया और उनके माता-पिता रंजना देवी और हरीश कुमार का विद्यालय परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के मुख्य अध्यापक दिनेश कुमार ने इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यापकों, कनिका के परिजनों, अडाप्टर समूह और जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और कहा कि विद्यालय की उपलब्धियों का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और कर्मठ अध्यापकों के निरंतर प्रयासों को जाता है। उन्होंने विद्यालय की इस परंपरा को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया और कनिका एवं अन्य छात्रों से अपने कनिष्ठ छात्रों को प्रेरित करने और उनके मार्गदर्शन का आग्रह किया।

चायल में श्रीमद् भागवत कथा 24 से

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। श्रीजी परिवार ट्रस्ट चायल 24 अप्रैल से 1 मई तक चायल के पंचायत ग्राउंड में श्रीमद् भागवत कथा और अक्षय तृतीया महोत्सव का आयोजन कर रहा है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि कथा व्यास श्रीहित अभय इस धार्मिक आयोजन में कथा, प्रवचन और उपदेश करेंगे। यह आयोजन चायल के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा।

दाड़लाघाट स्कूल में पृथ्वी संरक्षण पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में पृथ्वी दिवस का आयोजन प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर एनसीसी, इको क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, स्काउट एंड गाइड और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विशेष रूप से भाग लिया। पृथ्वी दिवस पर तेजेंद्र कुमार ने विस्तृत जानकारी प्रदान की और पृथ्वी के महत्व और संरक्षण के बारे में बताया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने जागरूकता रैली का आगाज किया, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने भाग लिया। जागरूकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों और अध्यापकों ने स्थानीय लोगों को पृथ्वी के संरक्षण के प्रति जागरूक किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सदस्यों ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डगशाई सोलन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एन सी सी कैडेट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर स्लोगन लेखन, निबंध प्रतियोगिता एवं नारा लेखन का आयोजन किया गया।

लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस 25 को

अनंत ज्ञान, बद्दी। लघु उद्योग भारती हिमाचल नालागढ़ इकाई की बैठक में लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस होटल निमंत्रण बद्दी में 25 अप्रैल को मनाने का फैसला लिया है। जिसमें शिमला संसदीय क्षेत्र के सासंद सुरेश कश्यप मुख्यतिथि होंगे ओर एमएसएमई के अतिरिक्त निदेशक अशोक कुमार गौतम ओर उद्योग भारती के उपाध्यक्ष अरविंद धूमल गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष हरबंस पटियाल ने बताया कि लघु उद्योग भारती हर वर्ष अपना स्थापना दिवस मनाती है लेकिन इस बार कार्यक्रम शाम को परिवार सहित रखा है जिसमें प्रदेश स्तर से उद्यमी अपने परिवार सहित भाग लेंगे। कार्यक्रम शाम 6 बजे शुरू होगा ओर 9.30 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के लिए कार्य करने वाले पुराने साथियों को सम्मानित किया जाएगा और साथ ही समाज के उन लोगों को भी सम्मानित करती है जिनका योगदान समाज के लिए रहा हो। इस कार्यक्रम में बद्दी, नालागढ़, बरोटीवाला, परवाणू पालमपुर व काला अम्ब के सदस्य भाग लेंगे। लघु उद्योग भारती ने सभी सदस्यों की कार्यक्रम को सफल बनाने के योजना बनाई और आपस में ड्यूटी भी लगाई ताकि कार्यक्रम सफल हो सके।

अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल नाहन में पृथ्वी दिवस पर विशेष आयोजन

अनंत ज्ञान, नाहन

अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम विशेष थीम पर आधारित था 'आवर पावर, आवर अर्थ' कार्यक्रम का उद्देश्य क्षय होने वाले ऊर्जा ोतों को भविष्य में दोबारा इस्तेमाल करने लायक बनाने के प्रति जागरूक करना है

आयोजन में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इस महत्वपूर्ण दिन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था और इस बात पर जोर दिया गया कि हम अपने आसपास के वातावरण को कैसे साफ रख सकते हैं और अपने पर्यावरण की रक्षा कैसे कर सकते हैं। एक प्रश्नावली प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे गए। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान सीडार हाउस, कक्षा 8 से आरव पुंडीर, द्वितीय स्थान–पाइन हाउस, कक्षा 7 से मयंक ठाकुर, तृतीय स्थान–ोक हाउस, कक्षा 7 से नौमान, वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान चिनार हाउस, कक्षा 10 से रोहन, द्वितीय स्थान– सीडार हाउस, कक्षा 12 से आदित्य दत्त शर्मा, तृतीय स्थान–पाइन हाउस, कक्षा 12 से धीरज।

विद्यालय की निदेशक देविंदर साहनी ने अपने संदेश में कहा कि हम विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से पर्यावरण के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर सकते है, हमें बड़े कार्य करने की आवश्यकता नहीं होती जिस कार्य को करें, उसमें पारदर्शिता लाकर अनेक परिवर्तन कर सकते हैं।

खैर कटान पर डीसी ने की जांच कमेटी गठित

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर के कालाअंब क्षेत्र में त्रिलोकपुर के गांव में जो बड़े पैमाने पर खैर के वृक्ष गत माह में अवैध रूप से काटे गए थे, उस पर हिमाचल उच न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए प्रदेश के अधिकारियों से जवाब मांगा है। इसी कड़ी में आज उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने जांच कमेटी का गठन किया है, जिस में नाहन के उप- मंडल दण्डाधिकारी और वन मंडलाधिकारी को रखा गया है जिन्हें एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है।

जांच में उस जमीन की डिमार्केशन भी कराई जाएगी जिस जमीन क्षेत्र में से खैर के वृक्षों को भारी मात्रा में काटा गया है। उल्लेखनीय है कि बड़े पैमाने पर खैर के वृक्ष काटे जाने पर सिरमौर के उपायुक्त को भी उच्च न्यायालय ने जवाब देने के लिए आदेश दिए हैं जिस पर उपायुक्त ने जांच कमेटी का गठन किया है ताकि न्यायालय में रिपोर्ट के अनुसार जवाब दाखिल किया जा सके।

कर्मचारियों के मुद्दों पर स्वयं हस्तक्षेप करें मुख्यमंत्री : पुंडीर

अनंत ज्ञान, सोलन

पेंशन कम्युटेशन बंद करने के मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ एवं हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ के सिरमौर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने कहा कि यह एक अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु स्वयं हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर गंभीर विचार विमर्श हेतु सभी कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक का समय देने की अपील की।

संघ अध्यक्ष ने कहा कि यद्यपि प्रदेश के 95 प्रतिशत कर्मचारियों हेतु पुरानी पेंशन बहाल कर निश्चित रूप से सरकार ने अपनी पहली चुनावी गारंटी को पूरा किया है, परंतु शेष बचे कर्मचारियों की पेंशन बहाली, कर्मचारियों के 2016 से संशोधित वेतनमान का लंबित एरियर, जनवरी 2023 से लंबित महंगाई भत्ते की तीन किस्तें अभी भी बकाया है, साथ ही विभिन्न विभागों के विभागीय मसलों पर मुख्यमंत्री का ध्यान होना आवश्यक है। इस हालात में यदि पेंशन कम्युटेशन को भी बंद करने का निर्णय लिया जाता है तो निश्चित रूप से इसका विपरीत प्रभाव सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों पर पड़ना अवश्यंभावी हैं, साथ ही पेंशन हेतु 25 वर्ष का कार्यकाल करना भी वर्तमान परिस्थितियों में उचित नहीं, जब बहुत लंबी उम्र के बाद युवा सेवाओं में आते हैं तथा उसके बाद 2 से आठ आठ वर्षों तक अनुबंध पर सेवाएं देनी पड़ती हैं।

इस निर्णय का सबसे अधिक प्रभाव चतुर्थ तथा तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों पर पड़ेगा, जिनका अधिकतर सेवाकाल अस्थाई अथवा दैनिकभोगी होता है। फलस्वरूप इस तथाकथित प्रस्तावित निर्णय से अधिकतर कर्मचारी को पुरानी पेंशन के पूर्ण लाभ से वंचित होने का भय सता रहा है।

पहाड़ों से बस पर गिरे पत्थर, बचे यात्री

अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ। किन्नौर के टिंकू नाला समीप पहाड़ों से गिरे पत्थरों की चपेट में एचआरटीसी की बस आ गई, लेकिन जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। घटना में बाल यात्री बाल–बाल बच गए। घटना में बस में सवार यात्रियों व चालक परिचालक को किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नही हुआ है। फिलहाल बस को सड़क से हटाया गया है और इस जगह पर आवाजाही कर रहे वाहनों को नुकसान न हो, इसलिए मौके पर पुलिस व होमगार्ड के जवानो को तैनात किया है, ताकि किसी के जान की हानि न हो।

100 अप्रेंटस ट्रेनी के लिए कैंपस इंटरव्यू 25 को

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला रोज़गार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने बताया कि ज़िला रोजगार कार्यालय सोलन में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटड, स्वराज डिवीजन प्लांट–1 फेज–4, औद्योगिक क्षेत्र एसएस नगर मोहाली, पंजाब में 100 अप्रेंटस ट्रेनी के लिए 25 अप्रैल को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल, आईटीआई, मोटर मेकैनिक व्हीकल, टर्नर, डीजल मेकैनिक, फीटर, मशीनिस्ट व पेंटर तथा आयु 21 से 36 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

इच्छुक उम्मीदवार सभी अनिवार्य प्रमाण–पत्र व दस्तावेज़ों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते है। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए उम्मीदवार को कोई भी यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए 01792–227242 पर संपर्क किया जा सकता है।

ओच्छघाट में पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त रखने का दिया संदेश

ओच्छघाट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अव्वल रहे छात्र।

अनंत ज्ञान, सोलन

विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ओच्छघाट में 'ऑवर पावर ऑवर प्लेनेट' थीम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या पुनीत कौशल ने की।

बच्चों ने बहुत ही सुंदर पोस्टर्स, स्लोगन राइटिंग और मॉडल प्रस्तुत किए, साथ ही विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने अध्यापकों के संग बाजार में जागरूकता रैली निकाली। इसमें बच्चों ने पृथ्वी को हरा–भरा और साफ–सुथरा रखने और प्लास्टिक मुक्त रखने का संदेश दिया रैली के उपरांत सभी छात्रों ने विद्यालय परिसर के आसपास और ओच्छघाट बाजार में साफ–सफाई भी की।

विश्व पृथ्वी दिवस में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ओच्छघाट के एनसीसी, एनएसएस और ईको क्लब के प्रभारी और स्कूल के बच्चों ने ओच्छाघाट बाजार में रैली निकालकर पृथ्वी को हरा–भरा और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया।

राजगढ़ में लोहे की 18 शटरिंग प्लेटें हुईं चोरी

अनंत ज्ञान, राजगढ़। राजगढ़ थाना में बीती शाम एक मामला सामने आया है, जहां लोहे की शटरिंग प्लेटों की चोरी की शिकायत दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार विश्वेश्वर शर्मा ने मास्टर मुंशी राम वर्मा के लिए एक निर्माण कार्य का ठेका लिया था। वह 19 अप्रैल को लोहे की शटरिंग की एक पिकअप भरकर राजगढ़ से फागू ले गए थे। फागू पहुंचने पर उन्होंने शटरिंग की प्लेटों को नवीन शर्मा की दुकान के पास मोड़ पर उतार दिया। ये 172 शटरिंग प्लेटें विभिन्न आकारों में थी, बाद में जब विश्वेश्वर शर्मा 21 अप्रैल को फागू पहुंचे और प्लेटों की गिनती की, तो उन्होंने पाया कि 18 प्लेटें गायब थीं।

नवीन शर्मा ने बताया कि उसने 19 अप्रैल की रात लगभग 10.30 बजे सड़क मोड़ पर लोहे के टकराने की आवाज सुनी। जब वह बाहर आया, तो उसने देखा कि एक पिकअप तेज़ रफ्तार से हाब्बन की तरफ जा रही थी, और उसे पिकअप का नंबर **HP 64बी4651** पढ़ने में सफल रहा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इस मामले में आरोपियों की पहचान और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस अपने प्रयासों में जुटी हुई है।

धुंदन में पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में प्रातःकालीन सभा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने सर्वप्रथम विश्व पृथ्वी दिवस की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग और पृथ्वी को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना है। एनसीसी कैडेट पूर्णिमा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 2025 में पृथ्वी दिवस की थीम पावर और प्लेनेट है जो इस बात पर जोर देती है कि पृथ्वी को बचाने की शक्ति हमारे हाथ में है। एनएसएस स्वयंसेवी अंजलि सहगल ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस साल 55 वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। मीडिया प्रभारी अमर सिंह वर्मा ने बताया कि ईको क्लब,स्काउट एंड गाइड,एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बुघार स्कूल में अर्थ डे पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बेहड़ा ईको क्लब के विद्यार्थियों ने इको क्लब के प्रभारी नवीश कुमार की मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों को धरती को बचाने का संदेश दिया। प्रातः कालीन सभा कक्षा 12वीं की छात्राओं भवानी महाजन तथा रुचिका ने अपने भाषण से अर्थ डे को मनाने के महत्व को उजागर किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने विस्तारपूर्वक अर्थ डे को मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रवक्ता अंग्रेजी दीपक ठाकुर,टीजीटी मेडिकल नवीश कुमार,टीजीटी नॉन मेडिकल जगदीश चंद व टीजीटी आर्ट्स राज ठाकुर के मार्गदर्शन में लघु फिल्म अर्थ डे को दिखाया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

हनुमान बड़ोग स्कूल में पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में विश्व पृथ्वी दिवस पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल समय से पहले ही एक विशेष सत्र का प्रबन्ध कर हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम पर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के विज्ञान अध्यापक नरेंद्र कुमार ने पृथ्वी दिवस को मनाने की भूमिका पर प्रकाश डाला और इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी, इसके कारण बताए। उसके बाद तीन स्तरों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चौथी, पांचवीं और छठी कक्षा का एक स्तर सातवीं और आठवीं का दूसरा स्तर तथा नवमी और दसवीं के विद्यार्थियों का तीसरे स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्याध्यापक पीसी बद्दू ने पृथ्वी दिवस पर कहा कि हम सभी को अपनी भूमिका पृथ्वी को सुरक्षित रखने में तय करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के केंद्रीय मुख्य अध्यापक रामचंद्र, नरेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा, मनोज कुमार, प्रकाश चंद, धर्मपाल, हेमराज,विनोद कुमार, जयप्रकाश, हेमराज, अंजलि और नरेश कुमार उपस्थित रहे।

78 साल बाद भी सिरमौर जिला रेल से वंचित, सांसद 'गायब' : लांबा

अनंत ज्ञान, नाहन/पांवटा

सिरमौर को रेललाइन से जोड़ने का दशकों पुराना सपना आज भी अधूरा है। पांवटा साहिब ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अवनीत सिंह लांबा ने भाजपा सांसद पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बावजूद, सिरमौर को रेललाइन से जोड़ने में भाजपा सांसद पूरी तरह विफल रहे हैं।

उन्होंने सांसद को 'गायब' करार देते हुए कहा कि वे संसद में केवल रेस्ट हाउस के मुद्दे तक ही सीमित रह गए हैं, जबकि सिरमौर की जनता रेल जैसी महत्वपूर्ण परियोजना की उम्मीद लगाए बैठी है। लांबा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर पार्टी कहा जाता है, उसके सांसद शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए रेललाइन के सर्वे हेतु बजट तक नहीं जुटा पाए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सांसद क्षेत्र के विकास के प्रति इतने उदासीन क्यों हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर ब्रिटिश शासन ने आजादी से पहले शिमला तक रेल पहुंचा दी थी, वहीं भाजपा सांसद रेल के मुद्दे पर चुनाव जीतकर भी सिरमौर को रेल से जोड़ने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिरमौर को रेललाइन से जोड़ना न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आर्थिक रूप से भी यह क्षेत्र के विकास के लिए वरदान साबित होगा।

पांवटा साहिब और काला अंब जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को रेल से जोड़ने से व्यापार और आवागमन में सुगमता आएगी। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड और हरियाणा की सीमाओं से लगे होने के कारण, सिरमौर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें रेल लाइन से और बढ़ावा मिलेगा।

मंथन डीसी की अध्यक्षता में पीएम गति शक्ति समन्वय समिति की बैठक आयोजित

सभी विभाग संपूर्ण जानकारी पोर्टल पर डालें

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय में पीएम गति शक्ति के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश लॉजिस्टिक नीति–2022 के तहत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने बताया कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत जिले में सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, परिवहन तथा लॉजिस्टिक संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाना है।

उन्होंने बताया कि पीएम गति शक्ति डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित बुनियादी ढांचों का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रस्तुतिकरण होगा तथा भविष्य में विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं का समन्वय भी इस प्लेटफॉर्म पर होगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित बुनियादी ढांचे व पूर्ण किए गए भौतिक योजनाओं का विवरण पीएम गति शक्ति पोर्टल पर डाले तथा भविष्य की स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी ब्यौरा भी पोर्टल पर डालें ताकि विभिन्न विभागों में संबंधित कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न होने वाले अवरोधों को रोका जा सके।

पी.एम. गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

इसके उपरांत उपायुक्त ने जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संबंधित विभाग जिला निर्यात कार्य योजना तैयार करें तथा जिले में विभिन्न उत्पादों की निर्यात क्षमता का आकलन करें और देश तथा प्रदेश की निर्यात नीति का प्रचार करना भी सुनिश्चित करें। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र साक्षी सत्ती ने बैठक में मद क्रमवार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र डॉ. ठाकुर भगत, रचीत शर्मा के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पीएम श्री राजगढ़ स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

अनंत ज्ञान, राजगढ़। पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ के यूथ एंड इको क्लब द्वारा स्कूल में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब प्रभारी प्रवक्ता गणित प्रवीण शर्मा ने बच्चों को बताया इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों तथा लोगों को पर्यावरण मे बढ़ रहे प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाना है क्योंकि आज के समय में पृथ्वी पर प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ गया है।

इस कारण आने वाले समय में पृथ्वी पर विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाएं जेसै बाढ़ आना, सूखा पडना, बादल फटना, बढ़ रही हैं। अगर इस तरह ही चला रहा तो आने वाले वर्षों में पृथ्वी पर रहना मुश्किल हो जाएगा। इस अवसर पर स्कूल द्वारा चित्रकला तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

न्यूज ब्रीफ

गर्ल्स हॉस्टल में हुई पर्यावरण पाठशाला

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन और पर्यावरण विभाग पीजीजीसी सेक्टर 11 के संयुक्त तत्वावधान में गर्ल्स हॉस्टल के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण पाठशाला का आयोजन हुआ और पौधरोपण किया गया। गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन शिवानी ने सभी को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दीं और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने छात्राओं के परिसर और अपने दैनिक दिनचर्या को पर्यावरण के साथ संतुलित बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं मुख्य वक्ता पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने पृथ्वी दिवस की शुरुआत और इसके महत्व को समझाते हुए भारतीय संस्कृति के पुरातन सिद्धांतों को पर्यावरण संरक्षण के साथ संबद्ध कर विस्तृत रूप से समझाते हुए अपने जीवन के सभी कार्यों को पर्यावरण परक बनाने का आग्रह किया। शाही ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से एक महीने तक ट्राई सिटी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण पाठशाला के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का जागरूकता अभियान तथा आगामी पौधरोपण को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा।

25 को फतेहाबाद में प्रवेश करेगी साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शुरू की गई नशा मुक्त हरियाणा के संदेश के साथ साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा 25 अप्रैल को जिला फतेहाबाद में भूना खंड में प्रवेश करेगी। रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा 25 अप्रैल को जिला फतेहाबाद के ढाणी कंबोज में प्रवेश कर भूना, जांडली खुर्द, ढाणी बिसला, बरसीन से होते हुए भूना में प्रवेश करेगी। यात्रा के दौरान नशा मुक्ति की थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 26 अप्रैल को श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला से साइक्लोथॉन यात्रा दरियापुर सर्विस लेन से होते हुए जिला सिरसा में प्रवेश करेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के द्वितीय फेज की श्रृंखला में भारत के अमृतकाल में नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत यह साइक्लोथॉन यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा न करने बारे जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए साइक्लोथॉन के साथ-साथ एक्टिविटी कैलेंडर के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

केवीआईसी बनी 'विकसित भारत' की आधारशिला

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। अध्यक्ष केवीआईसी मनोज कुमार ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और एमएसएमई मंत्रालय के मार्गदर्शन में, केवीआईसी की योजनाएं और उपलब्धियां 'विकसित भारत' की सशक्त आधारशिला बन गई हैं। देश में आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त करने वाले खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र ने बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के मार्गदर्शन में न केवल नई ऊंचाइयों को छुआ है, बल्कि करोड़ों ग्रामीणों के जीवन में भीनी रोशनी का संचार किया है। पूज्य बापू की विरासत खादी अब केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के निर्माण का प्रतीक बन चुकी है। सोमवार को नई दिल्ली के राजघाट स्थित कार्यालय में खादी और ग्रामोद्योग के वित्तवर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए यह बातें अध्यक्ष केवीआईसी मनोज कुमार ने कहीं।

आगजनी से फसलों के नुकसान का किसानों को शीघ्र मिलेगा मुआवजा : मुख्यमंत्री सैनी

माधव गोशाला में श्री राधा कृष्ण मंदिर के लोकार्पण उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के हित में घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में हुई आगजनी की घटनाओं से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। अभी तक लगभग 801 एकड़ में नुकसान की जानकारी मिली है। उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन घटनाओं की रिपोर्ट लें और नुकसान का आकलन करें। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर किसानों को पशुधन की हानि या कोई अन्य नुकसान भी हुआ है, उसकी भरपाई भी सरकार करेगी।

मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील की कि वे उपायुक्त कार्यालय में जाकर अपने नुकसान के संबंध में आवेदन करें, ताकि जल्द से जल्द मुआवजे का पैसा उनके खातों में डाला जा सके। किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा आज पंचकूला जिले के सुखदर्शनपुर गांव में स्थित श्री माधव गोशाला में श्री राधा कृष्ण मंदिर के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने गोशाला परिसर में बने श्री राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण कर पूजा-अर्चना की और पौधरोपण कर गो माता को चारा भी खिलाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने कोष से 21 लाख रुपए तथा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी अपनी ओर से 11-11 लाख रुपए माधव गोशाला को देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्री राधा कृष्ण का यह मंदिर भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक ऐसा प्रदेश है जहां गोमाता को मां के समान पूजा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गो संरक्षण को प्राथमिकता दी है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री संपूर्णानंद जी महाराज, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पंजाब के पूर्व मंत्री मनप्रीत बादल, श्रवण गर्ग आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

इंजीनियरिंग कॉलेज में की जाए फैकल्टी की तैनाती: सीएम धामी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किए जाने के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किए जाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, योग्य फैकल्टी, आधुनिक लैब और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उद्योग जगत की मांग के अनुसार उन्हें विभिन्न ट्रेड में दक्ष बनाया जाए। राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किए जाने के संबंध में मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान ये निर्देश सीएम धामी ने अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी इंजीनियरिंग कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं, हॉस्टल और बाउंड्री वॉल की व्यवस्था के साथ ही बेहतर सड़क कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी इंजीनियरिंग कॉलेज में तय मानकों के अनुसार फैकल्टी की तैनाती की जाए। इंजीनियरिंग कॉलेजों में भर्ती प्रक्रिया के लिए बनाई गई व्यवस्था के अनुसार भर्तियां न होने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। इंजीनियरिंग संस्थानों में छात्र पंजीकरण की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र पंजीकरण बढ़ाने के साथ ही सभी ट्रेड में अच्छे पाठ्यक्रम के साथ ही नवीनतम तकनीक पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को कैम्पस से ही प्लेसमेंट के लिए भी अच्छी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग संस्थान का संचालन के लिए पिथौरागढ़ के मड़धुरा में बने भवन में कक्षाओं के संचालन न होने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जांच की जाए कि इंजीनियरिंग संस्थान के लिए जगह का चयन किसके द्वारा किया गया था, यह जगह उपयुक्त थी या नहीं। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, कुलपति माधो सिंह भंडारी तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, अपर सचिव स्वाति भदोरिया आदि उपस्थित थे।

यूटी सचिवालय में हुई परामर्श बैठक

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की सदस्य सुश्री प्रीति भारद्वाज दलाल ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का आधिकारिक दौरा किया। उनके साथ उनके सलाहकारों की टीम थी, जिसमें संदीप चौधरी, सुश्री स्वर्णिमा पांडे और सुश्री रितु टंडन शामिल थीं।

चंडीगढ़ में बाल अधिकार और कल्याण संबंधी पहलों के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए परामर्श बैठक बुलाई गई थी। बैठक चंडीगढ़ के सेक्टर-9 स्थित यूटी सचिवालय में बुलाई गई थी, जिसमें सीसीपीसीआर की अध्यक्ष सुश्री शिप्रा बंसल, समाज कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. पालिका अरोड़ा, स्कूल और उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य के निदेशक, डीएसपी, सहायक श्रम आयुक्त, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य और यूटी प्रशासन के अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रीति भारद्वाज दलाल ने बाल संरक्षण तंत्र और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच अभिसरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बाल कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल श्रम रोकथाम, किशोर न्याय और बच्चों को दुर्व्यवहार, शोषण और बाल विवाह से बचाने से संबंधित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा, उन्होंने बच्चों, अभिभावकों आदि के बीच ई-बॉक्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया।

महेश जोशी बने रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महेंद्रगढ़ के महेश जोशी को हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव के पद पर तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया है। महेश जोशी ने हरियाणा रेडक्रॉस राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ का पदभार संभाल लिया है। राज्य संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा द्वारा उनके राज्य मुख्यालय पहुंचने पर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। महेश जोशी पिछले लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए है। महेश जोशी ने राज्य महासचिव का पदभार संभालने के बाद कहा कि रेडक्रॉस संस्था एक सामाजिक संगठन है जो कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस की गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाकर सामाजिक क्षेत्र में और अधिक क्रियान्वित करेंगे। रेडक्रॉस के सभी कार्यों का पारदर्शिता एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया जाएगा। इस अवसर पर चंडीगढ संगीत नाटक अकादमी के चेयरमैन सुदेश शर्मा, एडवोकेट पुनीत वर्मा, नवीन मिश्रा, बलवान सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रविंद्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी रोहित शर्मा, राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान, प्रचार अधिकारी विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

पंजाब सरकार के बनाए नियम 7 (4) को उच्च न्यायालय ने किया रद्द

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

उच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन आरटीई 2009, अधिनियम (शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009) के अनुसार, पंजाब सरकार और निजी स्कूल गरीब और कमजोर वर्गों के छात्रों को 25 प्रतिशत प्रवेश नहीं दे रहे हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत, जो एक अप्रैल, 2010 से पूरे भारत में लागू हुआ, निजी स्कूलों को प्री-नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाओं में गरीब और वंचित समूहों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना आवश्यक है।

पंजाब सरकार द्वारा 2011 में बनाए गए पंजाब आरटीई नियमों में असंवैधानिक नियम 7 (4) के कारण, यह कानून पंजाब में कभी लागू नहीं हुआ। इसके कारण 2010 से 2025 तक करीब 10 लाख गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ा।

18 जनवरी 2024 को कुछ जागरूक और सजग नागरिकों द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए, उच्च न्यायालय ने 19 फरवरी 2025 को एक ऐतिहासिक फैसले में पंजाब सरकार द्वारा बनाए गए नियम 7 (4) को रद्द कर दिया और इसे आरटीई अधिनियम 2009 की भावना और उद्देश्य के खिलाफ घोषित किया। हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को सत्र 2025-26 के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का आदेश दिया। परिणामस्वरूप, पंजाब मंत्रिमंडल ने नियम 7(4) को निरस्त कर दिया और पंजाब सरकार ने 21 मार्च 2025 को डीपीआई (प्राइमरी), पंजाब और जिला शिक्षा अधिकारियों को दाखिलों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए।

सेंट पीटर्स बेसेलिका में पोप फ्रांसिस की पार्थिव देह का बुधवार से कर सकेंगे अंतिम दर्शन

वेटिकन सिटी। उच्चस्तरीय पादरियों ने फैसला किया कि सेंट पीटर्स बेसेलिका में पोप फ्रांसिस की पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए बुधवार सुबह रखा जाएगा। इससे पहले उनकी पार्थिव देह को वेटिकन होटल से लाया गया जहां वह रहते थे। धार्मिक अनुष्ठानों के संचालक, आर्कबिशप डिएगो रवेली ने कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स के आदेश के तहत पोप की अंतिम यात्रा के लिए निर्देश जारी किए। कॉलेज ऑफ कार्डिनल्स ने फ्रांसिस के निधन के बाद पहला निर्णय लेने के लिए मंगलवार को बैठक की। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए शनिवार सुबह 10 बजे का समय तय किया गया है। (अनंत ज्ञान)

दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सुबह गर्मी के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 59 प्रतिशत रहा। दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 227 दर्ज किया गया जो 'खराब' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

ईडी ने अभिनेता महेश बाबू को किया तलब

हैदराबाद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए तेलुगू अभिनेता महेश बाबू को तलब किया है। सूत्रों ने बताया कि बाबू को 28 अप्रैल को संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होकर धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया है। यह मामला वेंगल राव नगर स्थित एक प्रमुख रियल एस्टेट फर्म साई सूर्या डेवलपर्स, सुराना ग्रुप और कुछ अन्य से जुड़ा है। इस मामले में 16 अप्रैल को सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और बोवेनपल्ली स्थित परिसरों में तलाशी ली थी। (अनंत ज्ञान)

मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से प्रीपाक (प्रो) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इंफाल ईस्ट जिले के सागोलमांग थाना क्षेत्र के तहत नगखारपात एंडवेंचर खारोक इलाके से प्रीपाक (प्रो) के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान नोंगथोम्बम माइनगौ सिंह (33), नोंगथोम्बम मोहन सिंह (45) और केशम साना लैमा उर्फ तमफासना उर्फ लिंगजेल (40) के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

देश-विदेश

संसद सर्वोच्च, उसके ऊपर कोई संस्था नहीं : धनखड़

कहा- सांसद ही संविधान के मालिक, वही तय करेंगे यह कैसा होगा

एजेंसी, नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संसद सर्वोच्च है और उसके ऊपर कोई संस्था (अथॉरिटी) नहीं हो सकती है। संविधान में सांसद ही अंतिम मालिक है। चुने हुए प्रतिनिधि (सांसद) ही यह तय करेंगे कि संविधान कैसा होगा। उनके ऊपर कोई और सत्ता नहीं हो सकती।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में धनखड़ ने कहा कि एक प्रधानमंत्री ने आपातकाल लगाया था, उन्हें 1977 में जवाबदेह ठहराया गया था। इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि संविधान जनता के लिए है और यह उन्हें सुरक्षित रखने का दस्तावेज है। संविधान में कहीं नहीं कहा गया है कि संसद से ऊपर कोई और संस्था है।

दरअसल, 5 दिन पहले ही 17 अप्रैल को धनखड़ ने कहा था कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों से मांगी माफी

मुंबई। सोशल मीडिया की बहस में ब्राह्मणों पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर आखिरकार फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने माफी मांग ली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे भविष्य में कभी ऐसे शब्द नहीं कहेंगे। दरअसल, समाज सुधारक ज्योतिबा फुले पर बनी फिल्म से जुड़े विवाद में कश्यप ने ब्राह्मणों के बारे में अपमानजनक बात कही थी।

इनके बयान के बाद दिल्ली, मुंबई, इंदौर और जयपुर समेत कई शहरों में शिकायतें दर्ज हुई थीं। कश्यप ने माफी मांगते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं गुस्से में किसी एक को जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मेरा परिवार मुझसे आहत है। (अनंत ज्ञान)

दिल्ली में वक्फ कानून के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी, नई दिल्ली

नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने दिल्ली में प्रदर्शन किया। वक्फ बचाव अभियान के तहत तालकटोरा स्टेडियम में 'तहफ्फुज-ए-औकाफ कारवां' (वक्फ की हिफाजत) नाम से आयोजन हुआ है। इस प्रदर्शन में जमात-ए-इस्लामी हिंद समेत देशभर के मुस्लिम संगठनों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि पहुंचे हैं।

असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हुए हैं। बैठक में वक्फ कानून के खिलाफ आगे की कानून लड़ाई लड़ने को लेकर चर्चा हो रही है। सुबह 10 बजे से शुरू हुई बैठक करीब 2 बजे तक चली। वक्फ बचाव अभियान का पहला फेज 11 अप्रैल से शुरू हुआ, जो 7 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे, जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

केरल राज्यपाल के खिलाफ लंबित विधेयकों को लेकर याचिका दायर, छह मई को सुनवाई

एजेंसी, नई दिल्ली

तमिलनाडु के बाद अब विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर केरल के राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार की इस याचिका पर छह मई को सुनवाई करेगा। केरल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह तमिलनाडु मामले में एक अन्य पीठ के फैसले का अवलोकन करेगा। इस फैसले में राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए विधेयकों को मंजूरी देने की समयसीमा तय की गई है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता केके वेणुगोपाल की दलील पर गौर किया कि तमिलनाडु की याचिका पर एक अन्य पीठ के फैसले में वर्तमान याचिका में उठाए गए मुद्दे शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

सुप्रीम कोर्ट ने वकील पर लगाया जुर्माना, कहा- आपने माहौल किया खराब

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका में मांगी गई राहत की प्रकृति को लेकर नाराजगी जताते हुए मंगलवार को एक वकील पर याचिकाकर्ता के रूप में याचिका दायर करने के लिए 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया और कहा कि उसने 'अदालत का माहौल खराब कर दिया'। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने वकील संदीप टोडी को चार सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के खातों में राशि जमा करने को कहा और यह पता लगाने के लिए छह सप्ताह बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया कि क्या पैसा जमा किया गया था। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि आपने इस अदालत का माहौल खराब कर दिया है। कोई भी विवेकशील वकील संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी तुच्छ याचिका दायर नहीं करेगा। (अनंत ज्ञान)

मानहानि मामले में जुर्माने पर रोक के लिए सत्र अदालत में जाएं

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर से कहा कि वह दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दायर मानहानि मामले में उन्हें (पाटकर को) सुनाई गई एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा को स्थगित करने की अनुमति के लिए सत्र अदालत जाएं। सक्सेना ने 23 साल पहले यह मामला दायर किया था, जब वह गुजरात में एक एनजीओ के प्रमुख थे। (अनंत ज्ञान)

विकसित भारत केवल सपना नहीं एक साझा राष्ट्रीय मिशन: वित्त मंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली

2047 तक भारत को विकसित बनाने की यात्रा केवल एक आकांक्षा या सपना नहीं है, बल्कि एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। यह बात वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि अगले दो दशक में सतत वृद्धि के लिए भारत की कोशिशें एक नए आदर्श पर टिकी हैं। यह साहसिक सुधारों, बढ़ी हुई घरेलू क्षमताओं और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल रणनीतिक संस्थागत सहयोग पर आधारित है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दो केंद्रीय बजटों ने सभी क्षेत्रों में एक स्पष्ट नीति और एजेंडे के साथ बदलाव का आधार तैयार किया है। वित्त मंत्री के अनुसार, पिछले दशक में सरकार ने संरचनात्मक सुधार किए हैं। 20,000 से अधिक नियमों को युक्तिसंगत बनाया गया है। व्यापार से जुड़े कानूनों को अपराधमुक्त किया है और टकराव को कम करने के लिए, सार्वजनिक सेवाओं को डिजिटलीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास पर महत्वपूर्ण जोर देने से पिछले 10 वर्षों में निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है और विनिर्माण आधारित विकास के लिए मजबूत आधार तैयार हुआ। (अनंत ज्ञान)

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 187 अंक चढ़कर 79,596 पर बंद

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 187 अंक चढ़कर 79,596 पर बंद हुआ। निफ्टी में 42 अंक की तेजी रही, यह 24,167 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी रही।

आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और जोमैटो में 2.50 फीसदी तक चढ़कर बंद हुए। इंडसइंड बैंक का शेयर 4.73 फीसदी गिरा। वहीं, पावर ग्रिड, एयरटेल, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व और अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में 2.3 फीसदी तक गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 गिरकर बंद हुए। हालांकि, एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेस में रियल्टी में 2.42 फीसदी, एफएमसीजी में 1.89 फीसदी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.50 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर में 0.80 फीसदी और सरकारी बैंक में 0.75 फीसदी की तेजी रही। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई और कोरिया के कोस्पी में मामूली गिरावट रही। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 फीसदी चढ़कर 3300 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.78 फीसदी चढ़कर 21,562 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने परिवार के साथ किया आमेर किले का भ्रमण

जयपुर। चार दिवसीय भारत दौरे पर आए संयुक्त राज्य अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मंगलवार सुबह अपने परिवार के साथ जयपुर के ऐतिहासिक आमेर किले पहुंचे। वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा वेंस, बेटे विवेक, इवान और बेटी मीराबेल भी मौजूद रहे। आमेर किले के जलेब चौक में हथिनियां पुष्पा और चंदा ने पारंपरिक शैली में उनका स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने किया ट्रंप प्रशासन के खिलाफ केस

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

यूनिवर्सिटी ने आरोप लगाया कि ट्रंप सरकार यूनिवर्सिटी पर राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है।

हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। दरअसल ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड की 2.2 अरब डॉलर फंडिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही विश्वविद्यालय से यह भी मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। (अनंत ज्ञान)

आईपीएल-18 रिकॉर्ड

ऑरेंज कैप
साई सुदर्शन
417

पर्पल कैप
प्रसिद्ध कृष्णा
16

सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
31

अंक तालिका

क्रमांक	टीम	मैच	जीत	हार	अंक
1.	गुजरात	08	06	02	12
2.	दिल्ली	07	05	02	10
3.	बेंगलुरु	08	05	03	10
4.	पंजाब	08	05	03	10
5.	लखनऊ	08	05	03	10
6.	मुंबई	08	04	04	08
7.	कोलकाता	07	03	05	06
8.	राजस्थान	08	02	06	04
9.	हैदराबाद	07	02	05	04
10.	चेन्नई	08	02	06	04

स्पोर्ट्स विंडो

विश्व कप निशानेबाजी में भारत तृतीय

एजेंसी, लीमा (पेरू)। भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही। सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया, लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची। (अनंत ज्ञान)

रसेल की पत्नी जैसिम हॉट का स्टाइल

वेस्टइंडीज। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार क्रिकेटर आंद्रे रसेल को फैंस काफी पसंद करते हैं, लेकिन रसेल की पत्नी जैसिम लॉरा भी काफी खूबसूरत और हॉट हैं। जैसिम को शॉपिंग, ट्रैवलिंग और पार्टी करना बेहद पसंद है। लॉरा के इंस्टाग्राम पर लगभग 4 लाख फॉलोअर्स हैं।

सिवाच एशियाई अंडर-15 व अंडर-17 चैंपियनशिप के अगले दौर में

एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)। भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर कड़े संघर्ष में जीत हासिल की। पुरुषों के अंडर-17 के 63 किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया। पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है। पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि, कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए। (अनंत ज्ञान)

आईपीएल सात मैचों में दो जीत के बाद सनराइजर्स की स्थिति बिलकुल अच्छी नहीं

खराब फॉर्म से जूझ रही सनराइजर्स का सामना आज मुंबई से

एजेंसी, हैदराबाद

खराब फॉर्म से जूझ रही सनराइजर्स हैदराबाद अपने घरेलू मैदान पर बुधवार को आईपीएल के मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा, जबकि खोई लय हासिल करने की राह पर अग्रसर मुंबई जीत का सिलसिला कायम रखना चाहेगी। सात मैचों में दो जीत के बाद सनराइजर्स की स्थिति अच्छी नहीं है। उसके स्टार बल्लेबाजों ने उसे निराश किया, जबकि गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर सके हैं।

सनराइजर्स को धीमी और टर्निंग पिचों पर दिक्कतें आई है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम दो घरेलू मैच भी हार चुकी है। वानखेड़े स्टेडियम की पेचीदा पिच पर मुंबई ने उसे चार विकेट से हराया और इसी मैच में चुनौतीपूर्ण हालात के सामने उसकी कमजोरियों की कलई खुल गई।

सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने सपाट विकेटों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अनुकूल पिच पर खेलने से उनके सामने खोई लय हासिल करने का सुनहरा मौका है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी का दारोमदार उसकी सलामी जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड पर होगा। हेड के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव चिंता का सबब है। सनराइजर्स को अपने इस आस्ट्रेलियाई स्टार से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, क्योंकि इस मैच में हार से टीम की स्थिति खराब हो जाएगी। पावरप्ले में उनका कामयाब रहना टीम के लिए बहुत जरूरी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सनराइजर्स ने 24 में से 10 मैच जीते और 14 गंवाए हैं।

वहीं मुंबई इंडियंस के लिए अपने मैदान से बाहर खुद को आजमाने का और लय बनाए रखने का यह सुनहरा मौका है । उसे रविवार को फिर अपने मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलना है। मुंबई लगातार तीन जीत के साथ आईपीएल में निराशाजनक शुरुआत से उबर रही है। पांच बार की चैंपियन टीम ने बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर चेन्नई सुपर किंग्स को नौ विकेट से हराया। मुंबई ने 180 के आसपास का लक्ष्य चार ओवर से अधिक बाकी रहते हासिल कर लिया।

रोहित शर्मा नाबाद 76 रन बनाकर फॉर्म में लौटे, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 68 रन की नाबाद पारी खेली। तिलक वर्मा को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन वह बेहतरीन फॉर्म में हैं, जबकि नमन धीर ने भी दर्शनीय पारियां खेली हैं। जसप्रीत बुमराह अपने चिर परिचित रंग में नहीं दिखे हैं। वह उतने विकेट नहीं ले पाये लेकिन लाइन और लैंग्थ हासिल कर ली है जो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के लिए चेतावनी हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

मैच : शाम 7.30 बजे से

संभावित टीमें

मुंबई इंडियंस: हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

सनराइजर्स हैदराबाद: पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

घरेलू हिंसा के लिए स्लेटर को जेल

सजा भुगत चुके होने के कारण रहेंगे बाहर

एजेंसी, सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से कमेंटेटर बने माइकल स्लेटर को घरेलू हिंसा समेत कई मामलों में चार साल की जेल की सजा सुनाई गई है, लेकिन एक साल से अधिक की सजा भुगत चुके होने के कारण उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। एबीसी स्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार जेल में रहने के कारण उनकी सजा आंशिक रूप से निलंबित कर दी गई है।

55 वर्षीय स्लेटर पर घरेलू हिंसा, अवैध रूप से पीछा करने या धमकाने, रात में घर में घुसने, सामान्य हमला, शारीरिक क्षति पहुंचाने के लिए हमला और गला घोंटने या दम घुटने सहित एक दर्जन से अधिक अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि शराब के नशे में वह बार बार अपराध दोहरा रहा था जिससे उसका व्यवहार और भी अनिश्चित हो गया।

रिपोर्ट में कहा गया,''अदालत ने सुना कि स्लेटर ने खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी, क्योंकि उसने पीड़िता को उत्पीड़न की रिपोर्ट न करने की चेतावनी दी थी और वह स्लेटर के व्यवहार से बेहद भयभीत महसूस कर रही थी।'' पीड़िता की पहचान रिपोर्ट में नहीं बताई गई है, लेकिन कहा गया है कि वह क्वींसलैंड के नूसा इलाके की थी और 2023 से यह सब सहन कर रही थी। आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने 1993 से 2003 के बीच 74 टेस्ट और 42 वनडे खेले हैं। (अनंत ज्ञान)

मार्करम और मार्श ने लखनऊ के गेंदबाजों को खूब धोया

एजेंसी, लखनऊ

आईपीएल का 40वा मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने मोहित शर्मा की जगह दुष्मंथा चमीरा को मौका दिया है। पहले बल्लेबाजी करने आए लखनऊ के ओपनर बल्लेबाज एडेन मार्करम और मिचेल मार्श ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के गेंदों की खूब धुलाई की। ऐडन मार्करम ने 30 गेंद पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने 9वें ओवर की आखिरी गेंद पर मिचेल स्टार्क के खिलाफ 2 रन लिए और हॉफ सेंचुरी पूरी कर ली। मार्करम ने 33 गेंदों में 52 रन बनाए और स्टब्स के हाथों कैच दे बैठे। उसके बाद निकोलर पूरन बल्लेबाजी करने आए और मात्र 5 गेंदों में 9 रन बनाए, स्टार्क ने उन्हें बोल्ड किया। अब्दुल समाद भी कुछ खास नहीं कर पाए और 2 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक लखनऊ ने 14 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 108 रन बना लिए थे। मिचेल मार्श (42) रन पर खेल रहे थे और उनका साथ डेविड मिलर दे रहे थे।

शॉट खेलता एडेन मार्करम।

मैच में कमेंट्री नहीं करने पर भोगले बोले- यह मेरे **रोस्टर** में नहीं था

एजेंसी, नई दिल्ली

मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि उन्हें बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की शिकायत के कारण सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए आईपीएल मैच से दूर रखा गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें कोलकाता में केवल दो मैचों के लिए पैनल में शामिल किया गया था, जो खत्म हो चुके हैं।

उनका यह स्पष्टीकरण सीएबी के सचिव नरेश ओझा द्वारा लगभग 10 दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को भेजे गए पत्र के मीडिया रिपोर्टों में सामने आने के एक दिन बाद आया है। पत्र में सीएबी ने भोगले और न्यूजीलैंड के साइमन डूल को कोलकाता में मैचों के लिए कमेंट्री पैनल से हटाने के लिए कहा, क्योंकि इन दोनों ने कहा था कि ईडन गार्डंस की पिच स्थानीय फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स की मदद नहीं कर रही थी।

भोगले ने एक्स पर पोस्ट किया, ''इसको लेकर कुछ अनुचित निष्कर्ष निकाले जा रहे हैं कि मैं कल के मैच में के लिए कोलकाता में क्यों नहीं था। सीधे शब्दों में कहें तो, यह उन मैचों की सूची में नहीं था जिनमें मुझे कमेंट्री करनी थी।'' उन्होंने कहा, ''मुझसे पूछने से समस्या का समाधान हो जाता। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही रोस्टर तैयार कर लिया जाता है। मुझे कोलकाता में दो मैचों के लिए चुना गया था। मैं पहले मैच के लिए वहां था और परिवार के सदस्य की बीमारी के कारण दूसरे मैच के लिए नहीं पहुंच पाया था।''

केकेआर को सोमवार को ईडन गार्डंस में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस से 39 रन से हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित दोनों ने अपने घरेलू मैदान पर स्पिनरों के अनुकूल पिच नहीं मिलने पर निराशा व्यक्त की थी। (अनंत ज्ञान)

मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगी: कुजूर

एजेंसी, पर्थ

जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं।

भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार 23 साल की कुजूर ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर कहा, ''मैं उनकी शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे अब खेलने का मौका दिया है, इसलिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दो साल पहले मैं सीनियर टीम के शिविर में थी, लेकिन तब मुझे टीम में जगह नहीं मिली थी। अब मुझे मौका दिया गया है और मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश करूंगी कि मैं इसका अधिक से अधिक फायदा उठाऊं।''

कुजूर ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरु स्थित परिसर में सीनियर टीम के साथ अभ्यास कर रही थी। उन्होंने कहा, ''सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करना शानदार अनुभव रहा। मैं उनसे बहुत कुछ सीख रही हूं और आगे उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं। सभी ने एक-दूसरे के साथ अभ्यास का आनंद लिया है और अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का समय आ गया है।''

कुजूर ने कहा, ''सीनियर खिलाड़ी वास्तव में मददगार हैं, विशेषकर सुशीला दी (सुशीला चानू) जिन्होंने शिविर के दौरान मेरा बहुत समर्थन किया। जब भी मैं कोई गलती करती हूं तो वह मुझे बताती हैं। उन्होंने मुझे सिखाया कि अपने मजबूत पक्ष के साथ कैसे खेलना है।'' (अनंत ज्ञान)

100वें टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच

एजेंसी, मैड्रिड

पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं।

मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है। जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। (अनंत ज्ञान)

स्वीकारोक्ति गुजरात टाइटंस के खिलाफ घरेलू मैच के लिए किए गए बदलाव हमारे लिए नहीं थे प्रभावी

केकेआर को एक जैसी विफलता का करना पड़ रहा सामना: मोर्गन

एजेंसी, कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि मौजूदा चैंपियन टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में बल्लेबाजी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है और गुजरात टाइटंस के खिलाफ घरेलू मैच के लिए किए गए बदलाव प्रभावी नहीं थे। केकेआर की सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस से 39 रन से हार टूर्नामेंट में उसकी लगातार दूसरी, पिछले पांच मैचों में तीसरी और आठ मैचों में कुल पांचवीं हार थी। तीन बार के चैंपियन केकेआर को अपने घरेलू मैदान पर भी संघर्ष करना पड़ रहा है। उसने ईडन गार्डंस में चार में से तीन मैच गंवाए हैं।

मोर्गन ने कहा, ''कोलकाता नाइट राइडर्स ने उतनी अच्छी तरह से वापसी नहीं की है जितनी हम चाहते थे। उसके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं जो एक मजबूत टीम के लिए बहुत अच्छा संकेत होता है लेकिन उसे पूरे टूर्नामेंट में एक जैसी विफलता का सामना करना पड़ा है।'' उन्होंने कहा, ''गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने विशेष कर अपनी बल्लेबाजी में कुछ बदलाव किए जो मेरी नजर में जरूरी नहीं थे। अगर वह आराम से बैठकर इस पर मनन करेंगे तो उनका जवाब भी ना होगा।''

इस बीच भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने पारंपरिक शैली में खेलने के लिए गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन की प्रशंसा की, जिन्होंने केकेआर के खिलाफ इस मैच में में 36 गेंदों में 52 रन बनाकर वर्तमान टूर्नामेंट में अपनी रन संख्या को 400 के पार पहुंचाया। रायुडू ने कहा, ''उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देख कर बहुत खुशी मिलती है। एक कलात्मक बल्लेबाज के रूप में वह दिखाते हैं कि खेल को अब भी परंपरागत शैली में खेला जा सकता है। वह स्मार्ट क्रिकेट खेलते हैं जिससे रन बनते हैं और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।'' (अनंत ज्ञान)

ब्रावो बोले- केकेआर के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास हुआ कम

एजेंसी, कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर (मार्गदर्शक) ड्वेन ब्रावो ने इस सत्र में आठ आईपीएल मैचों में फ्रेंचाइजी की पांचवीं हार के बाद स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी है, लेकिन उन्होंने टीम की इस स्थिति के लिए ईडन गार्डंस की बहुचर्चित पिच को दोष देने से इनकार कर दिया। केकेआर को सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के हाथों 39 रन से हार का सामना करना पड़ा। ब्रावो ने मैच के बाद मीडिया से बातचीत में ड्रेसिंग रूम के माहौल के बारे में बताते हुए कहा, ''आईपीएल एक कड़ा टूर्नामेंट है और जब आप अच्छी शुरुआत नहीं करते हैं, तो आप जानते हैं कि बल्लेबाज ऐसे दौर में चले जाते हैं, जहां उनका आत्मविश्वास डिग जाता है।'' उन्होंने कहा, ''इस समय यही हो रहा है, इसलिए जैसा कि मैंने कहा, हमें बस उनका समर्थन करते रहना होगा और उम्मीद है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारे बल्लेबाजों में अभी आत्मविश्वास की कमी है जिसके कारण वह रन नहीं बना पा रहे हैं।'' ब्रावो ने कहा, ''अच्छी फॉर्म आत्मविश्वास लाती है। और ईमानदारी से कहें तो इस समय हमारे पास वह आत्मविश्वास नहीं है।'' ईडन गार्डंस की पिच इस सत्र में सुर्खियों में रही है, क्योंकि घरेलू टीम केकेआर को इससे मदद नहीं मिल रही है लेकिन ब्रावो ने पिच को दोष देने से परहेज किया। उन्होंने कहा, ''विकेट में कुछ भी गड़बड़ नहीं है। मैं यहां विकेट के बारे में बात करने नहीं आया हूं। मुझे लगता है कि दोनों टीमें एक ही विकेट पर खेलती हैं। हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। उन्होंने हमसे बेहतर खेल दिखाया।'' (अनंत ज्ञान)